e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 177
रविवार
30.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जब रेस लम्बी हो, तो यह मायने नहीं कि कौन कितनी तेज भाग रहा है, मायने यह रखता है कि कौन कितनी देर तक भाग सकता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## 1 जुलाई 2024 से देश में लागू होने वाले नए कानूनी प्रावधानों को जानें

## सजग नागरिक बनें

# न्याय की नई परिभाषा



**श्री चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड



आप कहीं से भी किसी भी थाने में जाकर FIR दर्ज करवा सकते हैं, वहां से संबंधित थाने में इसे भेज दिया जाएगा। **आप ऑनलाइन या ई-मेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं।**

प्राथमिकी के बाद **अनुसंधान में क्या प्रगति हुई है, इसकी जानकारी जांच अधिकारी को पीड़ित या सूचक को देनी होगी।** पहले थाने में जाकर जानकारी लेनी पड़ती थी।

**संगठित अपराध, झपटमारी और मॉब लिंचिंग को भी नए अपराध में शामिल किया गया है।** छोटे अपराधों के लिए सीधे जेल की जगह आरोपी से सामाजिक/सामुदायिक सेवा करने का भी दण्ड दिया जा सकता है।

पहले जहां अपराध के बाद केवल दण्ड आधारित न्याय व्यवस्था थी, वहीं **अब दण्ड की जगह न्याय व्यवस्था पर जोर है** यानी दण्ड ही केवल ना हो, यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो कि पीड़ित को न्याय भी मिले।

18 साल से कम आयु की महिला के साथ **सामुहिक दुष्कर्म के अपराधियों को मृत्युदण्ड भी दिया जा सकता है।** जबकि 18 साल से अधिक आयु की महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म के अपराधियों को 20 साल से आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है।

नए कानूनी प्रावधानों के अनुसार, **महिला से विवाह करने के झूठे वचन देकर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी के लिए अब 10 वर्ष तक की सजा है।** दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट अब चिकित्सक को 7 दिन के भीतर देने होंगे।

नए कानूनी प्रावधानों में बालक (child) को परिभाषित किया गया है जो IPC में नहीं था। **महिला एवं बालकों के विरुद्ध अपराध को लिंग तटस्थ (Gender Neutral) बना दिया गया है, इसमें उभयलिंगी (Transgender) को भी सम्मलित किया गया है।**

इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, **इसमें ऑडियो-वीडियो संसाधनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।**

समन, तामिला का सबूत, दस्तावेजी समन के लिए इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का प्रयोग एवं **साक्ष्य केवल लिखित नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे: ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर रखा जा सकेगा।**

तलाशी या जब्ती की प्रक्रिया में **ऑडियो-वीडियो संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख या रिकॉर्ड को विधिक दस्तावेज के रूप में मान्यता होगी।

फोरेंसिक जांचकर्ता को **अपराध स्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने की बाध्यता होगी।** चिकित्सक अभियुक्त का जैविक परीक्षण कर चिकित्सीय साक्ष्य एकत्रित करेंगे।

नए कानूनी प्रावधानों के तहत अब **कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया सम्पन्न करने की व्यवस्था है।**

**आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) लागू होंगे... ये कानून भारतीय दंड संहिता (IPC), दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू होंगे।**

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

PR NO-328214 (IPRD) 24-25

# विधायक के भाई के कंस्ट्रक्शन कंपनी पर हमला करने वाले चार माओवादी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू में विधायक के भाई के कंस्ट्रक्शन कंपनी पर हमला करने वाले चार माओवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से माओवादी पर्चा भी बरामद हुआ है। विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह के कंस्ट्रक्शन कंपनी पर हमला करने वाले चार माओवादियों को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार माओवादी कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहे हैं. इनके पास से पुलिस ने माओवादी पर्चा भी बरामद किया है। दरअसल 26 जून को पलामू के हैदरनगर थाना क्षेत्र में रोड निर्माण स्थल पर माओवादियों ने हमला किया था और तीन वाहनों को फूंक दिया था. इस हमले का नेतृत्व 15 लाख के इनामी माओवादी नितेश यादव ने किया था. घटना के बाद पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था. सर्च अभियान के क्रम में पलामू पुलिस ने हमले के आरोपी मृत्युंजय यादव, सुरेश रजवार, बृजदेव रजवार और कामेंद्र राम को गिरफ्तार किया है. मृत्युंजय यादव हरिहरगंज थाना क्षेत्र के लंगूराही, सुरेश रजवार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बिलासपुर, ब्रिजदेव रजवार हैदरनगर थाना क्षेत्र के सरिया और कामेंद्र राम कमगारपुर का रहने वाला है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हमले के बाद एसआईटी का गठन किया गया था. एसआईटी ने सभी नक्सली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों में बृजदे रजवार और कामेंद्र राम माओवादियों के लिए पोस्टर भी लगाते थे।

**नितेश यादव के दस्ते ने लेवी के लिए किया था हमला**

26 जून को पलामू के हैदरनगर थाना क्षेत्र के सड़ेया में माओवादी नितेश यादव ने रोड निर्माण स्थल पर हमला किया था। रोड का निर्माण विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह की कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही थी. माओवादियों ने लेवी के लिए हमले को अंजाम दिया था। सर्च अभियान में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार, हुसैनाबाद इंस्पेक्टर आशुतोष प्रताप नारायण, हुसैनाबाद थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजाल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी, दंगवार पिकेट प्रभारी संजय यादव शामिल थे।

# अर्घ्य देने में नहीं होगी कोई दिक्कत, विधायक ने किया छठ घाट व तालाब सुंदरीकरण का उद्घाटन

**114.37 करोड़ की लागत से बनेगी डाल्टनगंज से सेमरा माइंस तक 16 किमी लंबी डबल लेन सड़क**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर बाजार स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में विधायक आलोक चौरसिया ने 1 करोड़ 74 लाख की लागत से छठ घाट व तालाब सुंदरीकरण का इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़ कर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि संस्कृति बची रहेगी तो समृद्धि स्वतः आती रहेगी। छठ पूजा सनातन संस्कृति की बहुआयामी दर्पण है। उन्होंने कहा कि छठ घाट का निर्माण कार्य हो जानें से अब छठ व्रतियों को छठ पूजा करने में सहूलियत होगी,काफी दिनों से आसपास के लोगों के द्वारा इसकी मांग की जा रही थी। जनहित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस कार्य की स्वीकृति प्रदान की।मौके पर प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, समाजसेवी दिनेश कमलापुरी, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता, महामंत्री रूपेश कमलापुरी, बुलबुल तिवारी, मिथलेश कमलापुरी, चंदू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थें। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा की आने वाले 2 से 3 महीने में जो सड़क अधूरे पड़े हैं या जर्जर है उन्हें दुरुस्त करने का काम किया जाएगा और वहीं कहा कि डाल्टनगंज आरओबी से सेमरा माइंस तक 114.37, 22500 की लागत से डबल लेन सड़क का कार्य शुरू किया जाएगा। जल्द ही क्षेत्र वासियों को एक सुंदर स्वच्छ और चौड़ी सड़क का सौगात विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा क्षेत्रवासियों को समर्पित किया जाएगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा भूमि व राजस्व मामलो से संबंधित विशेष लोक अदालत का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अंचल कार्यालय के परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा भूमि व राजस्व मामलो से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। विशेष लोक अदालत में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 64 मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। प्राप्त आवेदनों में ऑनलाइन नामांतरण के तीन आवेदन, उत्तराधिकार नामांतरण के एक आवेदन, भु लगान व सीमांकन का एक-एक आवेदन, जमाबंदी अपग्रेडेशन के 10 आवेदन, भूमि विवाद से संबंधित एक मामला, प्रमाण पत्र के 61 मामले, अन्य चार मामले, कुल मिलाकर 82 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से जमाबंदी अपग्रेडेशन के 10 में से तीन मामलों का, प्रमाण पत्र के 61 आवेदन में से सभी का त्वरित निष्पादन सहित कुल 64 मामलों का निष्पादन किया गया। जब कि 18 मामले लंबित राह गए। मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता शीलवन्त कुमार भट्ट, अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, सीआई सह राजस्व कर्मचारी शम्भू रजक, जुगेश दास, प्रधान लिपिक प्रकाश कुमार, अजित कुमार, मुखिया मनोज ठाकुर, अजय गुप्ता, उषा देवी, सुरेश भंडारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर देव् कुमार, विद्या कुमार, लक्ष्मी सेठ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# झारखंडियों को अपना अधिकार दिलाने के लिए जारी रहेगा संघर्ष : जयराम महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के अंतर्गत लंगर कोट गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में शुक्रवार को जेबीकेएसएस के मुखिया टाइगर जयराम महतो को युवाओं ने भाव स्वागत किया यह कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमंडलीय संगठन मंत्री सोनू कुमार पटेल ने की जबकि मंच संचालन संयुक्त रूप डॉ रामचन्द्र चौधरी ने किया टाइगर जयराम महतो का पलामू और गढ़वा दौरा का पहला कार्यक्रम था हुसैनाबाद में पहुंचकर शहर के दाता नगर सैकड़ो युवाओं के फूल माला से स्वागत किया और नारा लगाया देखो देखो कौन आया शेर आया शेर आया टाइगर जरा महतो जिंदाबाद के नारे उसके बाद शहर सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मालपान पर वही ग्राम नगरकोट के सभा को संबोधित किया टाइगर जयराम महतो ने कहा की पलामू गढ़वा के धरती को नमन करता हूं, यहां के लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया, उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं बल्कि झारखंड राज्य अलग होने के 24 वर्ष बाद भी झारखंडियों को अपना अधिकार एवं भाषा की जो पहचान नहीं मिली है उसे दिलाना हमारा प्रतिज्ञा है। उन्होंने कहा की झारखंड की खनिज संपदा से लेकर सभी जगह पर बहरियों का कब्जा है, झारखंड के राजनीतिक दिल्ली से तय की जाती है और यहां की जनता की जल जंगल जमीन पर बंगाल और अन्य राज्य की तिजोरी भरी जाती है, जयराम महतो दिखावा नहीं करना चाहता बल्कि मुझे सिर्फ झारखंड एवं झारखंडी जनमानस को जगाना है ताकि राज्य की एक अपनी पहचान मिले, यहां के युवाओं को राज्य में हिस्सेदारी, जयराम महतो जी का आना हुआ कि राजनीतिक पार्टियों में खलबली मौके पर प्रमंडलीय संगठन मंत्री सोनू कुमार पटेल डॉ रामचन्द्र चौधरी अंकित पासवान संगठन मंत्री प्रीति पासवान केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष आदित्य महासचिव दिलीप मेहता जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण राम महासचिव लकी पटेल संतोष पटेल सुमित पटेल बबलू पटेल पवन पटेल दिवाकर पटेल नीतीश पटेल पप्पू कुमार सिंह अजय चौधरी जितेंद्र चौधरी सुमन पटेल सुधीर चौधरी विरसा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर दीपक वर्मा उमेश चौधरी डॉक्टर अमरजीत यादव प्रमोद मेहता मनोज सिंह राहुल कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अंचल कार्यालय में लगा राजस्व शिविर



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल कार्यालय केतार अंतर्गत राजस्व शिविर में शनिवार को अंचल से संबंधित 65 आवेदन प्राप्त हुए। कर्मियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 59 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमे 26 भूमि प्रतिवेदन,10 जाति प्रमाण पत्र, 06 आय प्रमाण पत्र, 12 निवास प्रमाण पत्र, 03 भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र, एवं 02 म्युटेशन किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी सावित्री कुमारी, अंचल निरीक्षक नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश राम आदि उपस्थित थे।

# नामांकन मे अधिक राशि वसूली को लेकर छात्र-छात्राओं ने जमकर किया विरोध



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के हाई कुहकुह के सैकड़े छात्र -छात्राओं ने प्रधानाध्यापिका श्रीमति प्रणिता कुमारी के द्वारा नवीं कक्षा और दसवीं कक्षा के नामांकन मे सरकार के द्वारा निर्धारित राशि सेअधिक लेने की मामला प्रकाश मे आया है। छात्र आयुष कुमार, दीपक कुमार, आरती कुमारी, रीना कुमारी, अंजू कुमारी, रानी कुमारी, अनोखा कुमारी, प्रियंका कुमारी, संगीता कुमारी के आलावा सैकड़ों छात्र -छात्राओं ने प्रधानाध्यापिका प्रणिता कुमारी सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है कि हमलोगों से मनमानी रवैया अपनाकर 600 रु लिया जाता है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि परिचय पत्र मे 50 रू, टी सी काटने मे 100 रुपया और नावीं और दसवीं कक्षा की छात्र -छात्राओं से 600 रुपया नहीं देने पर प्रेटिकल की परीक्षा मे नंबर कम देने की बात कहा जाता है। छात्र -छात्राओं ने कहा कि विधालय से हेड मैडम कभी भी क्लास मे नहीं आते है जब हमलोग रसीद मांगते है। डाटकर भागा दिया जाता है। सभी छात्र -छात्राओं ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वसूली गई। अवैध राशि को वापस करने की मांग किया। मौके पर सलोनी कुमारी, इंदु कुमारी, रानी कुमारी, रिंकी कुमारी, आशा कुमारी, अमर कुमार, सिंटू कुमार, अंकित कुमार के आलावा सैकड़ों छात्र -छात्राओं मौजूद थे।

# डीएवी भवनाथपुर में जल शक्ति अभियान कार्यक्रम संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा निर्देशित जल शक्ति अभियान के तहत डीएवी विद्यालय भवनाथपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रभात फेरी कार्यक्रम, पेंटिंग कार्यक्रम तथा नाटक का आयोजन किया गया और लोगों को तथा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर वरीय शिक्षक श्री ओ पी सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता मार्च को रवाना किया गया। जबकि शिक्षक ब्रजेंद्र कुमार तथा संजय राय भट्ट के नेतृत्व में जागरूकता मार्च, पेंटिंग प्रतियोगिता और नाटक का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने जल संरक्षण करने, पौधा लगाने और पेड़ों को बचाने की शपथ ली।प्राचार्य श्री राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि जल संरक्षण अति आवश्यक है जो जीवन का आधार है और इसकी शुरुआत विद्यालय से ही होनी चाहिए क्योंकि जो यहां बच्चों को सिखाया जाएगा वही भविष्य में भी व्यवहारिक रूप लेगा।

# हथियार का भय दिखाकर स्वास्थ्यकर्मी से लूटी गई बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगरदाहा घाटी में बीते 18.06.24 को दो अपराधी ने लोकेया निवासी हैदर अली स्वास्थ्यकर्मी व्यक्ति के साथ लूट पाट की घटना को अंजाम दिया था। वहीं आज शनिवार को प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद ने कहा कि पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन के निर्देश पर चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर दो आरोपी को लूटे हुए बाइक और हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। छापामारी के दौरान गिरफ्तार आरोपी भट्ठी मोहल्ला निवासी राजा कुमार पिता स्व कामेश्वर रजक वहीं दूसरा बारालोटा निवासी अनुराग कुमार पिता अशोक राम दोनों आरोपी ने मंगरदाहा घाटी में मझिंगावा के लोकेया निवासी स्वास्थ्यकर्मी हैदर अली को पिस्टल और चाकू दिखाकर मोटरसाइकिल, मोबाइल, 1500 रुपए की लूट पाट की गई थीं, लूटा गया मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन विधिवत बरामद किया गया। इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद ने कहा कि दोनों आरोपी पर कार्रवाई करते हुए चैनपुर थाना कांड संख्या 126/24, धारा 392 के तहत दोनों अभियुक्तों को आज शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल अभियान में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा, उदीप कुमार बगवार, मोहम्मद शहंशाह आलम सिद्दीकी, रामचंद्र चौधरी, राकेश विश्वकर्मा सहित चैनपुर थाना रिज़र्व गार्ड शामिल थीं।

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत से कार्यकर्ताओं में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को जमानत मिलने की खुशी में झामुमो के नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा झामुमो के डॉ0 एजाज आलम के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। झामुमो के साथ सभी नेताओं ने जुलूस निकाला और बाजार भ्रमण किया, सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाए पटाखे फोड़े।ज्ञात हो झामुमो पलामू के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के जेल जाने के बाद से किसी भी पर्व को नहीं मनाया है, चाहे वो होली हो या दिवाली, साथ ही मुस्लिम नेताओं ने भी ईद को नहीं मनाया था, परंतु आज हेमंत सोरेन जी को जमानत मिलने के बाद झामुमो के कार्यकर्ताओं के बीच उत्सव का माहौल देखते ही बन रहा था। सबों ने आम जनता में मिठाई बांट हेमंत सोरेन जी के जमानत मिलने पर बधाई दी। नेतृत्वकर्ता डॉ एजाज आलम ने कहा आज झारखंड के शेर हेमंत सोरेन जी को पांच महीने के बाद न्याय मिला है, इससे झामुमो परिवार के साथ साथ पूरे झारखं /डवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जुलूस में एजज हुसैन उर्फ छेदी खान वरिष्ठ नेता झामुमो, नेहाल असगर, विवेकानन्द सिह, अशोक कुमार सिह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सोन नदी से दस दिनों के अन्दर जल आपूर्ति नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : घूरन राम

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर में पेय जल गम्भीर समस्या को देखतें हुवे पूर्व सांसद भाजपा नेता घूरन राम ने कहा कि अगर इस पर समाधान नही किया गया तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। पूर्व सांसद घुरन राम ने विजय तारा होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में स्थानीय पत्रकारों से बात करते हुए कहा की छतरपुर के लोग पेय जल की गम्भीर समस्या से जूझ रहे है पर विगत आठ वर्षो से सोन नदी,देवरी से पाइप लाइन के द्वारा आपूर्ति की जाने वाली योजना निर्माण में राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण अटका पड़ा है। उन्होंने कहा कि विभाग के सहायक अभियंता से बात कर उन्हे दस दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है अगर दस दिनों मे छतरपुर के घर-घर के में सोन की पानी नहीं पहुंची तो वे इसके लिए ग्यारह दिन से चरण वध आंदोलन किया जाएगा।

# पेनाल्टी शूटआउट में चितविश्राम की टीम ने 5-2 से किया जीत दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में दूसरे दिन चित्तविश्राम उच्च विद्यालय के प्रांगण में फाइनल मैच खेला गया। अंडर 17 वर्षीय बालक वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल नगर ऊंटा री तथा राजकीय कृत उच्च विद्यालय चितविश्राम के बीच फाइनल मैच हुआ, जिसमें कोई भी टीम मैदानी गोल नहीं कर पायी. पेनाल्टी शूटआउट में चितविश्राम की टीम ने 5-2 से जीत दर्ज किया। वही बालिका वर्ग अंडर 17 वर्षीय में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर ऊंटारी की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिपरडीह को ट्रायब्रेकर में ही 3-2 से पराजित किया। अंडर 15 वर्षीय बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिपरडीह ने उच्च विद्यालय चित्तविश्राम को 1-0 से पराजित किया। समापन समारोह के अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा की खेल जीवन का अंग होना चाहिये। जिससे हम शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं तथा अनुशासित बनते हैं। संसाधन सीमित है पर हौसला ऊंचा रखना है। झारखंड सरकार लगातार निचले स्तर से गांव में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिये प्रयासरत है .हमें इसका लाभ उठाना चाहिये। उन्होंने कहा कि विजेता खिलाड़ी पहले जिले में स्थान सुनिश्चित कर नगर का मान बढ़ायें, फिर प्रदेश में अपने विद्यालय को अंकित करायें. इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, अविनाश सहाय, कमलेश पांडेय, द्वारकानाथ पांडेय, संजय कुमार तथा खेल शिक्षक किशोर कुणाल, अनुज कुमार शुक्ला, विजयानंद तिवारी ,कलिंदर पटेल, अनुराग गिरी, अशोक कुमार यादव, लाल बहादुर सहित कई शिक्षक, खेल शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे। रेफरी की भूमिका विजयानंद तिवारी, कलिंदर पटेल व संजीव कुमार ने निभाया।

# संकुल साधन सेवियों की बैठक प्रखंड साधन सेवी की अध्यक्षता में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शनिवार को संकुल साधन सेवियों की बैठक प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बीआरपी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में बीआरपी ने सभी सीआरपी को निर्देश दिया कि साप्ताहिक रेल प्रोजेक्ट के तहत होने वाली परीक्षा सभी विद्यालयों में हो सुनिश्चित किया जाय। परीक्षा लेने के बाद विभाग द्वारा भेजी गई लिंक को अवश्य भरें। परीक्षा लेने के उपरांत बच्चों कॉपी का मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाय, ऐसा नहीं करने वाले प्रधानाध्यापक की सूची उपलब्ध कराई जाय ताकि उनपर विभागीय कार्रवाई की जा सके.उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र के सभी 6-14 आयु वर्ग के अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें. उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुये विद्यालय के पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे.ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंफैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के लिये विशेष अभियान चलाकर उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देशों का अनुपालन शत प्रतिशत विद्यालयों में लागू हो इसे सीआरपी सुनिश्चित करावें। बैठक मे श्री चौबे ने प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि चार हाउस का निर्माण, बाल संसद का गठन, करने, विभिन्न क्लबों का गठन, चारों हाउस द्वारा नोटिस बोर्ड का निर्माण और उसे सुसज्जित करने, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन, जिसमें हाउस स्तर पर बच्चों को पंक्तिबद्ध होना, अपना ध्वज लगाना, प्रार्थना सभा में समाचार, सामान्य ज्ञान, आज का विचार एंव प्रस्तावना को पढ़ा जाना, सप्ताह में दो से तीन व्यायाम एंव योगाभ्यास कराना, प्रोजेक्ट रेल के टॉपर को सम्मानित करना, बच्चों का पोशाक, नाखून की स्वच्छता की जांच करना, शिक्षकों तथा महापुरुषों को याद करना, कक्षा-कक्ष कि सफाई, सहित अन्य कार्यो की जानकारी से अवगत कराया और कहा कि ये सभी कार्यक्रम विद्यालयों में शत प्रतिशत लागू कराना सीआरपी सुनिश्चित करें। उन्होंने सीआरपी को निर्देश दिया कि विद्यालयों में प्रत्येक दिन अभिवादन करने के लिए सोमवार को जोहार, मंगलवार को नमस्कार, बुधवार को सुप्रभात, गुरुवार को गुड मॉर्निंग, शुक्रवार को ताली बजाकर और शनिवार को नमस्ते जैसे शब्द का उपयोग करके अभिवादन करना है। बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह,अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, शक्तिदास, सिन्हा, सुबोध कुमार, बिरेन्द्र प्रजापति, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 177
रविवार
30.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जब रेस लम्बी हो, तो यह मायने नहीं कि कौन कितनी तेज भाग रहा है, मायने यह रखता है कि कौन कितनी देर तक भाग सकता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### लद्दाख में नदी पार करने का अभ्यास कर रहे टैंक सवार जवान बहे, 5 ने गंवाई जान

**श्रीनगर :** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में टैंक से श्योक नदी पार करने के अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में जेसीओ सहित पांच जवान की जान चली गई। यह दुर्घटना रात एक बजे के करीब चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुई। नदी में अचानक आई बाढ़ के चलते यह हादसा हुआ। रक्षा प्रवक्ता पीएस सिंधु अनुसार तथ्यों की जांच चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सेना के जवान टी-72 टैंक में सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से बाढ़ आ गई। देखते ही देखते नदी के बढ़ते जलस्तर ने आसपास की जगह को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। टैंक भी तेजी के साथ तेज बहाव की चपेट में आने लगा।

### कोर्ट ने नीट मामले में गिरफ्तार गोधरा के 4 आरोपियों को सीबीआई कस्टडी में भेजा

**गोधरा :** गुजरात के गोधरा में 5 मई को नीट यूजी परीक्षा में अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल रहने के मामले में कोर्ट ने शनिवार को आरोपियों को 4 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। बता दें कि सीबीआई ने पंचमहल जिले के गोधरा में हुई अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल रहने के मामले में गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार 5 लोगों में से 4 लोगों की रिमांड की अपील की थी जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। माना जा रहा है कि आरोपियों तुषार भट्ट, विभोर आनंद, आरिफ वोरा और पुरूषोत्तम शर्मा से पूछताछ में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### इंदिरा गांधी ने हमें जेल में डाला, लेकिन कभी दुर्व्यवहार नहीं किया : लालू यादव

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शनिवार को आपातकाल के काले दिनों को याद किया. साथ ही कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कई नेताओं को जेल में डाला, हालांकि उनके साथ उन्होंने कभी भी दुर्व्यवहार नहीं किया. राजद प्रमुख ने उनके और पत्रकार नलिन वर्मा द्वारा लिखित एक आर्टिकल ÷द संघ साइलेंस इन 1975÷ को अपनी एक एक्स पोस्ट में साझा किया. आर्टिकल में उन्होंने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि हालांकि 1975 देश के लोकतंत्र पर दाग है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2024 में विपक्ष का सम्मान कौन नहीं कर रहा है.

### न्यायपालिका एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है : ममता

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को न्यायपालिका पर अहम टिप्पणी की. उन्होंने किसी भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त न्यायपालिका की बात करते हुए कहा कि इसे बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिए. न्यायपालिका लोकतंत्र, संविधान और लोगों के हितों की रक्षा के लिए भारत की नींव का बड़ा स्तंभ है.कोलकाता में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर सीएम बनर्जी ने कहा कि कृपया ध्यान रखें कि न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षपात न हो. अदालतें पूरी तरह से पक्षपात रहित, ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए और लोगों को इसकी पूजा करनी चाहिए. न्यायपालिका एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है और यह लोगों द्वारा और लोगों के लिए है.

### आभा आईडी से एक करोड़ टोकन जेनरेट करने वाला भारत का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

**लखनऊ:** हेल्थ सेक्टर में लगातार कीर्तिमान बना रहे उत्तर प्रदेश ने अब एक और उपलब्धि अपने नाम की है। प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी के माध्यम से एक करोड़ टोकन जेनरेट करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इतनी बड़ी संख्या में टोकन जेनरेट करने वाला उत्तर प्रदेश भारत का पहला और एकमात्र राज्य है। उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल एक करोड़ 43 टोकन जेनरेट किए हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

### विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में बढ़ा राजनीतिक तापमान, जेएमएम व भाजपा ने कसी कमर

# विस चुनाव में भाजपा का राज्य से होगा सफाया: हेमंत

सोरेन ने कहा कि मुझे सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र में फंसाकर पांच महीने तक जेल में रखा गया। झारखंड गरीब-गुरबा राज है। हमें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। इसीलिए मुझे पांच महीने जेल में रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने मुझे बाहर निकाला और हमें न्याय मिला। इस पांच महीने में राज्य शायद और आगे बढ़ सकता था। उन्होंने कहा कि उनको हमसे डर है।



**मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि यदि वो कल चुनाव कराते हैं तो परसो उनका सफाया हो जायेगा: हेमंत सोरेन**

**भाजपा के सपने मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित होंगे**

हेमंत सोरेन ने कहा कि आपके आशीर्वाद से सबसे पहले देश में आदिवासी मुख्यमंत्री बना है। मजबूरन मोदी सरकार को पड़ोसी राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है लेकिन वो रबर स्टैंप है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के सपने को पूरा करने का हम काम करेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा वाले विधानसभा चुनाव में जीत का जो सपना देख रहे हैं, वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित होंगे। इस राज्य में झारखंडी का ही शासन रहेगा।हेमंत सोरेन कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद बिरसा चौक पहुंचे। यहां उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और राज्यसभा सदस्य महुआ माजी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेल से बाहर निकलने के बाद शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके स्थित आवास से जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कोई भी खड़ा ना हो पाये, इसकी जुगत भिड़ाई जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं।विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि राज्य में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने की योजना बनायी जा रही है। ऐसे में केंद्र सरकार को चुनौती है कि चुनाव की घोषणा जल्द से जल्द करें। राज्य से भाजपा का सफाया कर दिया जायेगा। पार्टी ने संकल्प लिया है कि मनुवादी सामंती सोच को जवाब देंगे। लोकसभा में जवाब मिला है। आगे भी विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों को जवाब दिया जायेगा। सोरेन ने कहा कि मुझे सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र में फंसाकर पांच महीने तक जेल में रखा गया। झारखंड गरीब-गुरबा राज है। हमें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। इसीलिए मुझे पांच महीने जेल में रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने मुझे बाहर निकाला और हमें न्याय मिला। इस पांच महीने में राज्य शायद और आगे बढ़ सकता था। उन्होंने कहा कि उनको हमसे डर है। उनकी समय से पहले झारखंड विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी चल रही है लेकिन मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि यदि वो कल चुनाव कराते हैं तो परसो उनका सफाया हो जायेगा।हेमंत सोरेन ने कहा कि मोदी सरकार में नीट व यूपीएससी पेपर लीक के साथ ट्रेन व एयरपोर्ट दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन लोगों ने सीरिंज से लोगों का खून चूस लिया है। इन लोगों ने संविधान की कई संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर लिया लेकिन जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है। इस दीया को हम कभी नहीं बुझने देंगे। कई ऐसे वीर शहीद हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

## झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय : हिमंता



**रांची :** असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शनिवार को रांची पहुंचे. उन्होंने भाजपा के प्रमुख ट्राइबल नेताओं से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की. एयरपोर्ट से वे सबसे पहले सीधे सीता सोरेन के आवास पर गये. इसके बाद भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष समीर उरांव से मिलने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की. हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमंत सोरेन की जमानत पर कहा कि हर दिन कई लोग जेल जाते हैं और हर दिन कई लोगों को बेल मिलता है. इसका गिनती करना भाजपा का काम नहीं है.कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है. आपराधिक घटनाएं बढ़ीं हैं. पेपर लीक हो रहा है.हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि संथाल में घुसपैठ रुकवाना, लव जिहाद को रुकवाना हमारी पार्टी की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि कोई गलत तरीके से घुसपैठ कर यहां की आदिवासी लड़कियों से शादी ना करे, इसे रोकना है. भाजपा के मेनिफेस्टो में इस मुद्दे को शामिल किया जाएगा. उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्य मुद्दा बेरोजगारी, विकास और घुसपैठ है.उन्होंने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद से गठजोड़ वाली सरकार में भ्रष्टाचार भी चरम पर है. अब मुख्य मुद्दा क्या बनेगा, इस पर रणनीति बनेगी. उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय है.असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने झामुमो छोड़कर भाजपा में आई सीता सोरेन, समीर उरांव, अरुण उरांव, सुदर्शन भगत से मुलाकात की.

**हेमंता बिस्वा सरमा ने की बैठक, बनाई चुनावी रणनीति:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को चुनाव सह प्रभारी हेमंता बिस्वा सरमा की मौजूदगी में हुई बैठक में पार्टी ने चुनावी रणनीति बनाई. राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि यह पहली बैठक थी इसलिए आरोप पत्र कमेटी, घोषणा पत्र कमेटी और भाषण के मुख्य बिन्दु तैयार करने वाली कमेटी को वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति को ध्यान में रखकर ससमय कार्य पूरा करने को कहा गया है. वर्तमान सरकार की खामियों को जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी द्वारा तैयार कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जुट जाने को कहा गया है. संगठनात्मक मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत लाने का लक्ष्य पार्टी ने तय करते हुए सभी मतभेदों को भुलाने का आह्वान किया है. बैठक में पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद बीडी राम, विधायक सी पी सिंह, सहित विभिन्न समितियों के सदस्य मौजूद थे.प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक के पश्चात हिमंता सुदर्शन भगत के घर पहुंचे. उनके साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी मौजूद थे.सुदर्शन भगत के घर भोजन करने के बाद हिमंता गीता कोड़ा और अर्जुन मुंडा के घर पर विचार विमर्श करने पहुंचे.



## केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

नई दिल्लीः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पेशी के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेजा। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड आज खत्म हो रही थी। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। 26 जून को सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को पांच दिनों तक के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सीएम केजरीवाल को तीन दिनों के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया था। वहीं, इससे पहले शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्डिंग मामले में केजरीवाल को 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। जिसके बाद ईडी ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

## टेंडर कमीशन घोटाला : पूर्व मंत्री सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। सभी आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये धन-शोधन निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को हुई। अब इनकी अगली पेशी 12 जुलाई को होगी। आरोपितों में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी, 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी, 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। मामले में वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी।

## भारतीय नौसेना ने 17 साल की सेवा के बाद सारस हेलीकॉप्टरों को दी अंतिम विदाई

विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर हुए डी-इंडक्शन समारोह के दौरान यूएच-3एच हेलीकॉप्टर ने अंतिम उड़ान भरी। इनकी जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा।



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने 17 साल तक समुद्री सुरक्षा और निगरानी करने वाले 'सारस' हेलीकॉप्टरों को अंतिम विदाई दे दी है। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर हुए डी-इंडक्शन समारोह के दौरान यूएच-3एच हेलीकॉप्टर ने अंतिम उड़ान भरी। इनकी जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा। यादगार के रूप में इनमें से एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर विदाई समारोह में 17 साल की शानदार सेवा के बाद यूएच-3एच हेलीकॉप्टर को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने की। यूएच-3एच स्क्वाड्रन के अनुभवी अधिकारी और नाविक हेलीकॉप्टर की महान सेवा को याद करते हुए परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यूएच-3एच हेलीकॉप्टर की जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा।यादगार विदाई समारोह के जरिए उस यूएच-3एच हेलीकॉप्टर के उल्लेखनीय युग का अंत हो गया, जिसने भारतीय नौसेना में विशेष संचालन और एसएआर मिशनों में अभिनव क्षमताओं की शुरुआत की। लगातार विकसित और गतिशील समुद्री वातावरण में यूएच-3एच की परिचालन भूमिका भारतीय नौसेना विमानन के इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी।

### सीएम से मिला झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल, अपराध नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने का किया आग्रह

# कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : चंपाई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स तथा सोना-चांदी व्यवसायी समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को राजधानी रांची में हो रही लूट, छिनतई एवं डकैती जैसी आपराधिक घटनाओं से अवगत कराते हुए उसे नियंत्रित करने के लिए समुचित कदम उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक को अपराध नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश दे दिए गए हैं। उन्हें घटित आपराधिक घटनाओं का खुलासा कर उसमें संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विधि -व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है । आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा । मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री किशोर मंत्री, महासचिव श्री परेश गट्टानी, कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रवीण लोहिया और श्री रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष श्री कुणाल आजमानी तथा सोना -चांदी व्यवसायी समिति के डॉ दिलीप सोनी, रवि कुमार पिंटू और श्री जितेंद्र कुमार वर्मा शामिल थे।

### जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने संजय झा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** दिल्ली में जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के सभी शीर्ष नेता मौजूद रहे। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। दिल्ली के कॉस्टिट्यूशनल क्लब में हुई जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव खुद सीएम नीतीश कुमार ने पेश किया।



# अड़की के सोनपुर हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव के स्व.चामु मुंडा का पुत्र 65 वर्षीय परमेश्वर मुंडा को हत्या के आरोप में अड़की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।ज्ञात हो कि विगत 25 जून की रात को सोनपुर गांव में अज्ञात अपराधी के द्वारा तेज धारदार हथियार से काटकर घर के आंगन में सो रहे एसी चंद्रमोहन की हत्या कर दी गई थी।जिसके बाद खुंटी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक (परिक्षामान) रामप्रवेश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसने लागातार छापामारी कर अभियुक्त परमेश्वर मुंडा को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खुन लगा तेज धारदार हथियार फरसा एवं कपड़े बरामद किए।

अभियुक्त ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसने एसी चंद्रमोहन की फरसा से काटकर हत्या की है और हत्या कारण उसने बताया कि एसी चंद्रमोहन और उनके परिवार के बीच विगत कई वर्षों से जमीन का विवाद चल रहा था जिसके कारण दोनों परिवारों के बीच दुश्मनी थी। ज्ञात हो कि अड़की थाना में कांड संख्या 32/24 के तहत धारा 302 का मामला दर्ज किया गया है और इस तरह से अड़की पुलिस के द्वारा सोनपुर हत्याकांड की गुत्थी सुलाझा ली गई है और पुरे हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया गया है।इस छापामारी दल में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक किशुन दास,पुलिस अवर निरीक्षक एवं थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव,पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी, पुलिस अवर निरीक्षक जय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार तुरी, पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार,हाफीज अंसारी और सशस्त्र बल शामिल थे।ये पुरी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी अड़की पुलिस के द्वारा दी गई।

# सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के तत्वावधान में कमिटी के प्रधान कार्यालय मधुबन मार्केट मेन रोड रांची में कमिटी के सरपरस्त मो. सईद की सरपरस्ती व कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी की अध्यक्षता में वर्ष 2024 के मुहर्रम के जुलूस निकाले जाने से सम्बन्धित आवश्यक बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई जिसमें तीनों प्रमुख खलीफा क्रमशः धवताल अखाड़ा के पप्पू गद्दी खलीफा, इमाम बख्श अखाड़ा के मो. महजूद खलीफा,लीलू अली अखाड़ा के मो. सजाद खलीफा के साथ साथ तीनों प्रमुख अखाड़े के अधीन आने वाले तमाम क्षेत्रीय खलीफा एवं पदाधिकारी, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्यगण बैठक में मुख्य रूप से भाग लिए एवं सर्वसम्मति से इस वर्ष 2024 के मुहर्रम का जुलूस पूरे अकीदत व एहतराम से तथा आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ निकाले जाने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुहर्रम का चांद नजर आ जाने के बाद मुहर्रम से सम्बंधित तमाम कार्यक्रम पूर्व की तरह प्रत्येक अखाड़े व इमामबाड़े में आयोजित किए जाएंगे एवं इस वर्ष के मुहर्रम को सफल बनाने हेतु प्रत्येक अखाड़ा धारियों के लिए गाईड लाईन भी जारी कर दिया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि मुहर्रम के जुलूस की सफलता के लिए तीनों प्रमुख खलीफा अपने अपने नेतृत्व में अपने क्षेत्रीय खलीफाओं एवं पदाधिकारियों के साथ अपने क्षेत्रीय स्तर पर बैठक कर लेंगे।

# बुंडू में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम संपन्न




**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में आज आजसू पार्टी के बैनर तले राज्यव्यापी कार्यक्रम हल्ला बोल संपन्न किया गया। ज्ञात हो कि प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के विरुद्ध ये आंदोलन विभिन्न सरकारी कार्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। आजसू पार्टी के नेताओं का कहना है कि आज झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक तंत्र के रवैए से समग्र प्रदेशवासी हताश एवं निराश है। छोटे से छोटे कार्य के लिए सरकारी कार्यालय में चक्कर काटते काटते आम जनता परेशान हैं, मजबुर है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार के कारण जनता का बिना पैसे का कोई काम नहीं हो रहा है। सरकार के अराजकता एवं कुव्यवस्था के खिलाफ 26 जून से 9 जूलाई तक आजसू पार्टी द्वारा राज्य भर के सभी प्रखण्डों तथा नगर ईकाईयों में हल्ला बोल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हल्ला बोल कार्यक्रम के आज चौथे दिन आजसू पार्टी केन्द्रीय,जिला,नगर एवं प्रखण्ड के पदाधिकारीयों तथा सक्रीय सदस्यगण आजसू पार्टी रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर नगर प्रशासक के नाम 13 सुत्री मांग पत्र एवं बुण्डू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर अंचलाधिकारी के नाम 8 सुत्रीय मांग पत्र सौंपा।

## मध्य विद्यालय बुकबुका में पाठ्य सामग्री व पौधा का किया गया वितरण

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका में एक कार्यक्रम आयोजित कर पाठ्य सामग्री व पौधा का वितरण किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजन सिंह राजा एवं विशिष्ट अतिथि इंदिरा देवी उपस्थित थे. झारखंड सरकार के सौजन्य से कक्षा एक से कक्षा आठ तक के सभी छात्रों को स्कूल बैग, किताब कापी सहित अन्य पाठ्य सामग्री तथा देवेन्द्र बाबु सेवा संस्थान व अंबेडकर विचार मंच के सौजन्य से उपस्थित सभी लोगों को अतिथियों द्वारा फलदार पौधों का वितरण किया गया . मौके पर राजन सिंह राजा ने उपस्थित सभी छात्रों को पढ़ाई के प्रति एवं जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए जागरूक किया एवं सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया .इस कार्यक्रम का संचालन प्राधानाचार्य अमरलाल सतनामी ने किया. इस मौके पर राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, फिरोज आलम, मोनू रजक, रौशन लाल ,विक्की सिंह, नसीम अंसारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे.

## सीएमओ डॉ थियोडोर एक्का को दी गयी विदाई

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया सेंट्रल अस्पताल डकरा के सीएमओ डॉ थियोडोर एक्का को सेवानिवृत्त होने पर रोहिणी अस्पताल में विदायी दी गयी.इस मौके पर उपस्थित अस्पताल के कर्मचारियों ने डॉ टी एक्का को शॉल ओढ़ाकर एव बुके देकर सम्मानित किया.उसके बाद उपहार भी भेंट किया .अस्पताल के कर्मियों ने कहा कि डॉ टी एक्का ने रोहिणी अस्पताल में भी कुछ समय के लिए योगदान दिया था और उनकी सेवा का लाभ सीसीएल कर्मियों के साथ ग्रामीणों को भी चिकित्सा सेवा दिया.उनके साथ कार्य करने का एक अच्छा अनुभव रहा है.इनकी चिकित्सा सेवा लोगो को हमेशा याद रहेगा.उपस्थित लोगों ने इनके सुखमय जीवन की कामना की है.इस मौके पर मालती कुमारी, निर्मला तिर्की,दशमी कुमारी,मुनिया देवी,फुलमनी देवी,श्रद्धा टोप्पो,फिलमोन एक्का,पोमिना भेंगरा,रॉबिंसन एक्का,सुमित्रा टोप्पो,जगन्नाथ महतो,हीरालाल मुर्मू,सावित्री कुमारी,सावित्री देवी,ममता कुमारी, जीतनदेव गंझू सहित कई लोग मौजूद थे.

## बाइक और बुलेट में भिड़ंत, एक की मौत व चार घायल

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली में रांची पुरुलिया मार्ग पर पीएचईडी के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर में एक किशोर की मौत हो गई एवं चार लोग घायल हो गए है. मृतक की पहचान मैसुडीह निवासी 25 वर्षीय सुदेश महतो के रूप में हुई है। घटना में सिल्ली के टुटकी निवासी मनसा राम महतो, बनता निवासी कपिल गोप उनकी बहन नीरू देवी एवं भतीजी परी कुमारी शामिल है। घायल सुदेश महतो एसएस हाईस्कूल का छात्र बताया जाता है।जानकारी के मुताबिक बनता निवासी कपिल गोप उनकी बहन और भतीजी के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से मुरी से सिल्ली की ओर जा रहे थे सामने से तेज गति से आ रही एक बाइक उनसे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चलाने वाले युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसका अन्य साथी मनसा राम घायल हो गया। इधर, बुलेट पर सवार कपिल गोप, नीरू देवी एवं परी कुमारी भी घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों का इलाज चल रहा है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शिक्षक-अभिभावक की हुई बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को शिक्षक और अभिभावक की एक आवश्यक बैठक प्राचार्य डॉ आर चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक मे बच्चो के पठन-पाठन सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक तीन चरणो मे हुई।पहले चरण मे कक्षा तीन से पांच तक के बच्चे और अभिभावक बैठक मे शामिल हुए।वही दुसरे चरण मे कक्षा छः से आठ और तीसरे चरण मे कक्षा नवम से बारहवी तक के बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉ.आर चौधरी ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन और अकादमिक पढ़ाई लिखाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।प्राचार्य डॉ. आर चौधरी ने अभिभावकों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षक के प्रयास से विद्यालय जल्द ही अपनी ऊंचाई तक पहुंचेगा।प्राचार्य ने अभिभावको की सलाह का स्वागत करते हुए उस पर अमल करने का भरोसा दिया।बैठक मे काफी संख्या मे अभिभावक सहित शिक्षक मौजूद थे।इस दौरान बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने बारी-बारी से अपनी समस्या को रखा,जिस पर प्राचार्य ने जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।साथ ही सभी अभिभावक से स्कूल के बेहतर संचालन में सहयोग करने की अपील की।बैठक मे प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी,वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,शिक्षक एके लाल,जीएसपी शर्मा, एसके पाण्डेय,एपी द्विवेदी, सीएस सिंह,आरआर दत्ता, सुदीप्ता डे,अनिता सोनी, मोहम्मद शाहीद, प्रेमसागर,सुमित कुमार के अलावा अभिभावको मे शिशिर गर्ग,डॉ. सारिका सिंह,अब्दुल कुदूस,राजीव रंजन,बिजय कुमार,चंडी शाखा,मुंशी राम,सफीद अंसारी,सुधीर महतो, कौशल्या देवी,पिंकी सोनी,मन्टु यादव,दिलिप महतो,राहुल पाण्डेय सहित काफी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।


## कार्यालय, जिला अभियंता, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 08/2024-25

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मासियातु ग्राम भांग में मेन रोड से आंगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 89,10,800 | 1,78,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 04.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–10.07.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.07.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR.NO.328187 Rural Development(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

mail-rdsdgumla123@gmail.com

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/03/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of KGBV Dumri District Gumla. (UDISE Code: 20160509510) | 75,59,179.00 | 1,51,200.00 | 10,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 08.07.2024 से दिनांक 15.07.2024को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709875092 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।.

PR.NO.328188 Rural Development (24-25):D

## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा

–: अति अल्पकालिन निविदा सूचना :–

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प ज्ञापांक–3296 / वि0 दिनांक 15.09.2014 तथा सरकार के उप सचिव, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के अधिसूचना सं0–परि0वि0–234 / 08–390 दिनांक 07.03.2024 में अन्तर्निहित व उल्लेखित प्रवधानों के आलोक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा द्वारा क्रियांवित योजनाओं के अनुश्रवण / निरीक्षण / क्षेत्रीय कार्यों के सम्पादन हेतु बाह्य स्त्रोत से दैनिक दर पर **टाटा सूमो / बोलेरो / स्कार्पियो एवं इनोवा (वातानुकूलित)** वाहन रखने की आवश्यकता है।

इच्छुक वाहन मालिक से बंद लिफाफा में निम्न नियम एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्त :–**

1. कार्यालय के आवश्यकतानुसार वाहन को दैनिक दर पर रखा जाएगा (अधिकतम 20 दिन प्रति माह)।
2. वाहन का रख–रखाव वाहन मालिक द्वारा किया जाएगा।
3. सरकार द्वारा निर्धारित कर, शुल्क आदि का वहन वाहन मालिक द्वारा किया जाएगा।
4. वाहन मालिक को आपूतिकर्त्ता के रूप में GST निबंधन आवश्यक है।
5. वाहन का पंजीयन व्यवसायिक रूप निबंधित होना अनिवार्य है।
6. वाहन में फास्ट टैग का लगा होना आवश्यक है।
7. कार्यालय आवश्यकता अनुरूप वाहन को रखने एवं हटाने का अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
8. निम्नांकित कागजात (वित्तीय एवं तकनीकि) बंद लिफाफें में अलग–अलग होना आवश्यक हैः–

"तकनीकि बीड"

**क). वाहन पंजीयन की प्रति।**
**ख). वाहन बीमा की प्रति।**
**ग). वाहन मालिक का पहचान पत्र (निर्वाचान पहचान पत्र / आधार / पेनकार्ड इत्यादि)।**
**घ). वाहन पर न्यायालय में किसी प्रकार का वाद अथवा थाने से FIR दर्ज नहीं होने से संबंधित मूल शपथ पत्र।**

"वित्तीय बीड"

**क) वाहन का प्रतिदिन दैनिक दर।**

इच्छुक वाहन मालिक उपरांक्त नियम एवं शर्तो के साथ **दिनांक 09 / 07 / 2024 को अपराह्न 3:00 बजे** तक बंद लिफाफा में कागजात उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में **निबंधित डाक या स्पीड पोष्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते है।** मुहरबंद निविदा **अंतिम तिथि दिनांक .09 / 07 / 2024 को अपराह्न 3:00** बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। उपरोक्त निविदा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा के **सूचना पट्ट** पर भी देखा जा सकता है।

ह0 / –
उप विकास आयुक्त,
कोडरमा

PR 328192 (Rural Development) 24-25 (D)

## झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों के विरूद्व प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अंशु मोदी (वाहन स्वामी), पिता – अशोक मोदी, साकिन – डोमचाँच, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 05/19 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-16G-8419 | ढीबरा | 25.02.19 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 2 | सिकन्दर साव, पिता – रामदेव साव, साकिन –जामू, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा। | 12/19 | महिन्द्रा पिकअप भैन | JH-12F-6048 | लकडी | 06.06.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 3 | प्रदीप यादव (वाहन स्वामी), पिता – इन्द्रदेव यादव, साकिन – मधुवन, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 54/20 | टाटा 709 ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 27.11.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 4 | मनोज कुमार राणा, पिता–प्रसादी राणा, साकिन–बिरजामू, थाना–डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 02/20 (misc) | – | - | लकडी | 01.10.19 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | अजय शंकर (वाहन चालक), पिता – स्व0 देवचन्द्र राम, साकिन – पैसरा, थाना – पचंबा, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 02 | 41/21 | महिन्द्रा सवारी गाड़ी | JH-11D-7684 | ढीबरा | 31.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 6 | कमलेश्वर यादव, पिता – दासो यादव, साकिन – ढाब, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 04/22 | टाटा 407 ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 04.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 7 | राजू गोस्वामी, पिता – अंतु गोस्वामी, साकिन – बसवरिया, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 05/22 | साईकिल 4 पीस | - | लकड़ी | 17.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 8 | मो0 शहजाद, पिता – मो0 अजाद, साकिन – तेलोडीह, थाना – पचंबा, जिला – गिरिडीह | 06/22 | ब्लू रंग का 407 ट्रक | अस्पष्ट | ढीबरा | 30.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 9 | प्रदीप यादव, पिता – मुंशी महतो, साकिन – कोलगरमा, थाना – कोडरमा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 07/22 | (1) लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर (2) हीरो होण्डा मोटर साईकिल पैशन प्रो | (1) बिना नं0 का (2) JH-12D-7285 | लकडी | 31.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 10 | वेदनारायण मेहता उर्फ लोट्री (जे0सी0बी0 स्वामी), पिता – भीष्मसेन मेहता, ग्राम – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 06 | 09/22 | (1) जे0सी0बी0 मशीन (2) दो शक्तिमान ट्रक (3) होण्डा साईन मोटर साईकिल | (1) बिना नं0 का (2) बिना नं0 का (3) JH-12G-3072 | ढीबरा | 13.02.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 11 | नीतीश कुमार, पिता – ललित कुमार मेहता उर्फ लालजीत मेहता, साकिन – लंगरापीपर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 11/22 | 10 चक्का ट्रक | JH-12B-2865 | ढीबरा | 19.02.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 12 | शिवजी मेहता, पिता – छोटी मेहता, साकिन – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 12/22 | पिकअप | अस्पष्ट | लकड़ी | 21.02.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 13 | रंजीत मिश्रा, पिता – भोला मिश्रा, साकिन – ढाब, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 15/22 | पिकअप वैन | बिना नम्बर का | ढीबरा | 24.02.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 14 | अजमत अंसारी, पिता – मोजीम अंसारी, साकिन – कुम्हारटोली, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा। | 24/22 | हीरो ग्लेमर मोटर साईकिल | बिना नम्बर का | लकड़ी | 29.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 15 | प्रिंस कुमार सिंह, पिता – बिजय सिंह, साकिन – गमहरवाद, थाना – जयनगर, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 26/22 | पिकअप भैन | JH-15G-8937 | लकड़ी | 04.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 16 | जितेन्द्र कुमार मेहता, पिता – कृष्ण कुमार मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 33/22 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.04.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 17 | आशीष कुमार मेहता, पिता – महरू मेहता, साकिन – भेलवाटाँड़, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 34/22 | बजाज एक्स0सी0डी0 मोटर साईकिल | JH-09L-9041 | लकड़ी | 17.04.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 18 | उमेश मेहता, पिता – बैजनाथ मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 35/22 | हीरो होण्डा सी0डी0 डिलक्स मोटर साईकिल | JH-12D-4057 | लकड़ी | 24.04.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 19 | बबलू सिंह, पिता – स्व0 जालेश्वर सिंह, साकिन + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 19/22 | Yamaha Crux | JH-12B-0410 | लकड़ी | 10.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | राजकुमार साव, पिता – गाजो साव, साकिन – घरवरियाबर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 18/22 | हीरो स्प्लेण्डर प्लस | JH-12K-3451 | शिकर सुअर | 04.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 21 | नन्हुक मियां, पिता – सलीम मियां, साकिन – चरकीपहरी, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 54/22 | महिन्द्रा कमाण्डर जीप | BRM-3490 | ढीबरा | 23.09.22 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 22 | महेश यादव, पिता – बबनी यादव, साकिन – मधुबन, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 01/23 | लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर | बिना नं0 का | ढीबरा | 20.10.22 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 23 | दिवाकर सिंह, पिता – स्व0 प्रदीप सिंह, साकिन – लरियाडीह, थाना – कोडरमा, जिला – कोडरमा | 03/23 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रोली सहित | बिना नं0 का | पत्थर | 20.10.22 | सुजीत कुमार सोनी, प्रभारी वनपाल |
| 24 | विजय साव, पिता – मकसुदन साव, साकिन + पो0 – इंदरवा, थाना + जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 10/23 | 1. लाल रंग का टेम्पू 2. ब्लू रंग का डाला वाला टेम्पू | 1. JH-10S-7203 2. बिना नं0 का | ढीबरा | 28.12.22 | सुजीत कुमार सोनी, प्रभारी वनपाल |
| 25 | पंकज मेहता, पिता – स्व0 गुलाम मेहता, ग्राम – फुलवरिया, थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा | 18/23 | मोटर साईकिल होण्डा साईन | JH-12D-7829 | ढीबरा | 24.02.23 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 26 | रंजीत कुमार मेहता, पिता – गणेश मेहता, ग्राम – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 19/23 | एक मोटर साईकिल | JH-12J-5485 | लकड़ी | 25.02.23 | राजेश कुमार शर्मा, प्रभारी वनपाल |
| 27 | बिरबल यादव, पिता – धनेश्वर यादव, साकिन + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा | 21/23 | एक पिकअप | JH-10N-6599 | ढीबरा | 09.04.23 | राजेश कुमार शर्मा, प्रभारी वनपाल |
| 28 | अब्बास मियां, पिता – मिखन मियां, साकिन – घोड़थम्बा, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह | 22/23 | बोलेरो केम्पर | WB-25C-9099 | लकड़ी | 24.03.23 | पीयूष प्रभाकर, प्रभारी वनपाल |
| 29 | भोला कुमार मेहता, पिता – सदानंद मेहता, साकिन – नाबाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 24/23 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 13.04.23 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 30 | सीताराम पंडित, पिता – नारो पंडित, साकिन – कुम्हर टोली, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा | 27/23 | एक सफेद रंग का पिकअप भान | अस्पष्ट | लकड़ी | 29.03.23 | पीयूष प्रभाकर, प्रभारी वनपाल |
| 31 | कृष्ण लाल मेहता, पिता – स्व0 झरी मेहता, साकिन – नाबाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 47/23 | महिन्द्र कमाण्डर | JH-12B-4775 | ढीबरा | 19.07.23 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अर्न्तग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 05.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 05.07.2024 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल।

PR.NO.328161 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# पलाशबनी में करोड़ों में बेची गई करीब 1 एकड़ सरकारी जमीन
# प्लांट के सामने झामुमो का प्रदर्शन

**जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने की जांच की मांग**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर प्रखंड के मानगो अंचल अंतर्गत पलाशबनी गांव में करीब एक एकड़ भूदान बंदोबस्ती की सरकारी जमीन को भू माफियाओं ने अवैध तरीके से बिक्री कर दी है। यह जमीन आलोक दुबे नाम के व्यक्ति ने खरीदी है और उसे एक कंपनी को भाड़े पर दे दी गई है। एनएच 33 के किनारे स्थित उस जमीन पर मिक्सर प्लांट चल रहा है। प्लांट में बालू, गिट्टी आदि सामग्री को मिक्स करके बाहर बेचा जाता है। इसकी जानकारी मिलने पर शनिवार को झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में मानगो अंचल के अंचलाधिकारी ब्रजेश श्रीवास्तव से जांच की मांग की गई है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इसकी जांच करते हुए प्लांट को बंद कराएं और सरकारी जमीन को प्रशासन वापस लें। अगर अगले 15 दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं होती है तो जिले के उपायुक्त से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। इस संबंध में झामुमो नेता पिंटू दत्ता ने बताया कि सरकारी दस्तावेज में मौजा पलाशबनी, खाता नंबर 334, प्लॉट नं 2358 एवं बंदोवस्ती का रकवा 95 डिसमिल किसी सरिता देवी के नाम से है। उन्होंने बताया कि प्लांट के मैनेजर से पूछने पर जमीन मालिक का नाम आलोक दुबे बताया गया और दूरभाष पर आलोक दुबे से पूछने पर बताया गया कि उन्होंने यह जमीन पप्पू सिंह और अबोध सिंह से खरीदी है। जमीन को करोड़ों में बेची गई है। पलाशबनी गांव निवासी सह झामुमो के पंचायत अध्यक्ष नगेन सोरेन ने बताया कि यह जमीन पहले गांव के ही मथुरा माझी के दखल में था। लेकिन गुपचुप तरीके से किसी सरिता देवी के नाम से बंदोवस्ती की गई थी जो गांव की नहीं है और कभी इस जमीन में आई भी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट में कोई ग्रामीण को रोजगार भी नहीं मिला है और प्लांट शुरू करने के पूर्व कोई ग्राम सभा भी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि जब बिना किसी सबूत के राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी जमीन घोटाला का आरोप लगाते हुए जेल भेज सकता है तो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होगी। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से अर्जुन सोरेन, नगेन सोरेन, शिवानी मार्डी, श्रीमती बेसरा, लक्खी टुडू, साकरो टुडू, रामदास मांडी, हेमंत कुमार हेंब्रम, भजू टुडू, मईया सोरेन आदि शामिल हैं।



## जेएसएसपी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फादर्स डे मनाया




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुस्को स्कूल साउथ पार्क के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शनिवार, को कदमा के कुडी मोहंती ऑडिटोरियम में फादर्स डे मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीनियर स्कूल कोऑर्डिनेटर बरनिता बसु थी। मौके पर मुख्य अतिथि ने पिताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे के जीवन को आकार देने में पिता और माता दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। बच्चों ने ईश्वर का आशीर्वाद पाने के लिए प्रार्थना गीत गाकर अपने पिताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और उसके बाद स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने खुशी जाहिर की और अभिभावकों का स्कूल में स्वागत किया। पिताओं ने अपने बच्चों के साथ रैंप वॉक में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस तरह के आयोजन के लिए पिता-बच्चे के बंधन को मजबूत करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## हज से लौटे फजल खान का शहर के समाजसेवियों ने किया इस्तकबाल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज हज से लौटे मदरसा फैजुल उलूम के उपाध्यक्ष फजल खान का स्वागत जमशेदपुर के समाजसेवियों ने जिनमे से धतकीडीह के समाजसेवी हाजी अज़ीज़ हसनैन,आजादनगर थाना शांति समिति के मुख्तार आलम खान,हाजी अब्दुल हमीद,खुर्शीद अहमद खान ने हाजी फजल खान को माला पहना कर एवं खजूर खिलाकर किया। हाजी फजल खान ने बताया के उन्होंने अल्लाह से बहुत दुआएं की थी हज पर जाने की और काबा देखने की उन्हे बहुत इच्छा थी और आज हज पूरा होने पर उन्होंने गहरी खुशी का इजहार किया और अल्लाह का शुक्र भी अदा किया।

## हेमन्त सोरेन को मिले बेल की खुशी में भूला मोड़ में बांटी गई मिठाई



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले में रांची हाई कोर्ट से शुक्रवार को बेल मिलने पर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के भूला मोड़ में शनिवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। प्रखंड कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह व जिला सदस्य शिवशंकर महतो ने कहा कि सत्य की जीत हुई और हेमंत सोरेन को न्याय मिली है। इस अवसर पर शिवशंकर महतो, श्याम सुंदर सिह रेवती मोहन गोप, बुद्धेश्वर सिंह, सुभाष महतो, धुरंधर किस्कू, दामोदर सिंह व रजनीकांत सिंह आदि मौजूद थे।

## कुचाई में आयोजित शिविर में 23 दिव्यांग बच्चों को मिला सहायक उपकरण



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड संसाधन केन्द्र में शनिवार को झारखण्ड शिक्षा परियोजना के तहत समावेशी शिक्षा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत प्रखंड स्तरीय दिव्यांगता जांच शिविर एवं आवश्यक सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न गांवो से 3 से 18 आयु वर्ष के पहुचे 25 दिव्यांग बच्चों के द्वारा निबंधन कराया गया। जांच एलिम्को, भुवनेश्वर से आए डॉ प्रिया वर्मा, डॉ आलोक साहु एवं डॉ राजेश कुमार के द्वारा किया गया। दिव्यांग उपकरणों के लिए 17 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया। वही आज 23 दिव्यांग बच्चों के बीच सपोर्टिंग इक्विपमेंट्स प्रदान किया गया। शिविर का उदघाटन जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेंब्रम एपीओ अमर प्रकाश टुटी एपीओ सुभाष हेंब्रम प्रखंड शिक्षा प्रसार संजय कुमार जोशी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में उपरोक्त के अलावा एपीओ अमर प्रकाश टुटी बीईईओ संजय कुमार जोशी बीपीओ नाथो महतो,डॉ प्रिया वर्मा,डॉ आलोक साहु,डॉ राजेश कुमार,फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार,रिसोर्स शिक्षक दयाल लेट आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी भूमिज समाज ने जिले में भाषावार पद सृजन में अनदेखी का लगाया आरोप



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिले में भूमिज भाषा के मात्र छह सरकारी शिक्षको के पद सृजन का भूमिज समाज का विरोध तेज हो गया है। आदिवासी भूमिज समाज के अध्यक्ष जयपाल सिंह ने भाषावार पद सृजन में स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग पर पोटका समेत पूरे जिले की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। इधर इस सिलसिले में आदिवासी भूमिज समाज के अध्यक्ष जयपाल सिंह, सिदेश्वर सरदार ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार पर जमकर बरसे तथा कहा कि पोटका भूमिज बहुल क्षेत्र है, ऐसे में पहली से पांचवीं तक के छात्र जनजाति भूमिज भाषा से वंचित रह जायेगे। जिले में 60 प्रतिशत बच्चे इसी जाति के बच्चे नामांकित है। ऐसे में झारखंड सरकार की प्राथमिक विद्यालय में न्यू एजुकेशन पॉलिसी सिर्फ छलावा साबित होगा। वहीं भूमिज भाषा के सरकारी शिक्षको का पद की संख्या बच्चो की संख्या के आधार में पढ़ाने की मांग उठाई है।

## डॉ. अजय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, कहा
# झारखंड में इंडिया गठबंधन को करेंगे मजबूत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद एवम् कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने हेमंत सोरेन को उनकी रिहाई पर बधाई। वहीं दोनों नेताओं के मुलाकात से बीजेपी खेमा में हड़कंप मच गया है। दोनों नेताओं ने प्रदेश की विभिन्न मुद्दों पर बातचीत। मौके पर डॉ.अजय कुमार ने बताया कि प्रदेश की विकास योजनाओं सहित वर्तमान की राजनीतिक घटना क्रम पर विस्तार से बात हुई है। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रदेश में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने बेहतर किया है।

उसको और बेहतर करने के लिए अभी से मिलकर काम करने और इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगे। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त दिया जा सके। भाजपा पर हमलावर होते हुए अजय कुमार ने कहा की जिस प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही शासन चला रही है। वह जन विरोधी है। आज देश के 24 लाख बच्चों का भविष्य अंधकार में है लेकिन सरकार नीट यूजी 2024 परीक्षा मामले में मौन है। सदन में जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट मामले चर्चा करने की बात कही तो उनकी आवाज को दबाने का काम किया गया। मोदी सरकार को युवाओं की चिंता नहीं उन्हे तो अपने नेताओ और भ्रष्ट अधिकारियों की चिंता है। यही कारण है सरकार ने अभी तक नीट परीक्षा को रद्द करने की घोषणा नही कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की पिछले दस सालो की विकास की पोल दिल्ली में हुई एक दिन की बारिश में खुल गई। जब दिल्ली एयरपोर्ट की टर्मिनल 1 की छत गिर गई। वहीं केंद्रीय मंत्रियों घरों में पानी भर गया।

## हेमंत सोरेन के जेल से रिहाई पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के मिलन चौक में झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उच्च न्यायालय से बेल मिलने और जेल से रिहा होने की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा जमकर नारेबाजी व आतिशबाजी किया गया। कार्यकर्ता एक दूसरे पर अबीर गुलाल लगाकर तथा लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। वरिष्ठ झामुमो नेता रामप्रसाद महतो ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बिना किसी ठोस कारण से जेल में डाला गया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चाहती थी कि विधानसभा चुनाव तक जेल में ही रहे, ताकि झारखंड में एकतरफा जीत सुनिश्चित हो। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को कई सीट गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि सही समय पर उच्च न्यायालय के द्वारा सही फैसला सुनाया गया और सत्य की जीत हुई। मौके पर पूर्व मुखिया पंचानन पातर, अघोर प्रसाद महतो,हरेंद्र नाथ महतो,भीष्म देव महतो, रामबिलास महतो,बलराम महतो आदि उपस्थित थे।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने 634 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट बांटे

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय में झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा में रहने वाले वृद्धावस्था पेंशन के 634 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया. अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा. मंत्री ने कहा है कि मैंने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पेंशन स्कीम से जोड़ने के लिए कैंप के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया था आज इसी का परिणाम है के मुझे इन सभी को पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट बाटंने का मौका मिला है. इस दौरान मनोज झा,संजय तिवारी,बबुआ झा,रवि दुबे, प्रभात ठाकुर,राजकुमार दास,इरशाद हैदर,जितेंद्र सिंह,तुला दा,धनु महतो,माजिद अख्तर,सुकुमारी,दिनेश पोद्दार, संजीव मिश्रा,जय प्रकाश साहू,अमित प्रसाद,राजेश गोराई,हरी दस, सुमित ठाकुर, कैलाश रजक, सोंटी रजक,मनोज भगत, संजीव झा, राकेश जयसवाल उपस्थित थे.



## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा फुटबॉल ग्राउंड में शनिवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान बालक वर्ग में अंडर- 15 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी विजेता तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटमदा बस्ती की टीम उप विजेता बनी। अंडर-17 बालक वर्ग में एसएस +2 उच्च विद्यालय पटमदा विजेता तथा + 2 आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा उप विजेता बनी। अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रोजेक्ट गर्ल्स उच्च विद्यालय माचा विजेता तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी उप विजेता बनी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के सफल संचालन में बीआरपी अबनी महंती, बीपीओ शकुंतला महतो, राजेश कुमार, रवि नरेश प्रसाद , क्लीन ठाकुर , प्रबोध कुमार महतो, रामपद महतो ,गोपेश्वर रजक ,जगदीश महतो ,स्वपन महंती , ब्रह्म पद महंती ,कृष्ण चंद्र दास ,अंब्रेश कुमार आदि का योगदान रहा ।



# लापता महिला को ढूंढ निकालने की मांग
## परिजनों व ग्रामीणों ने कांड्रा थाना का किया घेराव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** बीते सोमवार से कांड्रा थाना क्षेत्र के रायपुर गांव से लापता छातामुनी माझी नामक महिला को खोजने की मांग को लेकर शनिवार को उसके परिजनों समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया। इस दौरान उसके परिजनों ने बताया कि छातामुनि माझी के पति रामू टुडू ने दो शादियां की हैं। बीते सोमवार से छातामुनि माझी गायब है। जब उसके घर पर पहुंचकर छातामुनि के संबंध में पूछताछ की गई तो उसका पति रामू टुडू एवं सौतन करमी माझी ने बताया कि बीते 24 जून को वे कोयला चुनने गए थे। लौटने के बाद से छातामुनि घर से गायब है। इस बाबत आयोजित ग्राम सभा में जब पूछताछ की गई तो बताया गया कि छातामनि के साथ रामू और उसकी दूसरी पत्नी करमी अक्सर मारपीट किया करते थे। कई बार गांव में पंचायती भी की गई। उसके बाद भी उनकी प्रताड़ना जारी रही। परिजनों ने आशंका जताई है कि रामू और उसकी दूसरी पत्नी करमी ने मिलकर छातामनी की हत्या कर दी है। परिजनों और ग्रामीणों ने छातामनी को अविलम्ब ढूंढ निकालने की मांग पुलिस प्रशासन से किया है। इधर, इस सम्बन्ध में छातामनी के पति रामू टुडू ने बताया कि छातामनी ग्राम सभा बुलाने की बात कह कर घर से निकली थी। उसने हत्या से इंकार किया है। बहरहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

## मुख्यमंत्री चंपई सोरेन आज आयेंगे कुमडीह
## एसपी, एडीसी ने किया स्थल निरीक्षण

**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मुख्यमंत्री का राजनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुमडीह में प्रस्तावित आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो एवं उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम मे मुख्यमंत्री के आवागमन, हेलीपेड, बेरीकेटिंग, वाहन पार्कंग, यातायात परिचालन,सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा ले सम्बन्धित पदाधिकारियों को ससमय पूर्ण करनें के निर्देश दिए गए। मौक़े पर उपरोक्त के अलावे प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत,अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सुनील कुमार प्रजापति,प्रखंड विकास पदाधिकारी राजनगर मलय कुमार,अंचलधिकारी राजनगर हरीश चंद्र मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवननिर्माण, नजारात उपसमहर्ता एवं अन्य उपस्थित रहें।



# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर करीम सिटी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रोफेसर पीसी महालनोबिस के जन्मदिन पर आज।करीम सिटी कॉलेज के वाणिज्य संकाय तथा एनएसएसओ (एफओडी) एमओ एसपीआई एसआरओ जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीटीओ डॉ धनंजय, सम्मानित अतिथि एनएसएसओ (एफओडी) एमओ एसपीआई आमोद विवेक थे। कार्यक्रम के पहले भाग में नोट ऐड्रेस डॉ प्रभात कुमार सिंह (सांख्यिकी विभाग, जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज) ने दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सांख्यिकी के महत्व तथा जीवन में उसके उपयोग पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ एमएम नजरी ने विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे भाग में पावर प्रजेंटेशन, पोस्टर, क्विज, स्केच, एकल गायन, समूह गायन एकल नृत्य तथा सामूहिक नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस आयोजन में कॉलेज के लगभग 150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। डॉ डीके मित्रा, डॉ पीके सिंह, डॉ जाकि अख्तर, डॉ एम मोइज अशरफ, डॉ पीके सिंह, प्रो गौहर अजीज, प्रो साकेत कुमार, डॉ रश्मि अख्तर तथा डॉ फौजिया तबस्सुम ने निर्णायक की भूमिका अदा की। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डा जाहिद परवेज, डॉ रश्मि अख्तर, डॉ आफताब आलम, डॉ फौजिया तबस्सुम, प्रो राशिद इकबाल तथा अन्य विभागों के प्राध्यापक मौजूद थे। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ एमएम नजरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में 111 यूनिट रक्त संग्रह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा उदितवाणी के संस्थापक स्व. राधेश्याम अग्रवाल एवं स्व. सुमन गोलछा की पुण्य स्मृति में साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 111 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर में 164 लोगों ने रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया था। शिविर का उद्घाटन विधायक मंगल कालिंदी, उदितवाणी के सम्पादक उदित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष स्वरूप गोलछा, प्रांतीय सहायक मंत्री अंकिता लोधा, रेडक्रॉस के राधेश्याम, बजरंग चौधरी, शाखा अध्यक्ष अश्विनी कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

शिविर को सफल बनाने में पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, रामकृष्ण फॉर्जिंस लिमिटेड, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जमशेदपुर रक्त अधिकोष का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही शाखा की ओर से अश्विनी अग्रवाल, विकाश शर्मा, प्रकाश बजाज, नीरज शर्मा, गौरव अग्रवाल, अनूप शर्मा, हेमंत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कौशल नागेलिया, संजय अग्रवाल, रविशंकर सोनी, हेमंत अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, पंकज शर्मा, नितिन बरवालीया, आनंद सारस्वत, शानू ढोकनिया, मनोज पटवारी, ऋषभ शर्मा, अंकित भाउका आदि का योगदान रहा। शिविर में मुख्य रूप से संदीप मुरारका, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, लालचंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रकाश दुबे, अनिल बगड़िया, अरुण गुप्ता, सार्थक अग्रवाल, अंकिता लोधा, मोहित मुनका, मानव केडिया, अनिल मोदी, लिप्पु शर्मा, विनोद शर्मा, अंशुल रिंगसिया, नेहा भलोटिया, हनु जैन, मनोज शर्मा, अशोक सारस्वत, अमीश अग्रवाल, विजय सिंह, बजरंग चौधरी, अनंत मोहनका, बृजेश सोनकर, अंकित पांडे, परमेंद्र शर्मा, उत्तम शर्मा, शिरीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

संपादकीय

## लानत है यह जल संकट

**यह** दुर्भाग्य, विडंबना और शर्मनाक लानत है कि देश की राजधानी दिल्ली में आम आदमी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। पानी के लिए वह भगदड़ और हाथापाई का हिस्सा बनने को तैयार है। गंदा और प्रदूषित पानी लेने को भी तैयार है। पानी किसी की बपौती नहीं है, वह राष्ट्रीय संसाधन है, जो जिंदगी के लिए सांस सरीखा ही है। जो सरकार घर-घर 'नल में जल' की हुंकारें भरती नहीं थकती, वह प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में दिल्ली में मौजूद है। देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के महलनुमा आवास भी दिल्ली में ही हैं। देश की संसद भी राजधानी से ही संचालित होती है। हालांकि उनकी दुनिया 'अति विशिष्ट' है और पानी का कोई संकट नहीं है, लेकिन जो 28 लाख दिल्लीवाले पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, उनकी पीड़ा, उनका सूखापन तो उन सभी को दिखता ही होगा! देश की सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही हैं और जल-संकट और पानी की सियासत का मुद्दा उनकी अदालत में भी पहुंचा था, लेकिन न्याय क्यों नहीं दिया गया? यदि कोई अवमानना की गई है, तो उस पक्ष को तुरंत अदालत में तलब क्यों नहीं किया गया? बेशक पानी का संकट देश के माननीय न्यायाधीशों के लिए नहीं है, लेकिन आम आदमी तो संकट में है। उसे इंसाफ कौन देगा? एक तरफ 'आम आदमी पार्टी' (आप) की सरकार है। मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में हैं। दूसरी तरफ भाजपा सरकार है। यही तो लोकतंत्र है, लेकिन दोनों पक्षों की सियासत के बीच आम दिल्लीवाला क्यों पिस रहा है? दरअसल यह राजधानी दिल्ली की सनातन समस्या है। प्रधानमंत्री मोदी बीते 10 सालों से इसे देख-महसूस कर रहे होंगे! पानी के लिए भागमदौड़ उस देश की राजधानी का निरंतर दृश्य है, जो विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की प्रतिष्ठा और छवि दांव पर है। ऐसे निरंतर दृश्य तो हमने किसी गरीब और पिछड़े देश तक में नहीं देखे। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप क्यों नहीं करना चाहिए? हम आंकड़ों और दावों की बाजीगरी में उलझना नहीं चाहते कि दिल्ली के हक का पानी कितना है? हरियाणा कितना पानी नहरों के जरिए दिल्ली को सप्लाई करता है? अंतरराज्यीय जल वितरण समझौते का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं? ये सवाल केंद्र सरकार और सर्वोच्च अदालत के बुनियादी सरोकार होने चाहिए। यदि दो राज्यों के बीच ऐसे विवाद हैं, तो अदालत को उन्हें अविलंब हल करना चाहिए। शीर्ष अदालत की और क्या भूमिका हो सकती है? दिल्ली का नंगा यथार्थ यह है कि कुछ निश्चित इलाकों में, झुग्गी-झोपडियों के आसपास और अनधिकृत बस्तियों में हमने साल-दर-साल पानी के टैंकर खड़े देखे हैं। पानी के लिए हमने मार-पिटाई होते भी देखा है। भविष्य में पानी पर ही विश्व-युद्ध हो सकता है, किसी विशेषज्ञ की ऐसी भविष्यवाणी को कैसे नकारा जा सकता है? बस्तियों के ये कुकुरमुत्ते सरकारों और राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी स्वार्थ के मद्देनजर पैदा किए हैं। तो अब उन्हें पानी, बिजली, अन्य संसाधन भी मुहैया कराओ। टैंकरों से ही जाहिर है कि पानी का संकट अनवरत रहा है। इस पर न तो कांग्रेस और न ही भाजपा की सरकारों ने ध्यान दिया। घरेलू नलों के जरिए पानी की आपूर्ति पर्याप्त नहीं होगी, तो गली-गली टैंकर भेजने पड़ते हैं। अब पराकाष्ठा की स्थिति आ गई है, जब केजरीवाल सरकार की जल मंत्री आतिशी ने 21 जून से 'अनिश्चितकालीन अनशन' की घोषणा की है। बेशक यह मजबूरी का प्रयास है, क्योंकि सभी स्तरों की बातचीत निष्फल रही है। अंततः आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी को हस्तक्षेप करने और दिल्ली को उसके हक का पानी दिलाने का विनम्र आग्रह का पत्र लिखा है। यदि प्रधानमंत्री भी कुछ नहीं कर पाए, तो आतिशी अनशन को विवश होंगी। यह भी लोकतंत्र पर आघात होगा। संभव है कि आतिशी झूठे दावे कर रही होंगी, लेकिन प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए और पानी का समुचित वितरण कराना चाहिए। बल्कि विभिन्न राज्यों के बीच पानी की आपूर्ति से जुड़े मसलों को केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के अधीन कर देना चाहिए।

> पानी के लिए वह भगदड़ और हाथापाई का हिस्सा बनने को तैयार है। गंदा और प्रदूषित पानी लेने को भी तैयार है। पानी किसी की बपौती नहीं है, वह राष्ट्रीय संसाधन है, जो जिंदगी के लिए सांस सरीखा ही है। जो सरकार घर-घर 'नल में जल' की हुंकारें भरती नहीं थकती, वह प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में दिल्ली में मौजूद है। देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के महलनुमा आवास भी दिल्ली में ही हैं। देश की संसद भी राजधानी से ही संचालित होती है। हालांकि उनकी दुनिया 'अति विशिष्ट' है और पानी का कोई संकट नहीं है, लेकिन जो 28 लाख दिल्लीवाले पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, उनकी पीड़ा, उनका सूखापन तो उन सभी को दिखता ही होगा! देश की सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही हैं और जल-संकट और पानी की सियासत का मुद्दा उनकी अदालत में भी पहुंचा था, लेकिन न्याय क्यों नहीं दिया गया? यदि कोई अवमानना की गई है, तो उस पक्ष को तुरंत अदालत में तलब क्यों नहीं किया गया? बेशक पानी का संकट देश के माननीय न्यायाधीशों के लिए नहीं है, लेकिन आम आदमी तो संकट में है। उसे इंसाफ कौन देगा? एक तरफ 'आम आदमी पार्टी' (आप) की सरकार है।

### प्रधानमंत्री के पद से त्यागपत्र देने की बजाय देश में आंतरिक आपात स्थिति की घोषणा कर दी

## भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ का भारतीय जनता पार्टी से क्या संबंध है, यह प्रश्न 1950 के बाद से ही उठता बैठता रहा है। जून 1975 में जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक निर्णय ने इंदिरा गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी, तब उसने प्रधानमंत्री के पद से त्यागपत्र देने की बजाय देश में आंतरिक आपात स्थिति की घोषणा कर दी। संविधान के प्रमुख प्रावधान स्थगित कर दिए और लाखों लोगों को जेल में डाल दिया। कांग्रेस के उस समय के अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने तो देश में घूम-घूम कर प्रचार करना शुरू कर दिया था कि 'इंदिरा ही भारत है और भारत ही इंदिरा है'। जब कांग्रेस को विश्वास हो गया कि पूरा देश पूरी तरह उसके शिकंजे में फंस गया है तो सरकार ने लोकसभा चुनावों की घोषणा कर दी। देश में लोकतंत्र के अस्तित्व को ही खतरे में देख देश के चार प्रमुख राजनीतिक दलों ने विलय कर जनता पार्टी के नाम से नए दल की स्थापना की। नए दल में भारतीय जनसंघ और समाजवादी पार्टी भी शामिल थीं। चुनाव में कांग्रेस पराजित हो गई और जनता पार्टी जीत गई। भारतीय जनसंघ में बहुत से ऐसे लोग भी थे जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे। समाजवादी पार्टी के लोगों ने मांग करनी शुरू कर दी कि ऐसे लोग जनता पार्टी के सदस्य तभी रह सकते हैं यदि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता से त्यागपत्र दें। इसे उन्होंने तथाकथित दोहरी सदस्यता का मामला बताया। जनसंघ के वे लोग जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे, का कहना था कि संघ कोई राजनीतिक दल नहीं है और न ही उसकी सदस्यता के लिए आवेदन करना पड़ता है। दरअसल संघ में सदस्यता की वह अवधारणा है ही नहीं, जिस प्रकार की अवधारणा राजनीतिक दलों में है। जो व्यक्ति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में आता है, वह संघ का स्वयंसेवक है, सदस्य नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोई राजनीतिक संगठन नहीं है, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक आन्दोलन है। राजनीतिक दलों के लोग अनेक सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं से विभिन्न गतिविधियों के लिए जुड़े रहते हैं। अब यदि कोई यह मांग करे कि राजनीतिक दल के लोगों को देश की सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं से नाता तोड़ लेना चाहिए, तो उसकी यह सोच विकृत सोच ही कही जाएगी। इसके विपरीत राजनीतिक लोगों को तो देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन से और भी गहराई से जुडना चाहिए, तभी वे देश के स्वभाव और प्रकृति को समझ पाएंगे। यदि देश का कोई दल देश के स्वभाव और प्रकृति से ही दूर हट जाएगा, तो वह देश के लोगों का प्रतिनिधि होने का दावा किस प्रकार कर सकेगा, लेकिन जिन लोगों ने राजनीति ही पश्चिम के देशों के संकल्पों में से सीखी हो, वे भारतीय मानस को पढ़ नहीं पा रहे थे और देश के सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों से छिटकी राजनीतिक संस्थाएं निर्माण कर रहे थे। भारतीय जनसंघ के उन लोगों ने जो राष्ट्रीय संवयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे, संघ से संबंध विच्छेद करने की









मांग को स्वीकार नहीं किया। वे जनता पार्टी से बाहर आ गए। उनके साथ बहुत से ऐसे लोग भी बाहर आ गए जो संघ के स्वयंसेवक तो नहीं थे, लेकिन सिद्धांत के तौर पर इस मांग से सहमत नहीं थे कि राजनीतिक क्षेत्र के लोगों को देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन से संबंध विच्छेद कर लेना चाहिए। बल्कि इस पूरे विवाद के कारण देश के समाज विज्ञानियों में यह बहस छिड़ गई कि मोटे तौर पर देश की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाएं देश के बृहत्तर समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं और राजनीतिक दल स्टेट का। देश में समाज बड़ा है या स्टेट? समाज के नियंत्रण या समाज के जीवन मूल्यों से दूर जाकर तो राजनीति, राजनीति नहीं बल्कि शैतान नीति बन कर रह जाएगी और अंततः तानाशाही की ओर अग्रसर हो जाएगी। लेकिन इस विवाद का अंतिम परिणाम यह हुआ कि इन सब लोगों ने मिल कर एक नए राजनीतिक दल, भारतीय जनता पार्टी का गठन कर लिया। इस विवाद का दूसरा परिणाम यह हुआ कि अगले चुनावों में जनता पार्टी पराजित ही नहीं हुई, बल्कि अल्पकाल में उसका अस्तित्व ही समाप्त हो गया। इस पराजय का विश्लेषण दो प्रकार से किया गया। पहला विश्लेषण यह था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जनता पार्टी का समर्थन करना बंद कर दिया, इसलिए वह पराजित हो गई और कालगति को प्राप्त हुई। लेकिन दूसरा विश्लेषण था कि जनता पार्टी ने सिद्धांततः स्वयं को देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन से दूर कर लिया, इससे वह कालगति को प्राप्त हुई। मुझे लगता है कि दूसरा विश्लेषण ज्यादा सही कहा जा सकता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने देश के राजनीति विज्ञान के पंडितों के आगे एक दूसरा प्रश्न भी खड़ा कर दिया। कुछ राजनीतिक पंडितों का कहना था कि यदि कोई राजनीतिक दल देश की सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ा रहता है तो वह सांप्रदायिक हो जाता है। लेकिन दूसरे राजनीतिक पंडितों का कहना था कि यदि राजनीतिक दल देश के सांस्कृतिक जीवन से टूट जाता है तो वह देश के लिए ही अप्रासंगिक हो जाता है, जैसे जनता पार्टी देश के लिए अप्रासंगिक हो गई। दरअसल ऐसा भी कहा जाता है कि राजनीति किसी भी देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का केवल एक हिस्सा है। समग्र स्वरूप देश का सामाजिक-सांस्कृतिक पक्ष ही है। पश्चिमी देशों के पिछले पांच-छह सौ साल के राजनीति विज्ञान के साहित्य को पढने से यह धारणा बनती है कि वहां राजनीति को समग्र स्वरूप में स्वीकार किया जाता है और वहां के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को मात्र उसका एक छोटा सा हिस्सा। क्योंकि भारत के विश्वविद्यालयों में भी तीन सौ साल से वही अवधारणाएं परोसी जा रही हैं, संतुलन के लिए भी इन विषयों की भारतीय अवधारणाओं को नहीं पढ़ाया जाता, इसलिए यहां भी तथाकथित थिंक टैंक धीरे धीरे इन्हीं विदेशी अवधारणाओं के आलोक में निष्कर्ष निकालते हैं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि आज लगभग पांच दशकों बाद फिर यही प्रश्न उठ रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का देश की राजनीति से क्या ताल्लुक है? इस प्रश्न की संरचना चाहे अलग प्रकार की है, लेकिन मूल वही है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आपस में क्या संबंध है, यह बहस तब शुरू हुई जब संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने भारत में सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रख कर यह टिप्पणी की कि आधुनिक युग में लोकतंत्र का जो स्वरूप है, उसमें धीरे धीरे विरोधी राजनीतिक दल को शत्रु मान लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यह भारत के सामाजिक जीवन के लिए अंततः घातक सिद्ध हो सकती है। लोकतंत्र में पक्ष और प्रतिपक्ष होते हैं, मगर ये दोनों परस्पर पूरक होते हैं, न कि एक दूसरे के शत्रु। इसी प्रकार राजसत्ता की प्रकृति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि राजसत्ता अहंकार को जन्म देती है। अहंकार सब व्याधियों का मूल है। इसलिए राजनीति के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को अहंकार से बचना चाहिए। मोहन भागवत जी का यह विश्लेषण या टिप्पणियां भारत के राजनीतिक जीवन के सूत्रधारों के लिए विशेष महत्व रखती हैं, लेकिन इन टिप्पणियों के आलोक में संघ और भाजपा के रिश्तों की तलाश करना गलत दरवाजा खटखटाना ही कहा जाएगा।

> संविधान के प्रमुख प्रावधान स्थगित कर दिए और लाखों लोगों को जेल में डाल दिया। कांग्रेस के उस समय के अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने तो देश में घूम-घूम कर प्रचार करना शुरू कर दिया था कि 'इंदिरा ही भारत है और भारत ही इंदिरा है'। जब कांग्रेस को विश्वास हो गया कि पूरा देश पूरी तरह उसके शिकंजे में फंस गया है तो सरकार ने लोकसभा चुनावों की घोषणा कर दी। देश में लोकतंत्र के अस्तित्व को ही खतरे में देख देश के चार प्रमुख राजनीतिक दलों ने विलय कर जनता पार्टी के नाम से नए दल की स्थापना की।

दृष्टि कोण

## आधुनिक समय में योग का पुनरुद्धार

**विश्व** में भारत का बढ़ता गौरव, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत की छवि पिछले एक दशक में वैश्विक लीडर के रूप में उभरी है। जब वैश्विक महामारी कोविड के दुष्परिणामों से जूझ रहे साधन संपन्न पाश्चात्य देश आर्थिक मंदी और औद्योगिक असंतुलन से गुजर रहे थे, ऐसे मुश्किल हालात में भारत चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर में लगातार वृद्धि कर रहा था, वहीं उसने देश के 140 करोड़ लोगों के साथ-साथ अमेरिका समेत दुनिया के बड़े और दिग्गज देशों को कोविड वैक्सीन, चिकित्सीय उपकरण एवं स्वास्थ्य सेवाएं देकर मिसाल कायम की। आज पूरा विश्व भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है। इस नए भारत में वर्तमान सरकार की विदेश नीति, नई शिक्षा नीति-2020, सुदृढ़ कानून व्यवस्था, एक दर्जन से अधिक एम्स, 200 से ज्यादा चिकित्सा संस्थानों के निर्माण, सडक़ यातायात, इन्फ्रास्ट्रक्चर, फ्रैंडली नीतियों की वजह से निवेश तथा उद्यमियों के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है। हमारा भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों के साथ विकास की नई पटकथा लिख रहा है। आज सरकार की दो उपलब्धियां मेरे मन को अह्लादित करती हैं। पूरी दुनिया में भारत का इकबाल स्थापित करना, बुलंद होना और दूसरा देश के भीतर 'भारत भी कर सकता है' की भावना का संचार होना। अब 'सब चलता है' वाला दृष्टिकोण भूतकाल के गर्त में है। यह प्रधानमंत्री मोदी ही थे जिन्होंने 2014 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विजन दिया था और उनके नेतृत्व ने यह सुनिश्चित किया कि हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग एकजुट करता है। उन्होंने कहा, यह शरीर, मन, मानवता, प्रकृति और दुनियाभर में लाखों लोगों को एकजुट करता है, जिनके लिए यह शक्ति, सद्भाव और शांति का स्रोत है। एक खतरनाक और विभाजित दुनिया में, इस प्राचीन अभ्यास के लाभ विशेष रूप से कीमती हैं। योग शांति प्रदान करता है, यह चिंता को कम कर सकता है और मानसिक कल्याण को बढ़ावा दे सकता है। यह हमें अनुशासन और धैर्य



विकसित करने में मदद करता है। यह हमें हमारे साथ जोड़ता है। योग सामान्य मानवता को प्रकट करता है। हमें यह समझने में मदद करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक हैं। योग दिवस पर, आइए हम योग के मार्ग को प्रेरित और रोशन करना जारी रखते हैं। योग एक दार्शनिक और आध्यात्मिक अनुशासन के रूप में, इसकी जड़ें वैदिक साहित्य के प्राचीन ग्रंथों में गहराई से अंतर्निहित हैं। ऋग्वेद, उपनिषद और भगवद गीता वैदिक परंपरा में योग की बहुमुखी प्रकृति की बारीक समझ प्रदान करती है। ऋग्वेद सबसे पुराने वैदिक ग्रंथों में से एक है। ध्यान, सांस नियंत्रण और आध्यात्मिक तपस्या के संदर्भ पूरे ऋग्वेद में पाए जा सकते हैं। जो योग दर्शन में बाद के विकास की नींव रखते हैं। ये प्रारंभिक वैदिक भजन प्राचीन ऋषियों और ऋषियों की यौगिक आकांक्षाओं की झलक प्रदान करते हैं। उपनिषद, वैदिक काल में बाद में रचित दार्शनिक ग्रंथों का एक संग्रह, आध्यात्मिक ज्ञान और मुक्ति के मार्ग के रूप में योग की प्रकृति में गहराई से उतरता है। योग दर्शन के आध्यात्मिक आधार को स्पष्ट करते हुए, उपनिषदों में आत्मान (आंतरिक स्व), ब्रह्म (सार्वभौमिक चेतना) और योग जैसी अवधारणाओं को समझाया गया है। उपनिषद विभिन्न ध्यान तकनीकों, दार्शनिक पूछताछ और नैतिक उपदेशों का भी परिचय देते हैं जो शास्त्रीय योग का आधार बनते हैं। हाल के वर्षों में वैदिक योग में रुचि का पुनरुत्थान हुआ है, क्योंकि अभ्यासी प्राचीन भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के साथ फिर से जुडना चाहते हैं। विद्वानों, योगियों और आध्यात्मिक नेताओं ने वैदिक योग शिक्षाओं को संरक्षित और पुनर्जीवित करने के लिए लगन से काम किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्राचीन अभ्यास और ज्ञान समय के साथ खो न जाएं। कई समकालीन योग स्कूल और रिट्रीट सेंटर अब कक्षाएं और कार्यशालाएं प्रदान करते हैं जो वैदिक योग सिद्धांतों को शामिल करते हैं, चिकित्सकों को प्रामाणिक शिक्षाओं और प्रथाओं तक पहुंच प्रदान करते हैं। स्वस्थ जीवन शैली की आदतों, तनाव प्रबंधन और मन-शरीर जागरूकता को बढ़ावा देकर, वैदिक योग निवारक स्वास्थ्य देखभाल में योगदान देता है, पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करता है और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाता है। वैदिक योग अभ्यास आंतरिक शांति, संतोष और आनंद की भावना पैदा करते हैं, जिससे चिकित्सकों को जीवन की चुनौतियों को समता और लचीलापन के साथ नेविगेट करने में सक्षम बनाया जाता है। वैदिक योग एक आध्यात्मिक मार्ग है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को उनके वास्तविक स्वरूप और दिव्य सार के प्रति जागृत करना है।

कुछ अलग

## साहित्य से उनका संन्यास

**बहुत** दिनों तक तो साहित्य के ढोलकी रामजी तय नहीं कर पाए कि उन्हें साहित्य में डटे रहना चाहिए अथवा आउट हो जाना चाहिए। परंतु उन्हें बाद में केवल्य प्राप्त हुआ कि कोई स्वनामधन्य आलोचक उन्हें साहित्य के मैदान में पटखनी देकर चारों खाने चित्त करे, इससे पूर्व ही स्वयं के तथा साहित्य के हित में इस क्षेत्र को त्याग देना चाहिए। इसलिए एक दिन उन्होंने साहित्य से संन्यास की घोषणा कर दी। ढोलकी रामजी द्वारा साहित्य से पलायन का समाचार जंगल की आग की तरह पूरे शहर में फैल गया। मुझ तक आया तो मैं सकते में आ गया। तय नहीं कर पाया कि इस घटना से साहित्य की क्षति हुई है या उनकी क्षति। सारी स्थितियों पर छाए संशय के बादल दूर करने की दृष्टि से एक दिन मैं उनके निवास पर जा पहुंचा। अत्यंत चिंतामग्न मुद्रा में मैंने पूछा, 'सुना है आप साहित्य से पलायन कर रहे हैं?' 'पहले संशोधन कीजिए, यह पलायन नहीं संन्यास है। पलायन कापुरुष करते हैं। मैंने साहित्य के क्षेत्र में पनपते हुए भीषण प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए उसकी रक्षार्थ संन्यास का कदम उठाया है।' ढोलकी रामजी बोले। मैंने कहा, 'थोड़ा संन्यास का खुलासा कीजिये। गृहस्थ से संन्यास लेना तो समझ में आता है, परन्तु साहित्य से संन्यास लेना सर्वथा नई घटना है। क्रिकेट और फिल्मों में संन्यास भी सुना है, परन्तु साहित्य में नया प्रयोग है ये।' 'साहित्य भी लाला क्रिकेट की तरह है। जब तक चौके-छक्के लगते रहे तो डटे रहो। जैसे ही बिगडने लगे, मैदान छोडना कृतित्व एवं व्यक्तित्व के लिए हितकारी होता है। फिल्मों के अभिनय की तरह ये नाटकबाजी भी है। साहित्य का चेहरा लगाकर जीना पड़ता है। जब लगे कि आप बेनकाब हैं तू स्थितियों पर से कुहासा हटे, इससे पहले ही साहित्य से पिंड छुड़ा लेना चाहिए।' 'लेकिन ऐसी नौबत क्या थी? यदि आप साहित्य में बने रहते भी तो इससे अनिष्ट क्या होने वाला था? यदि आपने संन्यास ले लिया है तो आप साहित्यकार से घटकर अथवा बढक़र क्या हो गए हैं?' मैंने पूछा। 'देखो मेरी साइट में बड़ा घान-मसान हैं। हर एरा-गैरा, नत्थू-खैरा साहित्यकार बन गया है। पत्रकार भी अपने आप को लेखक समझने लगा है। भला फिर साहित्य की गरिमा घटेगी अथवा बढ़ेगी? साहित्य का अवमूल्यन हो, इससे पहले मैंने यह कदम उठा लिया। इससे मेरे साहित्य का जो अनिष्ट होने वाला था वह बच गया। हुआ कुछ नहीं है, बस फर्क यही है कि मेरा साहित्यकार कायम है तथा मैं आदमी बन गया हूं। पहले व्यर्थ में साहित्यकार को आदमी पर ओढ़े रहना पड़ता था।' ढोलकी रामजी ने समझाया। मैं बोला, 'लेकिन सुनने में यह आया है कि आप चूकने लगे थे। नए लोगों के सामने आपका लिखा एकदम कचरा लगने लगा था। अखबार-पत्रिकाएं तथा प्रकाशक आपको छापने से कतराने लगे थे एवं आलोचकों ने आपके साहित्य को अत्यन्त निम्न कोटि का ठहराया है। ये स्थितियां और विकट और विकृत हों, इससे पहले ही आपने साहित्यकार को बचाने के लिए संन्यास ले लिया।' यह सुन कर उनकी आंखें फटी की फटी रह गयीं। 'इसमें नई बात क्या है? मैं स्वयं बता रहा हूं कि साहित्यकार को बचाने के लिए मुझे यह कदम उठाना पड़ा। परंतु यह बात बिल्कुल बेबुनियाद है कि नए लेखकों के सामने मैं टिक नहीं पा रहा था, अतः मैं भाग खड़ा हुआ। असलियत तो यह है कि नए लेखक साहित्य का सत्यानाश करने पर तुले हैं। यह मेरी बर्दाश्त के बाहर है कि मेरी आंखों के सामने साहित्य की कब्र खोदी जाए, इसलिए संन्यास ले लिया। अब भले साहित्य के लगे आग। मैं तो ठहरा भूत।' ढोलकी रामजी बोले।

देश दुनीया से

## मंत्रिमंडल में फोकस क्षेत्रों और राजनीतिक मजबूरियों की झलक, वादों के मुताबिक नतीजों पर रहेंगी नजरें

> 45 फीसदी कार्यबल कृषि में लगा हुआ है और राष्ट्रीय आय के छठे हिस्से पर निर्भर है। यह आंकड़ा गरीबी का केंद्रीय पहलू है। निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा उद्यम होने के बावजूद उद्योग के विपरीत कृषि में आगत और निर्गत के संबंधों का अभाव है, जो पुन: कृषि कानूनों (जिन्हें वापस ले लिया गया था) को लाने की आवश्यकता पर बल देता है, ताकि नवाचार को अपनाया जा सके और किसान उत्पादक संगठनों एवं सहकारी समितियों के जरिये ऋण, भंडारण एवं बाजारों तक पहुंच को सक्षम बनाया जा सके। ग्रामीण विकास एवं कृषि को एक साथ लाने से लक्ष्यों में तालमेल बिठाया जा सकता है। हालांकि जरूरी सुधार पूरी तरह से राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है। यही बात चार बार के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ राजनेता के रूप में चौहान के चयन को महत्वपूर्ण बनाती है, जो राज्यों के साथ सहयोग करने और खेती के मुद्दों को आगे बढ़ाने में सक्षम हैं।

**मोदी** के नेतृत्व में राजग-3.0 सरकार काम पर लग गई है। जाहिर है, सौ दिनों का कार्यक्रम पर काम हो रहा है। ऐसे में, उन मुद्दों को समझना जरूरी है, जो चुनाव अभियानों के दौरान छाए रहे। कृषि, पानी, उद्योग, श्रम, कौशल और रोजगार से संबंधित चिंताओं पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। यह विकास एवं समृद्धि के लिए प्रमुख मंत्रालयों की कार्यसूची पेश करने का अवसर प्रदान करता है। शिवराज सिंह चौहान (कृषि, कृषक कल्याण एवं ग्रामीण विकास)-कृषि क्षेत्र का संकट राजनीतिक संवादों एवं आर्थिक आंकड़ों में प्रतिध्वनित होता है। लगभग आधा यानी 45 फीसदी कार्यबल कृषि में लगा हुआ है और राष्ट्रीय आय के छठे हिस्से पर निर्भर है। यह आंकड़ा गरीबी का केंद्रीय पहलू है। निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा उद्यम होने के बावजूद उद्योग के विपरीत कृषि में आगत और निर्गत के संबंधों का अभाव है, जो पुनः कृषि कानूनों (जिन्हें वापस ले लिया गया था) को लाने की आवश्यकता पर बल देता है, ताकि नवाचार को अपनाया जा सके और किसान उत्पादक संगठनों एवं सहकारी समितियों के जरिये ऋण, भंडारण एवं बाजारों तक पहुंच को सक्षम बनाया जा सके। ग्रामीण विकास एवं कृषि को एक साथ लाने से लक्ष्यों में तालमेल बिठाया जा सकता है। हालांकि जरूरी सुधार पूरी तरह से राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है। यही बात चार बार के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ राजनेता के रूप में चौहान के चयन को महत्वपूर्ण बनाती है, जो राज्यों के साथ सहयोग करने और खेती के मुद्दों को आगे बढ़ाने में सक्षम हैं। चिराग पासवान (खाद्य प्रसंस्करण)-चौहान को युवा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का भी मार्गदर्शन करना होगा। राजनीतिक अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में उच्च मुद्रास्फीति का दर्द सुना जा सकता है। आठ फीसदी से अधिक खाद्य मुद्रास्फीति निजी उपभोग एवं कॉरपोरेट राजस्व पर जीडीपी के आंकड़ों में दिखाई देती है। इसका कारण असमान उत्पादन और भंडारण व प्रसंस्करण क्षमता का अभाव है। भारत को किराये पर भंडारण के लिए एक ढांचा तैयार करने की जरूरत है, जहां किसान अपनी उपज को इच्छानुसार बेचने या ऋण के लिए गिरवी रख सकें। भारत को 'एक जिला, एक उत्पाद' का लाभ उठाने तथा मूल्य संवर्धन और रोजगार बढ़ाने के लिए प्रसंस्करण क्षमता के विस्तार की खातिर राज्यों में विधायी मार्ग को स्पष्ट करने की भी जरूरत है। सीआर पाटिल (जल शक्ति)-भारत में जल संकट पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया गया है और यह कई जटिल बाध्यताओं से घिरा हुआ है। भंडारण, उपलब्धता, गुणवत्ता और पहुंच के मुद्दों के कारण महत्वाकांक्षी 'हर घर जल' कार्यक्रम भी आलोचनाओं के निशाने पर है। घटते भूजल स्तर और टैंकर आपूर्ति वाले शहरी भारत के आंकड़ों में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो 100 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों में फैला है। भारत का हर प्रमुख महानगर 50 से लेकर 100 किलोमीटर से अधिक दूरी से पेयजल प्राप्त करता है। ऐसे में, एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पानी के खारेपन को दूर करने तथा रीसाइक्लिंग के लिए



संयंत्र लगाना तत्काल जरूरी है। इसके लिए काफी धन की जरूरत होगी तथा पब्लिक-प्राइवेट मॉडल की आवश्यकता होगी। भारत के पास सॉवरेन और पेंशन फंड से धन जुटाने का अवसर है। एक टेक्नोक्रेट-राजनीतिक होने के नाते पाटिल के पास विरासत को संभालने का मौका है। मनसुख मंडाविया (श्रम, रोजगार एवं युवा मामले) और जयंत चौधरी (कौशल विकास)- बेरोजगारी और रोजगार सृजन का मुद्दा पूरे चुनाव के दौरान गूंजता रहा। रोजगार सृजन और उपलब्ध कौशल में काफी अंतराल है। भारत को एक ऐसी श्रम नीति की जरूरत है, जो नीतियों को बाजार की जरूरतों के साथ जोड़ सके। बेशक हमारे पास कौशल विकास कार्यक्रम है, लेकिन जैसा कि संसद की स्थायी समिति ने रेखांकित किया, कुशल लोगों को प्लेसमेंट के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सबसे पहले शैक्षणिक उपलब्धियों की मैपिंग, युवा कार्यबल के कौशल को प्रमाणित करने के लिए ढांचा, उद्योग की जरूरतों के हिसाब से पाठ्यक्रमों को पुनः तैयार करने और कंपनियों को कर्मचारियों को कुशल बनाने एवं फिर से कौशल प्रदान करने के लिए कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। सरकार को ग्लोबल स्किल गैप स्टडी द्वारा उजागर किए गए अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। मंडाविया एवं चौधरी को अकाउंट एग्रीगेटर और ओएनडीसी पहलों में भी तेजी लानी होगी, ताकि रोजगार पैदा करने वाले स्टार्ट-अप्स को ऋण और बाजार तक पहुंच मिल सके। पीयूष गोयल (वाणिज्य एवं उद्योग)-बदलती भू-राजनीति, खास तौर पर अमेरिका और चीन के बीच तनाव ने वैश्विक कंपनियों को जस्ट-इन-टाइम (जरूरत पड़ने पर ही आपूर्तिकर्ताओं से सामान मंगाना) से जस्ट-इन-केस (किसी उत्पाद के स्टॉक से ज्यादा बिकने की संभावना को कम करना) बिजनेस मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित किया है। भारत वैश्विक विनिर्माण में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के वैश्विक अवसर के चौराहे पर खड़ा है। मई में पीडब्ल्यूसी द्वारा प्रकाशित एक सर्वेक्षण के मुताबिक, भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अमेरिका और चीन के बाद, तीसरी सबसे अहम कड़ी के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में। हां, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना कुछ क्षेत्रों में फायदा पहुंचा रही है, लेकिन और काम करने की जरूरत है। सुधारों के अधूरे एजेंडे का बोझ राज्यों पर है और यहां नीति आयोग सर्वोत्तम प्रथाओं की एक ब्लू बुक बनाकर बदलाव ला सकता है। भारत को नई श्रम संहिताओं को अपनाने में तेजी लानी होगी। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अधिशेष भूमि का लाभ उठाकर निवेश करने वाली कंपनियों के लिए जगह बनानी होगी और नियामकीय बाधाओं को दूर करना होगा। भारत को निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए और अधिक औद्योगिक समूहों की आवश्यकता है, विशेष रूप से पूर्वी तट और उत्तर के संसाधन संपन्न राज्यों में। मंत्रिमंडल में मंत्रियों के चयन से व्यक्तित्व के साथ फोकस क्षेत्रों के दिलचस्प जुड़ाव, राजनीतिक मजबूरियों और आर्थिक अनिवार्यताओं का पता चलता है।

आप का नजरीया

## सडक़ों पर वाहनों के डेरे

**पर्यटक** सीजन की मेहनत में उस हिसाब का क्या होगा, जो सैलानियों के अनुभव में खीज पैदा करता है। हर साल हिमाचल में सौ से दो सौ होटल, होम स्टे या रेस्तरां बढ़ रहे हैं, लेकिन इन सुविधाओं के ठीक पीछे सैलानियों के सुकून को अपने लिए जगह खोजनी पड़ती है। महज तेरह दिनों में शिमला में अगर सवा पांच लाख के करीब वाहन आ जाएं, तो इस ट्रैफिक के बीच मेहमाननवाजी का आलम क्या होगा। अगर सप्ताहांत पर्यटन की भीड़ में धर्मशाला से मकलोडगंज और भागसूनाग के बीच पांच घंटे ट्रैफिक जाम हो जाए, तो सैलानियों का यात्रा वृतांत क्या होगा। अटल टनल के दोनों छोर से प्रतिदिन दस हजार से ऊपर वाहन लांघते रहें, तो इस डेस्टिनेशन का इंतजाम क्या होगा। हिमाचल में सडक़ से पर्यटक स्थल तक और तीर्थ यात्रा से ट्रैकिंग तक वाहनों से अटे पड़े प्रदेश में अंततः सुकून की परिभाषा है क्या। हमने परिवहन व्यवस्था के नाम पर सिर्फ एक ही आंकड़ा रटा है कि प्रदेश में 24 लाख पंजीकृत वाहन हैं, जबकि बाहरी प्रदेशों खास तौर पर पर्यटक वाहनों की तादाद जोड़ लें तो साल भर में इससे चार गुना वाहन और जुड़ जाते हैं। तेरह दिन में शिमला की सडक़ों पर सवा पांच लाख वाहनों का जमघट स्पष्ट कर देता है कि परिवहन के नीचे व्यवस्था किस हद तक कुचली जा रही है। यह स्थिति तब की है, जब साल में दो करोड़ से कम पर्यटक पहुंच रहे हैं और अगर घोषणा के अनुसार यह संख्या कहीं पांच करोड़ पहुंच गई तो सडक़ों पर वाहनों के डेरे, सारे प्रबंधों को तहस-नहस कर देंगे। कब तक साधारण पुलिस व्यवस्था सीटियां मार-मार कर यातायात व्यवस्था के बीच अड़े पर्यटक सीजन को दुरुस्त करेगी। इसके लिए आवश्यक है कि विशेष प्रशिक्षण के साथ मैत्री पर्यटक पुलिस की स्थापना की जाए। परिवहन को पर्यटन परिवहन के रूप में अंगीकार करते हुए हिमाचल को न केवल सडक़ों के ढांचे में सुधार की जरूरत है, बल्कि वाहनों के संचालन व ठहराव की पूर्ण व्यवस्था का प्रारूप बनाना होगा। पर्यटक अगर अटल टनल, डलहौजी, मकलोडगंज या कसौली पहुंचने से पहले तौबा करें या ट्रैफिक जाम सुकून के पल बर्बाद कर दें, तो हिमाचल में नकारात्मक पर्यटन से बचना होगा। महापर्यटन की शक्ल में सैलानियों की भीड़ को प्रदेश भर में बांटने के लिए एक साथ कई सर्किट बनाने होंगे तथा इनका संचालन मोबाइल ऐप के जरिए संभव हो सकता है। प्रदेश के प्रवेश द्वारों पर पर्यटक व वाहन पंजीकरण से आगे का सफर एक ऑनलाइन अनुमति के साथ व्यवस्थित करना होगा। प्रदेश के दस अति व्यस्त पर्यटक स्थलों व तमाम धार्मिक स्थलों के दायरे में परिवहन परियोजनाएं विकसित करनी पड़ेंगी। इन सभी स्थलों से दस किलोमीटर पहले ही महापार्किंग विकसित करके पर्यटक वाहन रोक देने चाहिएं और आगे का सफर सस्ती व आरामदायक सार्वजनिक परिवहन से सुचारू किया जा सकता है। महापार्किंग स्थल से रोपवे के जरिए मंदिर व पर्यटक स्थल धीरे-धीरे जोड़े जा सकते हैं। पर्यटक स्थलों में साइट सीईंग व्यवस्था के तहत पैकेज ट्रांसपोर्ट नेटवर्क खड़ा करना चाहिए ताकि निजी वाहनों की जरूरत ही खत्म हो जाए।

# एनटीपीसी बिजली प्लांट के राणा कंस्ट्रक्शन के अधीन कार्य कर रहे मजदूर की हुई मौत

## मृतक के आश्रितो को नौकरी एवं 16 लाख रुपये देने पर बनी सहमति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एनटीपीसी के अधीनस्थ कार्य कर रहा राणा कंस्ट्रक्शन कंपनी में नईपारम गांव के निवासी 38 वर्षीय बालकिसुन महतो को कार्य करने के दौरान बाउंड्री वॉल का पिलर गिरने से मौत हो गई है। मृतक के छाती में पिलर गिर जाने से गंभीर हालत में उपचार के लिए हजारीबाग ले जाने के क्रम में मौत हो गई थी।यह घटना शुक्रवार की संध्या 3 बजे की है। 28 जून की रात्रि करीब 10 बजे नाईपारम गाँव के ग्रमीणों व मृतक के परिजनों द्वारा मुआवजा की मांग को लेकर एनटीपीसी गेट नंबर 2 में को जाम कर धरना प्रदर्शन किया गया था। जहां आंदोलनकारियों द्वारा नौकरी और मुआवजा की माँग की जा रही थी। एनटीपीसी के अधीनस्थ कंपनियों में सुरक्षा सेफ्टी किट की कमी होने की वजह से इस



प्रकार की घटनाएं आये दिन घटती रहती है।मृतक बालकिसुन महतो के भाई रामकिसुन महतो ने बताया की मेरा भाई राणा कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्य करता था,कार्य करने के दौरान बाउंड्री वॉल की पिलर अचानक छाती में गिर जाने से मौत हो गई। कंपनी के अधिकारियों के द्वारा मुआवजा की माँग पर मृतक के आश्रित को पचास हजार रुपये नगद (50.000) तथा 16 लाख रुपये देने की लिखित माँग पर सहमति बनी और जाम को हटा लिया गया था। फिलहाल टंडवा पुलिस द्वारा मृतक को अपने कब्जे में लेते हुवे शव परीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है। वैसे तो जीवन अनमोल है पर विभिन्न कंपनियों द्वारा टंडवा में मौत का मोल हमेशा से लगाया जाता रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ये है कि मौत के मामले में परिजनों द्वारा समरुप मुआवजे की मांग को यहां सौदेबाज हमेशा से दरकिनार व इसपर उठने वाली हर आवाजों को कुचलने का प्रयास करते आ रहे हैं। जीवन अनमोल रतन हैं जिसका कीमत कोई नही लगा सकता हैं,इसलिए मुआवजा ऐतिहासिक कभी नहीं हों सकता हैं। इधर कंपनी द्वारा अभी तक 4 लाख 50 हजार रूपये परिजनों को दिया जा चुका है। बाकी का 11 लाख 50 हजार रूपये देने की बात कही गई है।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समारहणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति कि बैठक की गई। बैठक में जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च तिमाही तक सभी बैंको के कार्यो की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि कृषि के क्षेत्र में और सुधार लाने के आवश्यकता है। आगे सभी बैंको के समन्वयक को निर्देशित किया कि जिले का ऋण जमानुपात 30.32 प्रतिशत है उसे बढ़ाने की आवश्यकता है, क्यों कि यह ऋण जमानुपात के न्युनतम मान 40 प्रतिशत से बेहद कम है। उन्होने ऋण जमानुपात को सुदृढ करने के लिए सभी बैंको को बैठक करने के लिए निर्देशित किया। जिन-जिन बैंको का प्रदर्शन असंतोषजनक है उसके लिए उनके वरीय कार्यालयों को अग्रणी जिला प्रबंधक की ओर से एक पत्र लिखाकर कारण पृच्छा की जाय। सरकार योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई.), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), अटल पेंशन योजना, मुद्रा लोन की भी समीक्षा की एवं इसमे और तेजी लाने को कहा। उपायुक्त ने सभी बैंको के समन्वयकों को निर्देशित किया कि साइबर धोखा-धड़ी के प्रति आमलोगों को जागरूक करने हेतु विभिनन क्षेत्रों में कैंप का आयोजन करें।

## प्रमुख ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, मिला बंद



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रमुख रोहन साव ने शनिवार को जबड़ा पंचायत के कुट्टी रंगेनिया आंगनबाड़ी केंद्र भाग एक का निरीक्षण किया जहां निरीक्षण के दौरान केंद्र बंद मिला। जबकि दो बच्चे केंद्र के बाहर खेल रहे थे जिसे देख बेहद नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सेविका द्वारा समय से केंद्र नही खोलने पर भड़क उठे।उन्होंने कहा कि केंद्र के संचालन में काफी लापरवाही इन दिनों सेविकाओं द्वारा बरती जा रही है। जिसे कतई बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी इस केंद्र का जांच किया गया था। किंतु इसमें कोई सुधार नहीं किया गया है। प्रमुख ने कहा कि पर्यवेक्षकों के द्वारा केंद्रों का निरीक्षण नही करने का नतीजा है। उन्होंने सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर अविलंब करवाई करने की बात कही है।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर महेंद्र कुमार साहू को दी गई विदाई



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के मिसरौल झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मैनेजर महेंद्र कुमार साहू को बैंक कर्मियों एवं ग्रामीणों ने विदाई दिया है। यह विदाई बैंक प्रांगण में अंगवस्त्र एवं जरूरी के समान देकर सम्मानित करते हुए दिया है। इनका ट्रांसफर रांची के हेड ऑफिस एनपीए डेस्क ऑफिसर के पद पर प्रोनती की गई है। मैनेजर महेंद्र साहू मिसरौल झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 15 सितम्बर 2021 को पदभार लिए थे। जबकि ट्रांसफर 29 जुन 24 को की गई है। मौके पर नमीरा ईटरप्राइजेज के प्रोपराइटर मो नसरुद्दीन, बैंक बीसी तरुण कुमार पांडेय, उदय चौबे, भोला कुमार, मो मुर्शीद, अजीत कुमार, जितेंद्र कुमार,किरण कुमारी, बैंक सखी अंजली कुमारी, राज कुमार, के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मिलेगी एक हजार रुपये प्रति माह पेंशन : मंत्री सत्यानंद भोगता

### कैबिनेट ने 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने के प्रस्ताव को भी मिली है मंजूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड राज्य में 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन मिलेगा। 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। यह फैसला प्रदेश में ऐतिहासिक है। हमारी सरकार हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। युवाओं को सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ा गया है। ये बातें आज झारखंड के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता ने चतरा प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस अवसर पर मंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र के साथ करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया।मंत्री सत्यानंद भोगता आज



तीन दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे।इस दौरान उन्होंने चतरा सदर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार काफी संवेदनशील है। गरीबों के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव को कल कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है, जो पूरे देश में एक ऐतिहासिक फैसला होगा। हमारी सरकार हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। युवाओं को सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ा गया है। अगले चार माह के दौरान चालीस हजार युवक एंव युवतियों को सरकारी नौकरी से जोड़ा जायेगा। इसके बाद पात्र लाभार्थियों के बीच विकास योजना के तहत अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, श्रम विभाग पंजीकरण कार्ड, जॉब कार्ड, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, बकरी प्रजनन योजना, डेयरी गाय और कई अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र दिया गया। करोड़ों रुपये की संपत्ति बांटी।

## प्रभात मंत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने पर विधायक के पीएस ने लिया संज्ञान, सुराही मोड़ से नदियापर जाने वाले सड़क का होगा जिर्णोधार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** थाना क्षेत्र के करमा पंचायत अंतर्गत करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सुराही मोड से हदहदवा होते हुए नदियापर बेला की तरफ जाने वाला मार्ग पथरीला है से संबंधित खबर प्रभात मंत्र द्वारा विशेष रूप से प्रकाशित किए जाने पर सिमरिया विधायक श्री किसुन कुमार दास के पीएस और विधायक पुत्र ने संज्ञान में लिया है।विधायक के पीएस ने दूरभाष पर बातचीत करते हुए प्रभात मंत्र संवाददाता जयशंकर प्रसाद वर्मा से बातचीत करते हुए कहा कि मयूरहंड में सड़कों का जाल बिछाया रहा है लेकिन इस सड़क की खबर ना तो विधायक जी को दिया गया ना मुझे दिया गया अब जाकर खबर अखबार में पढ़ा हूं तो संज्ञान में लिया हूं। वहीं दूसरी तरफ विधायक पुत्र श्री पंकज दास ने



कहा कि अखबार में खबर पढ़कर मैं काफी प्रभावित हुआ हूं और पूरी कोशिश करूंगा कि उक्त गांव तक जो फिलहाल पथरीला रास्ता है उसे कम से कम चलने के लायक बनवा सकूं। विधायक के पीएस ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 किलोमीटर तक की सड़क बनाने की स्वीकृति राज्य सरकार के द्वारा दी जाती है और इस बार सडकों की सूची बनाकर कागजी प्रक्रिया में भेजा जा चुका है ऐसे में फिलहाल इस सड़क पर बहुत कुछ बोलना जल्दबाजी होगा लेकिन पूरी कोशिश करूंगा कि इस सड़क की कुछ न कुछ मरम्मत किया जा सके ताकि लोगों को चलने में दिक्कत ना हो और उन्हें आने जाने में परेशानियों से निजात मिल सके। आपको बता दें कि यह सड़क पूर्ण रूपेण से वन भूमि पर बना हुआ है जिसमें इस सड़क को बनाने के लिए सबसे पहले वन विभाग से एनओसी लेना होगा जो जटिल प्रक्रिया तो नहीं है लेकिन इरादे साफ होने चाहिए तभी यह सड़क बनाया जा सकता है और उक्त तीन गांव के लोगों को इसका सीधा फायदा होगा।

## एनटीपीसी से निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर भाजपाइयों का अनिश्चितकालीन धरना हुआ प्रारंभ




**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं नो एंट्री की मांग को लेकर भाजपाइयों का अनिश्चितकालीन धरना 29 जून से प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व संध्या को टंडवा के शहीद चौक से मसाल जुलूस निकालकर एनटीपीसी एवं सीसीएल प्रबंधन के विरोध में नारे लगाते हुए धरना का आगाज किया। शनिवार को सभी भाजपाइयों एवं प्रखंड क्षेत्र के लोग पशु बाजार पर एकत्रित हुए। उसके बाद जुलूस के रूप में टंडवा बाजार होते हुए प्रखंड परिसर के आगे मैदान में बने धरना स्थल पर पहुंचे। इस अनिश्चितकालीन धरना में चतरा के वर्तमान सांसद कालीचरण सिंह एवं सिमरिया विधानसभा के विधायक किशून कुमार दास शामिल हुए। बिजली की समस्या को लेकर इस महा आंदोलन में टंडवा व्यवसायिक संघ का भाजपाइयों को पूरा समर्थन प्राप्त हुआ। एक दिन के लिए टंडवा के सभी व्यवसाईयों ने अपनी अपनी दुकान बंद रखी। आंदोलन की शुरुआत होते ही टंडवा बाईपास सड़क में चलने वाली कोल वाहनों का परिचालन बंद करवाया गया।

## अवैध बालू लदा चार ट्रेक्टर जब्त, चार गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर शनिवार को थाना क्षेत्र केचकी पंचायत के मोदी बालू घाट पर छापेमारी कर अवैध बालू लदा चार ट्रेक्टर को बरवाडीह पुलिस ने जब्त करते हुए चार अवैध उत्खनन तस्कर को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार लोगो मे मंटू सिंह पिता मुंद्रिका सिंह ग्राम घोरही थाना सतबरवा पलामू, बली कुमार पिता बिरजू भुईया ग्राम सोनपुरवा थाना मेदिनीनगर, राहुल उरांव और आशीष उरांव पिता सुनेश्वर उरांव ग्राम कुजर थाना बारेसाढ का रहने वाला है। इस संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत केचकी पंचायत के मोदी घाट से बालू तस्कर द्वारा ट्रेक्टर में अवैध बालू लोड किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि करते बरवाडीह थाना द्वारा टीम गठित कर केचकी के मोदी घाट पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बालू घाट से अवैध बालू लदा चार ट्रेक्टर को जब्त करने के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं जब्त ट्रेक्टर बिना नंबर का है जिसमें एक सोनालिका और तीन महेंद्रा कंपनी का ट्रेक्टर है। छापेमारी दल मे अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी राहुल सिंह, पुअनी अनिल कुमार मंडल, यकीम अंसारी ,बिनय कुमार सिंह शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## तुबेद कोलियरी में अज्ञात अपराधियों के द्वारा फायरिंग से दहशत का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के तुबेद कोलियरी के कांटाघर के पास शुक्रवार की रात अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस फायरिंग की घटना में कोलियरी के एक कर्मी के हाथ में गोली लगी है।उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात अज्ञात अपराधी कोलियरी के कांटाघर के पास पहुंचे। और फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग की घटना से वहां काम कर रहे कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। कर्मियों ने बताया कि भागने के दौरान कांटाघर के कंप्यूटर ऑपरेटर आलोक साव को गोली लग गई। इस दौरान करीब 5 बार फायरिंग करने के बाद अपराधियों ने वहां पर्चा फेंका और वहां से फरार हो गए। इधर, घटना के बाद घायल को सदर अस्पताल लाया गया। जहां



प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद अपराधियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी छोड़ा। पर्चा एसजी जगुआर नामक संगठन के नाम से छोड़ा गया था। हालांकि जिले में अब तक ऐसे किसी संगठन का नाम चर्चा में नहीं आया है। इसलिए यह अनुमान लगाया जा रहा है। कि अपराधियों ने फिरौती वसूलने के लिए इस तरह का संगठन बनाया होगा। इधर, पुलिस टीम ने पर्चा जब्त कर लिया है। पुलिस अग्रतर कारवाई मे जुट गई है।

## बारियातू पुलिस ने एक प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के गुरुवे ग्राम निवासी एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त रंजीत गंझु पिता स्व ठेचा गंझु को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.इस जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के घर से पूर्व मे डोडा और अफीम बरामद किया गया था. रंजीत गंझु एनडीपीएस बारियातू थाना कांड सं0 - 28/24 दिनांक - 03.04.2024 धारा - 15 (b)/17 (b)/18(b)/18(c)/22(c) एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रंजित गंझू पिता - ठेचा गंझू पता - गुरुवे थाना - बरियातू जिला - लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## पूर्व मुखिया रामधनी सिंह का निधन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत छिपादोहार निवासी भाजपा के नेता सह छिपादोहार पंचायत के पूर्व मुखिया रामधनी सिंह का शुक्रवार की देर रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र और तीन पुत्री को छोड़ गए। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया और उनके आवास पर लोगो का ताता लगता गया। जहां मृतक रामधनी सिंह जनसंघ काल से अबतक भाजपा के कई पदों पर विराजमान रहे। वहीं मृदुल भाषी सिंह के निधन से भाजपा ने एक कर्मठ और जुझारू नेता खो दिया। उनके शव यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमानंद गिरी, पूर्व सांसद विनीत मधुकर, राजू प्रसाद ,मंडल अध्यक्ष बृज मोहन सिंह पूर्व जिप् सदस्य शिल्पी कुमारी, जिप सदस्य संतोषी कुमारी, कन्हाई सिंह, पवन गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, गारू प्रखंड के माया पुर पंचायत मुखिया सुभाष सिंह भाजपा प्रखंड कार्यसमित सदस्य अलोक कुमार सिंह समेत सभी राजनीतक दलों के कार्यकर्ता और समाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रुद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बेलवाड़ीह ग्राम में 7 दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर शनिवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा बेलवाड़ी मंदिर से आरंभ होकर नगडा होते हुए कई टोलो मोहल्ला का भ्रमण करते हुए जरी ग्राम के भुतहा नदी पहुंचा ।जहां आचार्य बाबा विनोद मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ पूजा अर्चना करते हुवे कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप परिसर पहुंचा। इस कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गेरुआ रंग वस्त्र धारण कर हर हर महादेव, जय श्री राम समेत कई नारा लगा रहे थे। शोभायात्रा पुनः वापस यज्ञ मंडप पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने बताया कि सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ आज से आरंभ हो गया है 30 जून को



वैदिक पूजन एवं अग्नि मंथन, 1 जुलाई से 4 जुलाई तक वैदिक पूजन वहां हवन, 5 जुलाई को हवन एवं पूर्णाहुति व विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान रात्रि में बाहर के कई विद्वानों द्वारा प्रवचन किया जाएगा। इस कलश यात्रा में बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, भाजपा नेता गंगेश्वरी यादव, राजेंद्र साव, राजेश यादव, प्रवीन कुमार, अजय यादव, बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी, राजेश साहू, कमलेश साव, बिहारी यादव, जितेंद्र तूरी, कृष्णा साब, दीपक यादव, संतोष यादव, प्रेम शंकर प्रसाद, राजेंद्र साहू, गिरधारी यादव, संजीत प्रसाद साहू, लालदेव गंझु समेत कई लोग शामिल थे।

## युवतियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया रांची व छत्तिसगढ़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना अन्तर्गत बारियातू प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम एवं पलाश जेएसएलपीएस बारियातू के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकण (बीपीएम) दीपक कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से सात बच्चियों को सिलाई प्रशिक्षण के लिए रांची बुटी मोड़ स्थित एलएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल एंड टेक्नोलॉजी एवं तीन बच्चियों को नर्सिंग प्रशिक्षण के लिए रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी भिलाई छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना कौशल विकास योजना अंतर्गत बच्चियों का स्किल डेवलपमेंट एवं जॉब प्लेसमेंट के लिए जेएसएलपीएस के पहल पर भेजा




जा रहा है। ताकि ये बच्चियां जो बीच में ही किसी कारण वश पढ़ाई छोड़ चुकी है वे प्रशिक्षण लेकर नौकरी प्राप्त कर सकें। मौके पर जिला कार्यालय जेएसएलपीएस के स्कील डीएम नवनीत सिंह, बालूभांग पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजेश राम सीसी सत्येन देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, उत्तम कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, अनिल उरांव, सखी मंडल के सबीता रानी, ममता देवी, खुशीलता देवी, जेआरपी रोहन कुमार, मोबलाईजर दीलीप एवं चंदु के साथ कैंडीडेट्स एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र में निःशुल्क कान जांच शिविर का आयोजन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ के निर्देशन में शनिवार को सीएसआर चिकित्सा पहल के तहत चमातु स्थित पिट कार्यालय में निःशुल्क कान जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आस पास क्षेत्र के गांवों से आए मरीजों की जांच सीसीएल गांधीनगर अस्पताल रांची के डॉ. एसपी रंजन के द्वारा कुल 80 लाभार्थियों की कान जांच किया गया व पोषण आहार की टोकरी दी गई। इस अवसर पर स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक) संजय कुमार चौबे, एएमओ डॉ. प्रभा कुमारी, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार, सीएसआर पदाधिकारी डॉ. दिग्विजय कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## सर्पदंश से छात्रा की मौत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के गोनिया पंचायत के नावाडीह ग्राम में शुक्रवार की देर रात्रि सर्प दंश से प्रमिला कुमारी 14 वर्ष पिता राजु गंझु ग्राम नावाडीह की मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार प्रमिला कुमारी अपने घर के बाहर टहल रही थी। इसी बीच एक जहरीला सांप ने उसे काट लिया। इसके बाद वह अचेत हो गई। परिजनो द्वारा अचेताअवस्था में प्रमिला कुमारी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ संजय सिद्धार्थ द्वारा जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि प्रमिला कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोनिया के आठवा वर्ग की छात्रा थी ।वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर प्रशासन दिखी एक्शन मोड पर


कई सड़कों से हटाया गया अतिक्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था से परेशान शहरवासियों को अब इस परेशानी से निजात मिलने वाली है क्योंकि हजारीबाग के पुलिस कप्तान ने रांची हाईकोर्ट में जाकर यह वादा किया है की बहुत जल्द ट्रैफिक को नियम अनुसार सुधारने पर ठोस कदम उठाया जाएगा. आपको बता दें कि विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची हाईकोर्ट मे दायर जनहित याचिका के आलोक पर हजारीबाग पुलिस कप्तान सशरीर रांची हाईकोर्ट में उपस्थित होकर यह वादा करके आए हैं की बहुत जल्द शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की ओर ठोस कदम उठाया जाएगा. इसके बाद जिला प्रशासन ट्रैफ़िक व्यवस्था सुधारने को लेकर पूरे एक्शन मोड मे दिखाई दे रही है. व्यस्त सड़कों से अतिक्रमण हटा रही है, लोगों से वाहन की पार्किंग उचित स्थल पर करने को लेकर अपील कर रही है साथ ही साथ वाहन जाँच अभियान चलाकर नियम के अनुसार नही चलने वालो के खिलाफ कार्यवाई भी कर रही है.आपको बता दें कि हजारीबाग शहरवासी बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं. बाजार, कोर्ट कचहरी अस्पताल, स्कूल जाने के क्रम में कितनी जुंबिसों का सामना करके अपने मंजिल तक पहुंचते हैं जिसका अंदाजा लगाना सहज नहीं है. ट्रैफ़िक समस्या विकराल रूप धारण कर लिया तो तंग आकर हजारीबाग के एक सज्जन ने हाईकोर्ट मे जनहित याचिका दायर कर दी. जिसके बाद यहाँ के पुलिस कप्तान को इसको लेकर हाई कोर्ट मे शशरीर उपस्थित होना पड़ा . हाई कोर्ट मे पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफ़िक व्यवस्था मे जल्द सुधार करने का वादा किये हैं जिसके बाद पुलिस प्रशासन पूरे एक्शन मोड पर दिखाई दे रही है. आपको बता दें कि हजारीबाग का झंडा चौक, अन्नदा चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड, बड़ा बाजार ग्वाल टोली चौक, छोटा ग्वाल टोली चौक, इंद्रपुरी से पगलमिल का रास्ता हो या शहर का कोई भी इलाका जाम लगने से अछूता नहीं है. हजारीबाग का सबसे व्यस्ततम इलाका अन्नदा चौक से बुढ़वा महादेव के बीच खास तौर से शाम के वक्त ट्रैफिक व्यवस्था को दरकिनार कर जाम लगने का नजारा ऐसा होता है मानो सारी छोटी बड़ी गाड़ियां रुक रुक जाती है. घंटो घंटो यहां जाम लगा रहता है खिसकते खिसकते घंटे बीत जाने के बाद बमुश्किल रास्ता चलने का काबिल बनता है फिर चाहे इस रास्ते से एंबुलेंस गुजरे यह किसी ई रिक्शा पर बैठे वृद्ध ही क्यों ना हो. शहर के ही कुछ समाजसेवी कभी कभी जाम को हटाने में मदद करते हैं तब जाकर रास्ता साफ होता है. हालत तो यह है कि अगर जल्दी जाना हो फिर चाहे स्कूल हो या कॉलेज बच्चों की गाड़ियां हो या एम्बुलेंस सबको जाम की मार झेलनी पड़ती है. हाई कोर्ट में हजारीबाग पुलिस कप्तान के द्वारा कहीं गई यह बात की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए अफसोस कदम उठाया जाएगा इस बात इस बात को सुनकर शहर के लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं जानकारों का मानना है की हजारीबाग का इलाका जैसे पहले था अभी तक वैसा ही है लेकिन यहां की आबादी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है ऐसे में अगर शहर में फ्लाईओवर नहीं बना तो व्यवस्था जिसकी तस्वीर बनी रहेगी फिर चाहे कितना भी ट्रैफिक नियम का पालन किया जाए स्थिति सुधरने वाली नहीं है हजारीबाग पुलिस कप्तान पर सभी की निगाहें टिक गई है अब देखना है कि क्या वाकई मे इन सबका कुछ असर ट्रैफ़िक व्यवस्था पर पड़ेगा या फिर वही पुरानी व्यवस्था बरकरार रहेगी.

# जमानत मिलने पर संजीव बेदिया ने कार्यकर्ताओं के साथ हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा से सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाते हुए हेमंत सोरेन के आवास पर मुलाकात किया। श्री बेदिया ने कहा सच्चाई की सदैव जीत हुई है, सत्य कभी हार नहीं सकता है। भले देर हो सकता है लेकिन झुक नहीं सकता है और आज हम लोगों होली और दशहरा के रूप में त्योहार मना रहे हैं। केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार झारखंड में जब से बना है हमेशा गरीब आदिवासी को सीधे तौर पर लाभ मिला है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने कहा हेमंत सोरेन के जेल से निकलने का 6 महीने से कार्यकर्ता इंतजार कर रहे थे। झारखंड का मसीहा, गरीबो, आदिवासी के मसीहा हेमंत सोरेन के जेल से बाहर निकलने से कार्यकर्ताओं में अलग प्रकार की खुशी देखने को मिल रही है। वहीं कार्यकर्ताओं द्वारा शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पक्ष में नारे लगाए। मौके पर नीलकंठ महतो, पूर्व केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद, संजय करमाली, मुकेश रावत, उदय अग्रवाल, रामलखन महतो, राजेंद्र भुइयां, इंद्रदेव राम, गणेश गंझु सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फर्स्ट जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ, डीजीपी अजय कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को स्थानीय कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में जिला राइफल एसोसिएशन के तत्वाधान में फर्स्ट जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ डीजीपी अजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर डीआईजी सुनील भास्कर, डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, ब्रिगेडियर राजेश करेल, एसडीपीओ सदर कुमार शिवाशीष, एसडीओ शैलेंद्र कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर नीरज कुमार, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह तय्यब ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण में राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने कहा कि उन्होंने कैसे कम संसाधनों और सचिव नीलेंद्र जयपुरियार के साथ मिलकर इस फायरिंग रेंज को डेवलप किया। जीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बड़े-बड़े देशों में किस तरह लोग एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेकर अपने दिमाग को व्यस्त रखते है। इस प्रकार भारत में भी लोगों को अपने बच्चों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में व्यस्त कर उसकी प्रतिभा को उभर सकते है। साथ ही उन्होंने डीसी से अनुरोध किया कि बच्चों की सुविधा के लिए 25 मीटर और 50 मी का रेंज दिया जाना चाहिए। सचिव नीलेंदु जयपुरियार ने कहा कि बच्चों के लिए एक बड़ी सुविधा यहां की गई है और आने वाले समय में यहां के बच्चे नेशनल स्तर तक जाएंगे उसके लिए वह प्रयासरत है। उन्होंने प्रातः आवाज के सीईओ हेमंत कुमार को धन्यवाद किया। उनके द्वारा प्रदान किया गया 1 लाख 40 हजार रुपए का कंप्यूटर बच्चों के एनालिसिस के लिए बहुत ही आवश्यकता थी जिसकी पूर्ति उन्होंने की है। डीजीपी ने कोच रिद्धि कुमारी, संदीप कुमार, तनवीर, राहुल को सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव, मंच संचालन विश्वेन्दु जयपुरियार ने किया। मौके पर भैया अभिमन्यु प्रसाद, मुन्ना सिंह, विनोद मेहता, सियाराम सिंह, बबलू सिंह और मनोज गुप्ता, सब्रोटो राय सहित कई अन्य उपस्थित हुए।

# श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह देवी भागवत कथा को लेकर निकाला झंडा शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में भक्ति भाव का माहौल हर तरफ देखने को मिल रहा है विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इन्हीं कार्यक्रमों के बीच 9 जुलाई से 16 जुलाई तक ओकनी बड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर शनिवार को बड़ा शिव मंदिर प्रांगण से भव्य झंडा शोभा यात्रा निकली गई शोभायात्रा में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए मोहल्ले वासियों के द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया इसके पश्चात श्री अजमेरा ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की, इसके उपरांत मंदिर परिसर से भव्य झंडा शोभायात्रा पूरे गाजे बाजे के साथ निकली,ओकनी तालाब, गली नंबर चार,न्यू एरिया रोड से पंचमुखी मंदिर, पैगोडा चौक,ओकनी छोटा शिव मंदिर, ओकनी साई मंदिर होते हुए मंदिर परिसर पहुंची जहां पर भव्य झंडा का ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद श्री अजमेरा के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के बीच शरबत का वितरण किया गया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने मोहल्ले वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि पूजा-पाठ, भगवान का मनन करने से उनसे हमारा सीधा संपर्क हो जाता है। जिसके कारण उनकी कृपा हमारे ऊपर बनी रहती है और हर काम में हमें सफलता प्राप्त होती हैं। माना जाता है कि पूजा करने से हमारे मन को शांति मिलती है। सनातन धर्म सद्भाव, एकता और भाईचारा का प्रतीक है। लोगों की सेवा करना तथा उनकी मदद करना सनातन धर्म की सेवा करने का समान है।

# भाव्य सर्व कल्याण नवचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्रतिष्ठा नव दिवसीय महायज्ञ शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड अंतर्गत पुनाई पंचायत के ग्राम बसरिया में भाव्य नौचंडी महायज्ञ का प्रारंभ हो चुका है । ग्राम सह पंचायत एवं दूसरे पंचायत के और दूर -दराज से आये भक्तों ने मिलकर इस नव दिवसीय महायज्ञ महोत्सव में शामिल हैं । आज दिनांक 29/6/2024 समय सुबह 6:30 बजे से कलश यात्रा का प्रारंभ हुआ ।जिसमें हजारों महिलाओं संग छोटे-बड़े बच्चों की बड़ी झुन्ड इस कलश यात्रा में शामिल हुए बताते चले कि ग्राम देवी माता भक्तों ने माता के प्रति अपना प्राण भी निछावर करने के लिए तैयार है आज ग्राम बसरिया से ग्राम देवी माता के भक्ती में लीन होकर भक्त गन नंगे पांव 5 किलोमीटर की सफर जो हमारे पंचायत में मौजूद नदी जिसका नाम गोबराही है तय किया और वहां से जल को उठाया गया इस कलश को।

## हुरहुरू बाबा पथ मे महिला से हुई सोने की चेन की छिनतई

**हजारीबाग :** हुरहुरू के बाबा पाथ इलाके मे महिला से दो युवकों द्वारा सोने की चेन छीने जाने का मामला सामने आया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चेन छिनने वाले युवकों कि तस्वीर कैद हो गई है। घटना को अंजाम देनेवाले का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। इलाके में गश्त तेज कर दी गई है ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

## जिला अवर निबंधक रीत राम के विदाई समारोह में सहकर्मियों ने किया सम्मानित



**हजारीबाग :** रजिस्ट्री ऑफिस के सभागार में एक सादे कार्यक्रम के तहत विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे जिला अवर निबंधक राम कुमार मधेसिया अवर निबंधक बरही विकाश कुमार, सहित ऑफिस के तमाम कर्मचारी मौजूद थे सभी ने इनके साथ किए कार्य को सराहा तो वही जिला अवर निबंधक ने कहा की रीत राम जी से मैंने भी काम करना सीखा इनके साथ बिताए 2 साल जीवन में सदैव याद रखेंगे तो वही रीत राम जी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा की मैंने 40 साल सेवा दी काम के शुरुवात में मार्टिन एक्का गुरु थे गुरु ने कहा था की ईमान कभी नही बेचना इस बात को अपने सेवा काल में समाहित करते हुए कार्य को सुरु किया जिसको अपने कार्यदिवास के अंतिम समय तक निभाया। मैं सेवा निर्वित हो रहा हूं लेकिन ऐसा लग रहा है मानो कल से मैं काम करना सुरु करूंगा इसके पीछे मेरा स्वस्थ शरीर है जिसे मैंने नशा से दूर रखा इसलिए आज भी वही जोश है जो कार्यालय के पहले दिन था इसलिए मैं अपने विदाई के दिन सभी से अनुरोध करूंगा अपने आप को नशे से दूर रखे,साथ ही आज अंतिम दिन आप तमाम साथियों से आग्रह है की जो भी मुझ से गलती हुई है मुझे आज अपने कार्य के अंतिम दिन माफ करेंगे।

## श्मशान घाट सेवा समिति ने अग्नि संस्कार के लिए नि:शुल्क लकड़ी का वितरण किया



**बड़कागांव :** श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा शव जलाने के लिए आम गरीब असहाय लोगों के बीच निशुल्क लकड़ी का वितरण निरंतर जारी है। शनिवार को बड़कागांव मध्य पंचायत हरिजन मोहल्ला निवासी आरती कुमारी (पिता स्वर्गीय राजू भुइयां) की मृत्यु हो गई। जिसके अग्नि संस्कार के लिए श्मशान घाट सेवा समिति का अध्यक्ष दिनेश सिन्हा के नेतृत्व में निशुल्क लकड़ी दिया गया है। साथ में मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति को अंग वस्त्र तथा अन्य सहयोग दिया गया। शमशान घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिन्हा व मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा शमशान घाट सेवा समिति के द्वारा सभी वर्गों के लिए सामान्य रूप से मदद किया जाता है। असहाय गरीब तबके के लोगों को विशेष रूप से निशुल्क लकड़ी देकर सहयोग किया जा रहा है। श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा अब तक कुल 175 शव को जलाने के लिए लकड़ी का वितरण किया गया है। मौके पर सुरेन्द्र महतो, ललन भुईयां, पुषण भुईयां, करू भुईयां, राहुल भुईयां, रोहित कुमार, मोती भुइयां, संजय भुईयां, सोमर भुईयां, किटकन भुईयां आदि उपस्थित थे।

# धनवार पैक्स कार्यालय में बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का किया गया आयोजन

- **कृषि ने मानव सभ्यता के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है : राजेन्द्र प्रसाद**
- **कृषि विज्ञान की वह शाखा व कला है जिसके अंतर्गत फसलों को उगाने व पशुओं को पालने का अध्ययन किया जाता है : ममता देवी**






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय में धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। सेक्रेटरी नंदकिशोर प्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर ऋषिकांत सागर, रितेश कुमार, विवेक कुमार, के द्वारा कृषि संबंधित तकनीक की जानकारी, कृषि संबंधित समस्या और समाधान, सरकार की नई योजना की जानकारी,पशु एवं मत्स्य पालन की जानकारी,मिट्टी जांच से होने वाले लाभ की जानकारी, टपक सिंचाई की जानकारी, सहित अन्य बिंदु पर चर्चा किया गया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कृषि तकनीकों के विकास के कारण कृषि उत्पादकता में लगातार वृद्धि हुई है और एक समय अवधि के दौरान इन तकनीकों के व्यापक प्रसार को अक्सर कृषि क्रांति कहा जाता है।समाजसेवीका ममता देवी ने कहा कि स्वक्ष्छ योजना के तहत, प्रत्येक स्वक्ष्छ वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है,इस निर्णय से पैक्स, जो आमतौर पर अल्पकालिक ऋण और बीज, उर्वरक आदि के वितरण का कार्य करती हैं, यह पहल सहकारी समितियों को आवश्यक बाजार लिंकेज प्रदान कर उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने में भी सहायक होती। स्वक्ष्छ योजना के तहत, प्रत्येक स्वक्ष्छ वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, इस निर्णय से पैक्स, जो आमतौर पर अल्पकालिक ऋण और बीज, उर्वरक आदि के वितरण का कार्य करती हैं, भारत के कृषि क्षेत्र में आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों का उपयोग न कर पाना, परिवहन सुविधाओं का अभाव, भंडारण सुविधाओं का अभाव, परिवहन सुविधाओं का अभाव, अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव तथा मिट्टी की खराब गुणवत्ता के कारण उपज में कमी आदि जैसी समस्याएं हैं। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद,प्रसाद समाजसेवी का ममता देवी, वार्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, तिलक यादव, प्रकाश साव,राजेंद्र उर्फ राजन, केशव यादव, जागेश्वर साव,केशव महतो,उमेश प्रसाद, विकास कुमार, मनोज केसरी ,सुरेश महतो, ज्ञानी महतो, रामचन्द्र सिंह, मंटु ठाकुर, शिवशंकर महतो,मोनिका कुमारी,विक्की रानी ,रिंकी देवी, रुखसाना खातून, शहनाज खातून ,उषा देवी, कौशल्या देवी ,शकुनी देवी, झालो देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, सविता देवी, उमा देवी, मंजू देवी, कंचन देवी, सोनिया कुमारी ,नेहा कुमारी, प्रियंका देवी, देवंती देवी, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अब पानी की किल्लत श्राद्ध कार्यक्रम में भी, मदद को आगे आए मुखिया समशेर आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही में पानी की किल्लत दिन पर दिन गहराता जा रहा है। आलम यह है कि किसी व्यक्ति के मृत्यु के बाद होने वाले श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर नदी घाट पर भी पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोग परेशान हो रहे है। स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत के मुखिया से जो कुछ संभव हो पा रहा है, वे लगातार पंचायत वासियों को मदद करने का कार्य कर रहे है। विदित हो कि आज से दस दिन पूर्व बरही प्रखंड के बरही पश्चिमी पंचायत के मल्लाह टोली निवासी राजेंद्र निषाद उर्फ छोटू निषाद का बीमारी के कारण आकस्मिक निधन हो जाता है। शनिवार को उनका दशकर्म श्राद्ध कार्य होना था, लेकिन घर तो दूर नदी घाट में भी पानी का एक बूंद नहीं रहने से शोकाकुल परिवार व ग्रामवासी चिंतित हो गए और मदद की गुहार स्थानीय मुखिया शमशेर आलम से लगाई। मुखिया ने सूचना मिलते ही एक टैंकर पानी शोकाकुल परिवार के आवास पर व एक टैंकर पानी नदी घाट पर पहुंचवाया। जिससे श्राद्ध कार्य में शामिल महिला पुरुष नदी पर टैंकर के पानी से स्नान कर श्राद्ध कार्य का नियम पूर्ण किए। इस दौरान मुखिया शमशेर आलम के मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम मौजूद रहे। मुखिया शमशेर आलम ने बताया की पंचायत में पानी की समस्या गहराता जा रहा है, फिर भी उनसे जो सहयोग हो पा रहा है, वह अपने पंचायत वासियों के लिए करने को सदैव तत्पर है।

# बिजली एवं रोड जाम की समस्या को लेकर रैली एवं सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम के नेतृत्व में बिजली समस्या और रोड जाम को लेकर रैली एवं सभा का आयोजन किया गया। बिजली विभाग की लापरवाही और सरकार की गलत नीतियों के वजह से बड़कागांव बिजली की समस्या से जूझ रहा है। रोड जाम की समस्या आर अन आर कॉलोनी से चलने वाली बसों के वजह से होता है। मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि यह बड़कागांव का दुर्भाग्य है कि जिस जगह पर बड़ी कंपनियां संचालित है वहां के लोगों की यह हालत है। समाजसेवी सोनू इराकी ने कहा जिस जगह के कोयले से देश से लेकर विदेश तक रौशन हो रहा है वहीं के लोगों को अंधेरे में रहने पर विवश किया गया है। अगर हम लोग को बिजली नहीं देती है तो कंपनी के सारे कार्यों को बंद कर देंगे। नागरिक अधिकार मंच के जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि बड़कागांव में बिजली ठीक रहती थी लेकिन जब से कंपनियां आई है बिजली की स्तिथि बद से बदतर हो गई है। इस दौरान लोगों ने बिजली विभाग हाय हाय के नारे लगाए। इंग्लिश सोनी ने कहा कि अपना हक अधिकार लेने के लिए लोगों को समर्थन करना चाहिए। जिप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़कागांव में रैली और सभा की जा रही है अगर हम लोग को कम से कम 20 से 22 घंटा बिजली अगर नहीं दी जाएगी तो हम लोग धरना में बैठ जाएंगे। कंपनी और सरकार का विरोध करेंगे और 2024 में होने वाले चुनाव में सरकार का तख्तापलट करेंगे। इस मौके पर किशोर कुमार, राकेश कुमार, मिथिलेश कुमार, जांनिसार आलम, मो तारीक, विजय कुमार, अजीत कुमार, राजू कुमार साहू, रोहन कुमार, जुबेदा खातून, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद मकसीर, पवन कुमार, सरोज कुमार, मनोज सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सुब्रतो कप अंडर 17, पदमा और सदर पहुंची फाइनल में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आज तीसरा दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन हजारीबाग के नेतृत्व एवं अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा, एपीओ संजय तिवारी, लालिमा ज्योत्सना लकड़ा के सफल निर्देशन में प्रतियोगिता रोमांच से भरा रहा । खेल का आरंभ बरही एवं इचाक से बालिका टीम के साथ हुआ जिसमे बालिका इचाक की टीम पेनाल्टी शूटआउट द्वारा 2-3 गोल से ,पदमा और चौपारण में से पदमा 2-0 से ,कटकमसांडी एवं विष्णुगढ़ में से कटकमसांडी पेनाल्टी शूटआउट द्वारा 3-2 से , दारू और टाटीझरिया में खेला गया जिसमें टाटीझरिया की टीम के नही पहुंचने के कारण दारू प्रखंड की टीम को वॉक ओवर दिया गया, बड़कगांव केरेडारी में बड़कागांव 1-0 से,चुरचू कटकमदाग में चुरचू 4-3से, चलकुशा सदर में सदर 3-0 से,बरकट्ठा डरी में बरकट्ठा 3-0 से, विजयी रही। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में पहले क्वार्टर फाइनल मैच में पदमा प्रखंड और दारू प्रखंड के बीच खेला गया जिसमें पदमा की टीम 4-0 से हुई दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच कटकमसांडी और इचाक प्रखंड के बीच खेला गया जिसमें कटकमसांडी की टीम पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से , तीसरे मैच में चुरचू एवं बड़कागांव में चुरचू 1-0 से ,चौथा बरकट्ठा सदर में सदर 2-0 से विजई रहा। पहला सेमीफाइनल मैच पदमा और कटकमसांडी प्रखण्ड के बीच खेला गया जिसमें पदमा 4-0 शून्य से विजयी रही, दूसरा सेमीफाइनल चुरचू और सदर के बीच में हुआ जिसमे सदर 3-0 से विजयी रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में खेल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह,सुनील कुमार यादव, पवन कुमार,किशोर कुमार, गोविंद गुप्ता,अनिल दास,अश्विनी श्रीवास्तव,मृत्युंजय वैष्णो,अनुप कुमार सुरेंद्र कुमार महावीर महतो,उमेश कुमार दास,राजन ग्रूम, पंकज कुमार, प्रिया कुमारी संजू कुमारी चांदनी वर्मा, किरण, कुमारी, कुंवर प्रसाद,सागर कुमार ,अमित शर्मा,अभिनव गुप्ता,प्रमोद कुमार संतोष पटेल विरेंद्रयादव का महत्वपूर्ण योगदान। विधि व्यवस्था में सीआरपी प्रविंद कुमार सिंह, ओमप्रकाश कुमार ,अजय नारायणदास, अभय कुमार, भीम गौस्वामी, प्रभु साव, श्रीकांत कुमार, आनंद कुमार, मुकेश कुमार अनुपमा रानी, मीनाक्षी अंबास्टा, संतोष गौतम ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चुनाव की तैयारी में जुटे सभी कार्यकर्ता, रामगढ़ मे 17 वर्षों में किया गया विकास कार्यों का संदेश आम लोगों तक पहुंचाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** गोला प्रखण्ड के बरलंगा के पार्टी कार्यालय में एक विशेष बैठक किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए बरलांगा क्षेत्र के पूर्वी जॉन के तमाम कार्यकर्ता सह पंचायत प्रभारीयों एवं ग्राम प्रभारियों के साथ बड़ी बैठक की गई सांसद ने उपस्थित सभी लोगों को कहा की 2024 को होनेवाला विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ जाए, उक्त बैठक में विस्तृत रूप से विचार विमर्श और चर्चा किया गया,इस दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा में पिछले 17 वर्षों में जितना ऐतिहासिक विकास कार्य जो किया गया है उसे आम जनता तक़ ले जाएं विधानसभा में अनगिनत विकास के कार्य आजसू पार्टी के द्वारा किया गया है उस सन्देश को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें, लोगों की जन समस्याओं को समझें पानी बिजली सड़क शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं के बारे में जनता से मिलकर आजसू पार्टी द्वारा की गई अद्भुत विकास कार्यों की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दें, संगठन को मजबूती के लिए अधिक से अधिक पंचायत स्तर पर लोगों को संगठन में जोड़ने का काम करें, इस मौके पर रामगढ़ आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिनेश महतो गोला प्रभारी रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, गोला पार्षद सरस्वती देवी,प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई कार्यक्रम का संचालन प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो ने किया, इस मौके पर ममता सोनी सुनीता देवी सरिता देवी दीपक मुंडा, मुन्ना कुशवाहा जुगल किशोर प्रसाद,पंचायत प्रभारी हेम्मतपुर मुखिया बजरंग महथा कई पंचायत के मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि ग्राम प्रभारी और आजसू पार्टी के सक्रीय कार्यकर्ता भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।

## व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया इस लोक अदालत में कुल पांच बेंचो का गठन किया गया। साथ ही अनुमंडल कार्यालय, जिले के सभी प्रखंड के अंचल कार्यालय, भूमि अर्जन विभाग के कार्यालय द्वारा मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष लोक अदालत साह मासिक लोक अदालत में कुल 1315 मामलों का निष्पादन किया गया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू शिक्षक डॉ कुमार अनिल सिंह हुए सेवानिर्वित



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू के वरिष्ठ शिक्षक डॉ कुमार अनिल सिंह की सेवा निवृति के अवसर पर शनिवार को विद्यालय परिसर में एक सादे समारोह में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुमार अनिल सिंह 1997 से पतरातू डीएवी पब्लिक स्कूल में सामाजिक विज्ञान (इतिहास) के शिक्षक के रूप में कार्यरत थे।चहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व के मालिक कुमार अनिल सिंह की विदाई के कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने पुष्प गुच्छ देकर इनका स्वागत किया। फिर सारे शिक्षक गणों की उपस्थिति में उन्होंने इनके शिक्षण कल का विस्तार से वर्णन किया साथ ही इनके जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत की बधाई दी।

## रजरप्पा कॉलोनी एरिया का महा प्रबंधक ने औचक निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** शनिवार को रजरप्पा सीसीएल क्षेत्र के महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने शनिवार को सेंट्रल कॉलोनी सहित कई क्वार्टर टाइप के कॉलोनी एरिया का रजरप्पा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। पानी बिजली की समस्याओं की जानकारी ली, कॉलोनी के विभिन्न क्वार्टरों साफ सफाई एवं स्वच्छता का रखरखाव संबंधी आवासीय कॉलोनी में रहने वाले सीसीएल कर्मियों से बातचीत किया, निरीक्षण के दौरान स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल आजाद, टाउनशिप इंचार्ज त्रिनाथ साहू एवं परियोजना अभियंता (सिविल) सौरभ भी उपस्थित थे द्य महाप्रबंधक ने कॉलोनी के साफ़ सफाई को लेकर उचित दिशानिर्देश दिए। विशेषकर क्वार्टर के पीछे उग रही झाड़ियों और नालों की सफाई को जुलाई महीने के अंत तक पूरा करने को कहा द्य कॉलोनी में नियमित एवं अबाध्य जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए।

## 2 जुलाई को पतरातु प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में होगा हल्ला बोल कार्यक्रम : आजसू



**पतरात(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी ने पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी नेताओं ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं विभिन्न जनहित के मांगों को लेकर आगामी 2 जुलाई को पार्टी के द्वारा पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा आगे कहा गया की राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं राज्य में जमीन दाखिल-खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा,छात्र-छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा,किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हुई है।इसलिए पार्टी के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान लिखित मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा जायेगा उक्त कार्यक्रम में सैंकड़ों कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगें।प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो,चंदन कुमार,अशोक पाठक,विश्वरंजन सिन्हा,ब्रजेश सिंह, राहुल रंजन,कौलेश्वर महतो,राजेश पटेल,टिकेश्वर महतो,गणेश करमाली धीरज चौधरी इत्यादि उपस्थित थे।

## उरीमारी में चला वाहनों का सघन जांच अभियान



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर हजारीबाग जिला के सभी क्षेत्रों में व्यापक वाहनों का जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उरीमारी के राकोमयू कार्यालय व चेकपोस्ट के समीप शनिवार को दुपहिया वाहनों का सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने तीन बाइक सवार लोगों का चालान कटवाया गया।इस वाहन जांच अभियान मे उरीमारी पुलिस टिम मौजूद रहीं। मौके पर ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि बिन हेलमेट के वाहन चालाने वाले लोगों को चालान काटा गया है तथा बिना कागजात वाले वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं कुछ लोगों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया है। ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने यह भी कहा कि लोग सड़क पर चले तो घर से कागजात लेकर व हेलमेट पहन कर चले। अन्यथा पुलिस बिना हेलमेट के वाहन चालाने वाले लोगों का चालान करेगी। वहीं इस जांच अभियान में उरीमारी ओपी के पावेल सोरेंग व उनकी टीम मौजूद थी।

## रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज की शिकायत की जांच करने पहुंचे उप विकास आयुक्त रामगढ



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज में बहुत दिनों से शिकायत के बाद शनिवार को रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार के आदेशानुसार रामगढ़ उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी खुशबू मैडम, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, लिपिक जिला शिक्षा पधाधिकारी सोमनाथ सिन्हा रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज पहुंचे। रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज पहुंचे के बाद रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्या सुमंत श्रीवास्तव से मिलकर सभी बिंदुओं पर जांच किया। जांच के दौरान कई कलर्क को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो लगाते हुए कई निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने पत्रकारों को बताया कि कई दिनों से इंटर महिला कॉलेज का शिकायत मिल रही थी की यहां सभी दो गुटों में बटे हुए हैं। हमलोग सभी पहलुओं पर जांच किए है। प्राचार्या से सभी तरह के दस्तावेज जमा करने को कहा गया है। दस्तावेज के जांच के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए।बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## आगामी विधानसभा चुनाव एवं द्वितीय स्पेशल समरी रिवीजन 2024 को लेकर पतरातू प्रखंड में हुआ बैठक का आयोजन

आगामी विधानसभा चुनाव एवं द्वितीय स्पेशल समरी रिवीजन 2024 के तहत 24 जून से 25 जुलाई तक चलने वाले द्वितीय स्पेशल समरी रिवीजन के तहत शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर्स को स्पेशल समरी रिवीजन के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यो यथा हाउस तो हाउस सर्वे आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू, अंचल अधिकारी पतरातु सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में भारतीय न्याय संहिता 2023 पर कार्यशाला आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में भारतीय न्याय संहिता 2023 पर कार्यशाला आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 में कुल 356 धाराएं हैं। इसमें समय पर न्याय देना खास उद्देश है जो न्याय के लिए परेशान रहने वाले नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। अब न सिर्फ भारतीयों नागरिकों के हित में संहिता बनाए गए हैं बल्कि नाम भी भारतीय भाषा और संस्कृति अनुसार दिए गए हैं।डॉ मालिनी डीन ने विषय प्रवेश कराते हुवे कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में राजद्रोह के अपराध को हटा देता है। संहिता में बदलाव को देखते है हम पाते हैं कि भारतीय दंड संहिता कि जगह भारतीय न्याय संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता कि जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम को भारतीय साक्ष्य अधिनियम बना दिया गया है जो 1 जुलाई 2024 शुद्ध भारत में लागू होंगे।डॉ आर पी देव ने कहा कि ने मुख्य वक्ता के तौर पर कहा कि पहले की संहिता भारतीय दंड संहिता के नाम से था अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से है जैसा कि नाम से ही पता चलता हैं की पहले के उपनेवेशिक शासन ब्यवस्था के तेहत अपनी सत्ता की सुरक्षा के लिए संहिता बनाया था अर्थात उसी हिसाब से सजा का प्रावधान था लेकिन अब देश की सुरक्षा, सुशासन और नागरिकों को न्याय देने के उद्देश्य से संहिता बनाया गया है। साथ ही भारतीय महिला पुरुष को सुरक्षा और खासकर सामूहिक अपराध के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है।प्रो मोहित जैन ने तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करते हुए कहा कि नया कानून राजद्रोह के अपराध को पूरी तरह से निरस्त करता है। हालांकि, इस देशद्रोह का कानून के रूप में राज्य के विरुद्ध अपराध का प्रावधान है। इसकी धारा 150 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से सबंधित है। संहिता का आधुनिकीकरण इस तरह किया है कि डिजिटल और न्यू इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से साक्ष्य, बयान और निर्णय दिया जा सकता है।प्रो रोज उरांव ने कहा कि देश में 1 जुलाई 2024 से पुराने कानूनों मे बदलाव के साथ तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं जो अपराधों से सम्बन्धित प्रावधानों को सुदृढ करेगा। यह तीनों कानून का खास मकसद विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय सिस्टम मे बदलाव लाना है। यह बदलाव भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।कार्यक्रम का संचालन डॉ मालिनी डीन और प्रो मोहित जैन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजेश कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ कामना राय, प्रो रोज उरांव, डॉ बलवंती मिंज, डॉ राहुल गुप्ता, डॉ अनामिका, डॉ नीतू मिंज, डॉ शाहनवाज खान, प्रो साजिद हुसैन, प्रो प्रेम कुमार महतो, सरजू महतो, बिरेंद्र उरांव, दशरथ महतो, लखीचरण, योगेंद्र राम, सुरेश महतो, दीपाश्री दयाल, पुष्पा महतो, बबिता कुमारी, राकेश रौशन लाल, विजय कुमार, मो उस्मान, गौरव प्रधान, प्रदीप अरण्य, जयबीर महतो के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राऐं उपास्थित थे।

## व्यक्ति जो स्वच्छ रहता है, वही इंसान शरीर से स्वस्थ्य रह सकता है : आशीष झा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सीसीएल रजरप्पा के द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में शुक्रवार को विद्यालय में स्वच्छता पर आधारित निबंध, पेंटिंग व क्विज का आयोजन किया गया। इसमे कक्षा नवम से बारहवीं तक के भैया बहनों ने भाग लिया। बच्चों ने व्यक्तिगत स्वच्छता से स्वस्थ भारत विषय पर निबंध लिखे व क्विज के माध्यम से खुद सीखा और बड़ों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में आराध्या, साधना, तन्नु, पूजा, रूही, जनिशा, कुमारी मानशी, मनीता, रागिनी, नूतन, अनुष्का, स्पर्श अनुराग, राज रंजन, अंकित, निखिल, प्रियंशु, प्रेम प्रकाश, नीरज, आयुष, अमन, दुर्गेश आदि भैया बहनों ने भाग लिया।इस अवसर पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा ने कहा कि स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह बसा लो कि वो आपकी एक आदत बन जाये। यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ्य नहीं रह सकता है। सबकी भागीदारी सुनिश्चित करना स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं विकास कुमार उपस्थित थे।इस प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में विद्यालय आचार्या गायत्री पाठक, बचूलाल तिवारी, अनिल त्रिपाठी, सेखर कुमार, शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## बारिश से पुर्व नाली की पुर्ण रुप से साफ कराएं छावनी परिषद : सुनिता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा जनता की समस्या के समाधान के लिए जनता दरबार का अयोजन आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ में लगाई गई द्य जनता दरबार में विधायक सुनिता चौधरी ने आए हुए सभी देव तुल्य जनता से मिलकर रूबरू हुई ओर उनकी समस्या का समाधान भी मौके पर की गई ओर कई समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया की जल्द से जल्द समस्या का समाधान करें द्य कई वार्ड की महिलाओं और पुरूष ने आवास हेतू आवेदन दिया, तो किसी ने सड़क ओर नाली निर्माण,तो कहीं स्ट्रीट लाइट लगवाने , पीने के पानी के लिए सार्वजनिक चापाकल निमार्ण , ट्रांसफॉर्मर लगाने, तो कहीं जर जर तार को बदलवाने की मांग किया द्य मौके पर झण्डा चौक निवाशी चिंटू अग्रवाल ने कुम्हार टोली होते हुए माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले मार्ग में नाली जाम ओर खराब सड़क होने की शिकायत की द्य मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने छावनी परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द ही बरसात के आने से पहले छावनी परिषद अंतर्गत के सभी नालियों का पूर्ण रूप से सफाई करें , जनता से शिकायत का मौका मुझे आगे ना मिले द्य मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने छावनी परिषद के अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि रामगढ़ शहर में नाली, गली, मोहल्ले की साफ सफाई , विशेष कर सभी नालियों का सफाई नियमित रूप से करने और स्वच्छ पीने के पानी सप्लाई में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं।

## डीएवी बरकाकाना ने मादक द्रव्य के दुरुपयोग के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के दिशा-निर्देश पर, डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना ने मादक द्रव्य के दुरुपयोग को समाप्त करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने नशीले पदार्थों के उपयोग और उनसे होने वाले नुकसानों को लेकर जागरूकता फैलाई।यह कार्यक्रम नयानगर तीन नंबर गेट के समीप किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बरकाकाना ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली व उनकी टीम भी शामिल थे। नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय के सदस्यों को मादक द्रव्य के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। बच्चों ने अपनी प्रभावशाली अभिनय कौशल से नशीले पदार्थों के उपयोग से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों को दर्शाया। विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने इस अवसर पर कहा कि नाटक जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने का भी एक महत्वपूर्ण जरिया होते हैं। उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं और समाज को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने कहा कि इस आयोजन ने न केवल छात्रों को मादक द्रव्य के दुष्प्रभावों से अवगत कराया, बल्कि उनके परिवार और समुदाय के सदस्यों को भी इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई इस जागरूकता पहल को सभी ने सराहा और शामिल सभी बच्चों प्रशंसा की।

## न्यायालय ने भुरकुंडा के विकास मंच के आंदोलनकारी को किया बरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा को प्रखंड बनाओ केस में नामित आंदोलित साथियों को शनिवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय द्वारा बाइज्जत रिहा कर दिया गया। भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के वरिष्ठ सदस्यों ने न्यायालय के प्रति आस्था एवम विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि न्याय आज भी जिंदा है !मंच के उपस्थित एवम रिहा किये गए सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि हम लोग आगे भी भुरकुंडा क्षेत्र बिकास मंच के तत्वाधान में क्षेत्र के समुचित विकास एवम भुरकुंडा को प्रखंड बनाओ तथा पतरातू को अनुमंडल बनाओ ,भुरकुंडा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित अन्य सवालों को लेकर लोकतांत्रित ढंग से जन अकांक्षाओं के अनुरूप आंदोलन करते रहेंगे ! रिहा किये जाने के उपरांत मंच के सदस्यों ने कोर्ट परिसर से ही स्थानीय विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद से संपर्क कर अनुरोध किया कि भुरकुंडा को प्रखंड बनाने एवं पतरातू को अनुमंडल बनाने की क्षेत्र वासियों का चिर लंबित मांग है को पूरा करने के लिए ठोस एवम कारगर कदम उठाएं !इस पर विधायक सुश्री प्रसाद ने आस्वस्त की कि हर हालत में आसन्न विधानसभा चुनाव से पूर्व दोनों मांगो को अमली जामा पहनाया जाएगा यथार्थ भुरकुंडा प्रखंड बनेगा और पतरातू अनुमंडल !रामगढ़ व्यवहार न्यायालय द्वारा रिहा किये आन्दोलनकारी साथियों में सर्वश्री दर्शन गंझू, गिरधारी गोप, बिनय कुमार सिंह, मनोज राम, जयराम बेदिया, टिकेश्वर महतो, आजाद अंसारी, संजय मिश्रा, राजकिशोर पांडेय, किशोरी वर्मा, प्रेमकुमार साहू, बबन पांडेय, आजाद भुइयां, जानकी ठाकुर, कैलास साहू, प्रदीप कुमार साहू, राजेन्द्र मुंडा, गुलाब मिश्रा, हरिशंकर चौधरी, राणा प्रताप सिंह, रामदास बेदिया, रमाकांत दुबे, प्रेमनाथ विश्वकर्मा,जीवन महली, गंगाधर महतो आदि शामिल थे !

## नाबालिग बच्ची को बरामद कर अपराधी को गिरफ्तार करे पुलिस : दीपक मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ महतो टोला निवासी एक नाबालिग छात्रा को बरगलाकर भगा ले जाने के आरोपी नईसराय निवासी एक युवक के खिलाफ 25 मई को रामगढ़ थाना में दिए आवेदन पर पुलिस ने सिर्फ कांड संख्या दर्ज करने के अलावा अभी तक न तो कोई कार्यवाही ही दिखाई दे रही है और न हीं अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी और नाबालिग को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।उक्त बातें हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की एक ओर नाबालिग लकड़ी को फंसा कर ले जाने के आरोपी को सहयोग करने वाले उसके दोस्त और घरवालों पर भी पुलिस कार्यवाही करने से बच रही है वहीं दूसरी तरफ अभी तक लड़की के घरवाले दर दर भटक कर इंसाफ की गुहार लगाते फिर रहें है। अगर तय समय सीमा के अंदर लव जिहाद की शिकार नाबालिग की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी कर जेल नही भेजती तो समस्त हिन्दू समाज इसका सड़क पर उतर कर विरोध करेंगे।गायब नाबालिग लड़की के मातापिता की पीड़ा से अवगत होने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद् की प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने कहा की ऐसे मामलों पर पुलिस प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए और मुझे विश्वास है की बहुत जल्द रामगढ़ पुलिस उस नाबालिग की बरामदगी के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज पीड़ित माता पिता को इंसाफ दिलाएगी।

## रामगढ भाजपा ने आपातकाल को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आपातकाल विषय को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी की अध्यक्षता में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए राजू चतुर्वेदी ने बताया कि आपातकाल देश के इतिहास का एक काला अध्याय है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। उस समय के भयावह स्थिति को रखते हुए उन्होंने कहा कि देश के लिए यह काला दिवस है जब कांग्रेस राज्य में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में 25 जून 1975 के मध्य रात्रि को आपातकाल की घोषणा कर भारतीय संविधान संविधान एवं लोकतंत्र की हत्या कर दी । देश के नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार छीन लिया गया । सरकार के विरोध में बोलने वाले को कई सजा दी गईद्य संपूर्ण देश जेलखाना में तब्दील होगया । आपातकाल में अत्याचार के 21 महीने जो 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक के दर्दनाक घटना को याद कर लोग अब भी सिहर उठते हैं । उस दौरान सभी मशनरी, सभी सरकारी तंत्रों द्वारा देश के नागरिकों के अधिकारों की खुलेआम हत्या की । शासन के विरोध में लिखने पर सीधे सजा मुकर्रर कर जेल में ठूंस दिए जाना आम बात थी।देश के चौथे स्तंभ प्रेस मीडिया के अधिकारों और उनके स्वतंत्रता पर रोक लगा दिया गया। देश के दुर्भाग्य को 26, जून के सुबह में जब देश की जनता ने समाचार जानने के लिए आकाशवाणी ,ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन खोलें तो समाचार पत्रकार के जगह पर उसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का संबोधन हो रहा था को देखा और जाना। आपातकाल के उस कालखंड में विरोधी दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई—निविदाएं आमंत्रित की जाती है।दिनांक:27.06.2024

**क्रम संख्या: 1, ई—निविदा संख्या:** 05-GS-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद—चन्द्रपुरा अनुभाग में रोड अंडर ब्रिज द्वारा लेवल क्रॉसिंग संख्या 3/ए/3टी, 4/ए/2टी, 6/सी/3टी, 6ए/ए/टी, एमसी—7 और जेके 07—08 का उन्मूलन 18 (अठारह) महीने, **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये में):** 36,32,51,494.97/—, **ब्याने की राशि (रूपये में):** ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय:** ई—निविदा बंद होने की तारीख 22.07.2024 को 17:00 बजेतक ई—निविदा खुलने की तारीख 23.07.2024 को 12.00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई—निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**नोट** (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निबिदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

**मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/00595/डीएचएनजीएस/ईएनजीजी/टी/24-25/36

## सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में शनिवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।वही स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे उपस्थित हुए। स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट/कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां करना है। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम मे शामिल उप विकास आयुक्त ने समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया। उप विकास आयुक्त ने इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग, पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण के संदर्भ में आमजनों को एक पखवाड़ा के तहत जागरूक किया जाना है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को भागीदार बनाकर उन्हें जागरूक करना, पेयजल एवं स्वच्छता के लिए निर्मित आधारभूत संरचनाओं को निरंतर क्रियाशील रखने एवं लोगों को व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित करना है।मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीसीएल के अधिकारी समेत अन्य कई अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में फेयरवेल सह फ्रेशर समारोह का हुआ आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिले में शुक्रवार को देर शाम गिरिडीह के सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में फैरवेल सह फ्रेशर समारोह ÷स्ढ्ढञ्ज महोत्सव 2024÷ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।बताया गया कि महोत्सव में सत्र 2021 -24 के विद्यार्थियों को नम आंखों से विदाई दी गई एवं प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को फ्रेशर पार्टी दी गई। इस समारोह में कई छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम एवं गीत संगीत का आयोजन हुआ। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा गायन डांस रैंप शो कॉलेज शो रियल जैसे अनेकों कार्यक्रम किए गए।कार्यक्रम में लोजपा के राजकुमार राज, सौरभ महासेठ, डायरेक्टर पंचवटी पब्लिक स्कूल, नंदन द्वारका, अमित अग्रवाल, निदेशक स्ढ्ढञ्ज, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं SIT के निदेशक विजय सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में योगाभ्यास व अन्तर्सदनीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में सत्र 2024-25 के लिए अन्तर्सदनीय खेलों का आयोजन हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता से शुरू हुआ तथा कक्षा तीसरी से चौथी तक के बच्चों ने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान बच्चों ने कई सूक्ष्म व्यायाम तथा प्राणायाम किए। हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में श्रद्धानंद ने दयानंद को 2/0 से हराकर फाइनल जीता। वहीं दूसरी ओर खेले गए बालिका वर्ग में बिरजानंद ने श्रद्धानंद को 3/1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई तथा दयानंद ने हंसराज को 3/0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच दयानंद एवं बिरजानंद के बीच दिनांक 1/7/2024 को खेला जाएगा। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के पहले मैच में श्रद्धानंद ने दयानंद को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे मैच में हंसराज ने बिरजानंद को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में काम चालू करने और बंद करने के सवाल पर दो गुट हुए आमने-सामने

# समय रहते पुलिस ने संभाला मोर्चा टला खूनी संघर्ष, आज होगी वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में शनिवार को दो गुट आमने-सामने हो गए। खूनी संघर्ष की संभावना को देखते हुए कतरास पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया और दोनों के आमने-सामने होने से पहले ही पुलिस पहुंच गयी। बरोरा मधुबन सहित कई थाने के पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। भारी संख्या में पुलिस बल को देखते हुए दोनों गुटों को पीछे हटना पड़ा। एक गुट एचपीसी की मांग को लेकर पिछले 25 जून से आंदोलित है। इधर प्रबंधन ने 25-25 मजदूरों को दो बार छटनी कर मजदूर को हटा दिया था, जिससे वहां स्थिति और बिगड़ गई। शुक्रवार को आउटसोर्सिंग



कंपनी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव अताउल रहमान के आग्रह पर आउटसोर्सिंग कंपनी ने 50 मजदूरों को पुन बहाल कर लिया। बहाली के बाद आज मजदूर काम करना चाहते थे। जैसे ही मजदूरों ने काम करने की योजना बनाई वैसे ही दूसरे गुट के मजदूर भड़क गए और एक दूसरे से मरने मारने को तैयार हो गए, जिससे स्थिति बिगड़ने लगी। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मामला बिगड़ता की कतरास पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के दो गुट आमने-सामने हो गए हैं। विधि व्यवस्था को देखते हुए कतरास पुलिस ने सशस्त्र बल तैनात कर दिया है। कल 10ः00 बजे दोनों पक्ष के लोग, आउटसोर्सिंग प्रबंधन तथा बीसीसीएल अधिकारियों के बीच गोविंदपुर एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक रखी गई है, जिसमें में वार्ता होगी। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कतरास थानेदार असित कुमार सिंह, बरोरा थानेदार विकास कुमार, मधुबन थानेदार जयप्रकाश सशस्त्र बल के साथ तैनात हैं।

# गैस सिलेंडर में लगी आग

### 1.5 लाख से अधिक रुपए के सामान जलकर हुई राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा क्षेत्र के तिवारीडीह गांव मे शनिवार के सुबह बिक्रम तिवारी नामक व्यक्ति के घर में अचानक आग लग गई। यह आग उनके घर में सिलेंडर से खाना बनाने के दौरान लगी।

गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद इलाके में अफरा ङ्क तफरी का महौल उत्पन्न हो गया।किसी तरह परिवार के सदस्यों ने घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। वहीं दूसरी और आग लगने की घटना की सूचना मिलने के बाद आस - पास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान घटना में बिक्रम तिवारी के घर में रखे करीब 1.50 लाख से अधिक रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है और पुलिस जांच में जुट गई है।

### सरिया : प्रमुख व जिप सदस्य ने किया अस्पताल का उद्घाटन

# क्षेत्र के लोगों को मिलेगा आधुनिक सुविधाओं का लाभ : प्रमुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया राजधनवार रोड मे ठाकुरबाड़ी मंदिर के समीप शनिवार को निदान नर्सिंग होम नामक नीजी अस्पताल का उद्घाटन किया गया । अस्पताल का उद्घाटन सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी व जिप सदस्य बासमती देवी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया । इस दौरान प्रमुख प्रीति कुमारी ने कही कि यह अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से युक्त है जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। यहाँ पेट, पथरी, एपेंडिक्स, हर्निया समेत सभी प्रकार का ऑपरेशन आधुनिक तरीक़े से होगा। साथ ही उच्च योग्यताधारी चिकित्सकों द्वारा ईलाज किया जायेगा । मौके पर संचालक डा.सुरेंद्र कुमार, संचालक अनिल वर्मा, मो.रहीम अख्तर,सुबाष मोदी,हरिहर मंडल, रंजीत मंडल, धर्मपाल महतो,राजेश मंडल, हेमा भारती, लीलावती समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## शहरी क्षेत्र की चुनौतियों पर स्लम क्षेत्र के झुग्गी झोपड़िया के परिवारों की समस्याओं का किया सर्वेक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को सिंदरी तथा ध.न.निगम के वार्ड नं. 14 के अंतर्गत खरिकाबाद में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के आलोक में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा वर्तमान में शहरी क्षेत्रों की चुनौतियों पर स्लम क्षेत्र के झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों का आवास, पेयजल, जलजमाव, स्वच्छता, रोजगार, बिजली व शिक्षा आदि समस्याओं को लेकर 100 परिवार का सर्वेक्षण संपन्न हुई। पूर्व में इसी वर्ष 24 फरवरी को खरिकाबाद व 25 फरवरी को लिंडसे क्लब धनबाद में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के आलोक में जिला इकाई धनबाद द्वारा उक्त वर्तमान में शहरी क्षेत्रों की चुनौतियों को लेकर बैठक की गई थी। उक्त सर्वे भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी,प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन,डॉ. अंतरिन चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में धनबाद जिले के सिंदरी में प्रियदर्शनी पार्क,बी बी जी कैंप बस्ती,गोराई बस्ती,आज़ाद नगर , रांगामाटी, नतूनडीह गौशाला में तथा खरिकाबाद में गोंडुडीह ओ. पी. के समीप 8 नंबर,9 नंबर, तुरिया बस्ती व 10 नंबर खरिकाबाद में दिनांक 24 जून से शुरुआत की गई थी। इसके साथ ही खरिकाबाद में उक्त झारखंड सरकार के आगामी 1 जुलाई से मुख्यमंत्री बहन-



बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना को लेकर जन-जागरूकता की गई। उपरोक्त सर्वे को लेकर भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा कहा गया कि उक्त सर्वे का प्रतिवेदन तैयार होने पर जिले,राज्य व केंद्र सरकार के पास प्रस्तुत करेगी साथ ही प्रेस वार्ता का आयोजित कर संपूर्ण तथ्यों को रखेगी। इस सर्वेक्षण को करने में सिंदरी में हेमंत कुमार जायसवाल, विकास कुमार ठाकुर, रानी मिश्रा, अनुप्रिया कुमारी, मिठू दास, राज नारायण तिवारी, प्रफुल कुमार स्वैन व रजनीकांत मिश्रा, तथा खरिकाबाद में भोला नाथ राम, रवि सिंह, रविंद्र कुमार राम, खुशी कुमारी, मधेश्वर नाथ भगत व विकाश कुमार गुप्ता का सहयोग रहा।

# जल संचयन के तहत ग्राउंडवाटर रिचार्ज से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान दें अधिकारी, लोगों को करें जागरूक : डीडीसी

### धनबाद जिला के सभी गांव को फाइव स्टार श्रेणी में घोषित करने का शत-प्रतिशत लक्ष्य का निर्धारण करें




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल 1 एवं 2, राज्य समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन संजय कुमार पांडेय के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को धनबाद जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं उनके द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत धनबाद जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की भी जानकारी दी गई।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस, तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करने, फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने माहवार लक्ष्य का निर्धारण आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर स्वच्छता ,ठोस, तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करें और फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने शत-प्रतिशत लक्ष्य का निर्धारण करें। बैठक में प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दी जाए। बैठक के दौरान डीडीसी ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

साथ ही ज्यादा से ज्यादा ओडीएफ प्लस सरंचनाओं यथा सामुदायिक सोकपिट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण (मल कचरा प्रबंधन) स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीसी सादात अनवर, डीएसडब्लूओ अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, बीडीओ, जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता विभाग के एई, जेई और कर्मी मौजूद थे।

## हैवी ब्लास्टिंग से कई घरों में पड़ी दरार की घटना से भड़के ग्रामीणों के साथ हुई बैठक



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के ब्राह्मण बरारी बस्ती के बगल में संचालित सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना में लगातार कि जा रही हैवी ब्लास्टिंग से कई घरों में पड़ी दरार कि घटना से भड़के ग्रामीणो द्वारा कि जा रही आंदोलन को लेकर शनिवार को लोदना महाप्रबंधक ने प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर वार्ता किया। मालूम हो कि ब्राह्मण बरारी के समीप सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना चल रही है जिसमें आए दिन प्रबंधकीय लापरवाही से हैवी ब्लास्टिंग हो रही है जिसके कंपन से बस्ती के एक दर्जन घरो में दरार पड़ने कि घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा समस्या का समाधान कराने को पहल नहीं किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने उपायुक्त, डीजीएमएस, अंचल अधिकारी, एसएसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इसी संदर्भ में आज लोदना जीएम निर्झर चक्रवर्ती ने बस्ती में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। लोगों ने जीएम से कहा कि 2017 में बस्ती का सर्वे किया गया था जिसमें 364 लोगों को सूचीबद्ध किया गया था। अभी बस्ती में 136 परिवार रहते हैं जिन्हें हैवी ब्लास्टिंग एवं ओबी डंपिंग के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गई है। स्कूल, बाजार, अस्पताल जाने और पानी लाने में दिक्कत होती है।

## चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में हुआ विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर मुजफ्फरपुर से पुणे, हावड़ा से रक्सौल एवं सियालदह से गोरखपुर के लिए स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की मांग एवं इस ट्रेन की उपयोगिता को देखते हुए इनके परिचालन अवधि में निम्नानुसार विस्तार किया जा रहा है -

1.गाड़ी सं. 05289 मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल अब पूरे जुलाई माह अर्थात 06. 07.24 से 27. 07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलायी जायेगी ।

2. गाड़ी सं. 05290 पुणे-मुजफ्फरपुर स्पेशल अब पूरे जुलाई माह अर्थात 08.07.24 से 29.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को चलायी जायेगी ।

3. गाड़ी सं. 03043 हावड़ा-रक्सौल स्पेशल अब पूरे जुलाई माह अर्थात 06.07.24 से 27.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलायी जायेगी ।

4. गाड़ी सं. 03044 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल अब पूरे जुलाई माह अर्थात 07.07.24 से 28. 07. 24 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को चलायी जायेगी ।

5. गाड़ी सं. 03045 हावड़ा-रक्सौल स्पेशल अब पूरे जुलाई माह अर्थात 01. 07. 24 से 29. 07. 24 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को चलायी जायेगी ।

6. गाड़ी सं. 03046 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल अब पूरे जुलाई माह अर्थात 02.07.24 से 30.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को चलायी जायेगी ।

7. गाड़ी सं. 03131 सियालदह-गोरखपुर स्पेशल अब पूरे जुलाई माह अर्थात 01.07.24 से 29.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को चलायी जायेगी ।

## क्रॉस कंट्री रेस, रस्साकसी व हैंडबॉल प्रतियोगिता के साथ ओलिंपिक डे सप्ताह-व्यापी खेल संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इंटरनेशनल ओलिम्पिक डे के उपलक्ष में झारखण्ड ओलिम्पिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलिम्पिक संघ द्वारा गत 23 जून से जिले में जारी सप्ताह-व्यापी खेल का आज क्रॉस कंट्री रेस, रस्साकसी तथा हैंडबॉल की स्पर्धा के साथ शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन आज सर्वप्रथम जिला एथलेटिक्स संघ के देख-रेख में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन डीएवी कोयला नगर में प्रारम्भ हुआ। प्रतियोगिता के दौरान बालक तथा बालिकाओं के उम्र के आधार पर 6 अलग अलग वर्ग निर्धारित की गई थी। सभी वर्ग के प्रथम तीन विजेताओं के नाम इस प्रकार हैंङ्क प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला एथलेटिक्स संघ की अध्यक्ष सह जिला ओलिम्पिक संघ की उपाध्यक्ष किरण रानी नायक द्वारा स्वागत भाषण से प्रारम्भ हुआ।तत्पश्चात धनबाद जिला ओलिंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी द्वारा फ्लैग ऑफ करते हुए रेस का उद्घाटन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से 150 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया जिनके बीच बालक तथा बालिकाओं के लिए विभिन्न आयु वर्ग के कुल 6 अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित हुई। सभी वर्ग के विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं -14 वर्ष (बालक)ऱ आदित्य कुमार तिवारी (प्रथम), अंकित कुमार राम (द्वितीय) तथा सुधांशु राज (तृतीय). -14 वर्ष (बालिका)ऱ शालिनी कुमारी (प्रथम) आरुषि कुमारी (द्वितीय) तथा अनन्या कुमारी (तृतीय). -16 वर्ष (बालक)ऱ बिट्टू कुमार यादव (प्रथम),उत्तम कुमार रजवार (द्वितीय) तथा अभिषेक हज़ारी (तृतीय). -16 वर्ष (बालिका)ऱ डोली कुमारी (प्रथम), रिया कुमारी (द्वितीय) तथा बबिता कुमारी (तृतीय). -18 वर्ष (बालक)ऱ सुनील कुमार महतो (प्रथम), छोटू कुमार (द्वितीय) तथा शुभम कुमार (तृतीय). -18 वर्ष (बालिका)ऱ तनु कुमारी (प्रथम), आशा कुमारी (द्वितीय) तथा अनु कुमारी (तृतीय). प्रतियोगिता के अंत में डीएवी कोयला नगर के प्राचार्य एन. एन. श्रीवास्तव द्वारा सभी वर्ग के विजेताओं के बीच पदक तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

## बिना परिवहन चालान बालू लदे 2 हाईवा जब्त, पूर्वी टुंडी थाना में एफआईआर दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने अहले सुबह 4.30 बजे पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया।

इसकी जानकारी देते हुए खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन मे सुबह लगभग 4:30 बजे पूर्वी टुण्डी थाना प्रभारी मदन चौधरी, गस्ती दल के स.अ.नि. नाथुनी ठाकुर एवं सशस्त्र बल के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध पूर्वी टुण्डी थाना अंतर्गत शंकरडीह चौक के समीप औचक रूप से छापामारी




की गई। छापामारी के क्रम में 2 बालू लदे हाईवा को बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

इसमें एक हाईवा यूपी 64 टी 1039 पर लगभग 500 घनफीट और दूसरे हाईवा, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर और इंजन व चेसिस नंबर घिसा हुआ है, पर लगभग 500 घनफीट बालू लदा हुआ पाया गया।

वाहनों को पकड़ने के क्रम में मौके का फायदा उठाकर दोनों वाहनों के वाहन चालक वाहनों को छोड़कर फरार हो गए। जाँच के क्रम में उपरोक्त दोनों वाहनों पर बालु खनिज से संबंधित कोई भी वैध कागजात या परिवहन चालान (फॉर्म डी-) आदि नहीं पाया गया।

इसके बाद दोनों वाहनों को खनिज के साथ विधिवत जब्त कर पूर्वी टुंडी थाना परिसर में सूरक्षार्थ रखकर दोनों वाहनों पर पूर्वी टुण्डी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# जिला की बिजली समस्या को लेकर विधायक कोलेबिरा मिले बिजली विभाग के जिला कार्यपालक अभियंता से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन विक्शल कोनगाड़ी बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर जिले में उत्पन्न बिजली की समस्याओं पर बात की, जिसमे जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदलने तथा ट्रांसफॉर्मर को बनाने के लिए जिला में निर्मित ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में मिस्त्री नही रहने की समस्या का त्वरित निष्पादन करने को कहा। सिमडेगा जिले में बिजली बिल की जो समस्या आ रही है, उसपे भी विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने संज्ञान में लेते हुए झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना बिजली बिल माफी योजना का लाभ सभी उपभोक्ता को देने का निर्देश दिया। मौके पर जी एम श्रीवास्तव जी से विधायक ने फ़ोन पर बात कर समस्याओं से अवगत कराया। तत्काल जी एम श्रीवास्तव जी ने कार्यपालक अभियंता से जिले में जले हुए सभी ट्रांसफॉर्मर की लिस्ट मांगी और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।सिमडेगा स्थित ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में मिस्त्री को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई और तत्काल मिस्त्री भेजने की बात जी एम ने कही। कार्यपालक अभियंता ने जिले में होने वाले विद्युतीकरण के टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी को बिस्तार से विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी को बताई कि अभी जो टेंडर प्रक्रिया हुई है उसमें सभी 10 द्म1 को 25 द्म1 में कन्वर्शन करना है,सभी जले हुए 25 द्म1 ट्रांसफार्मर को बदलना और सभी 2 फेज लाइन को 3 फेज में बढ़ाना है।सभी लाइन का केबलिंग का कार्य करना है। कार्यपालक अभियंता ने विद्युतीकरण से वंचित छेत्रों के बारे मे बताया कि जिन छेत्रों में विद्युतीकरण कार्य नही हुआ है, उन छेत्रों में भी विद्युतीकरण का कार्य बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना बिजली बिल माफी योजना के बारे में बताया कि ये योजना जिले में लागू है, परंतु बिना मीटर के इस योजना का लाभ दे पाना मुश्किल है।जिनका मीटर लगा है उनको इस योजना के तहत इस योजना का लाभ मिल रहा है।और 125 यूनिट से कम बिजली खपत करने पर बिजली बिल शून्य आता है। *बिजली बिल में जो बिसंगिति आ रही है उसके बारे में ये जानकारी मिली कि सिमडेगा जिले में बिजली बिल का काम कंपीटेंट कंपनी को मिला है।जिसमे हर 1500 उपभोक्ता के लिए 1 ऊर्जा मित्र की बहाली करनी है।कार्यालय के लिए कम से कम 3 से 4 ऊर्जा मित्र चाहिए।इस हिसाब से कम से कम 70 ऊर्जा मित्र होना चाहिये।परन्तु कंपीटेंट कंपनी ने मात्र 44 ऊर्जा मित्र को काम पर लगा रखा है और उन 44 ऊर्जा मित्रों को भी संख्या के हिसाब से बिल निकालने की मसीन भी कम दे रखी है।एक ही मसीन से कई ऊर्जा मित्रों को काम चलाना पड़ता है।ऊर्जा मित्र सिर्फ नगर छेत्र और प्रखंड मुख्यालय तक ही सीमित रहते हैं, जिससे कि ग्रामीण छेत्रों का बिजली बिल बिना मीटर रीडिंग के ही बना दिया जाता है।और ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिल माफी योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। इस गंभीर मामले को विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी सुनकर स्तब्ध हो गए और इस मामले की गंभीरता को समझते हुए कहा कि जिला में जो कंपनी को बिल का जिम्मा सौंपा गया है, वो अपना कार्य ठीक से नही कर रही है।जिससे सरकार की बदनामी हो रही है और गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।मैं मुख्यमंत्री और बिजली विभाग के सेक्रेटरी से मिल कर इस कंपनी की कारस्तानियों को बता कर कार्रवाई करवाऊंगा और इन बिसंगितियो को दुर करवाते हुए बिजली बिल माफी योजना का लाभ जिलेवासियों को दिलवाऊंगा। आगे विधायक ने कहा कि अब तो 200 युनिट बिजली बिल माफी योजना को भी हमारी गठबंधन की सरकार ने कैबिनेट से पारित कर दिया है। अब लगभग सभी उपभोक्ता का बिजली बिल शुन्य हो जाएगा। विधायक ने सभी उपभोक्ताओं को मीटर लगवाने की अपील की है ताकि कोई भी पदाधिकारी गलत बहाना नही बना सके और सभी को इस योजना का लाभ मिले।मौके पर जिला उपाध्यक्ष फ्रांसिस बिलुंग, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर अहमद सहित बिभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## कुआ में डूबने से युवक की मौत, बरही गांव में छाया मातम



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के बरही चटकपुर ग्राम निवासी स्वर्गीय मंगरू उरांव के 35 वर्षीय पूत्र सुखराम उरांव का शव घर के बगल स्थित 50 फिट की दूरी में बीना मुड़ेरा के कुआ से पुलिस ने किया बरामद। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि 5 वर्ष पूर्व बहार प्रदेश से काम करके लौटा था दो दिन से घर में नही था तभी ग्रामीण और परिजन खोज रहें थे की शनिवार को घर के बगल स्थित अपने ही कुआ में शव को देख कर सेन्हा थाना पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुआं का मुड़ेरा नही बना हुआ था। और अंधेरा के कारण कुआं में गिरने से मौत होने का आशंका जताया जा रहा है। सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार के निर्देश पर एस आई साहेब कुंवर दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कुआं से निकलवा कर कब्जे में लेते हुए पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। और पुलिस अग्रतर कारवाई में जूट गई। इस संदर्भ में पुलिस प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों के अनुसार युवक की मौत कुएं के गहरे पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल भेज सभी बिंदुओं पर जांच किया जा रहा है। घटना को लेकर परिजनों के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ा वहीं गांव में मातम छाया हुआ है।

## झारखण्ड विधानसभा आवास समिति का लोहरदगा आगमन 01 जुलाई को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा रांची के पत्रानुसार एवं सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार पत्रानुसार झारखण्ड विधानसभा की आवास समिति का लोहरदगा जिला भ्रमण 1 व 2 जुलाई 2024 को है। 1 जुलाई को समिति का आगमन 12 बजे मध्याह्न को लोहरदगा जिला परिसदन में होगा। इसके पश्चात् समिति 3 बजे अपराह्न को उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त एवं संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ परिसदन, लोहरदगा में बैठक करेगी और तत्पश्चात् स्थल निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित है। 2 जुलाई को भी सुबह 8 बजे से समिति की बैठक और तत्पश्चात् स्थल निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित है।

# बंद घर का आठ ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने किया चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बदला पंचायत के चंदकोपा गांव में अज्ञात चोरों ने स्व. राधा मोहन साहु का पुत्र संदीप साहु के घर में शुक्रवार रात्रि घर में लगे आठ ताला को तोड़ कर घर में रखा तीन गोदरेज एक बक्सा तथा सुटकेश का ताला खोल कर करीब 50 हजार नगदी तथा सोना का चैन, कान का फूल, टॉप कमरधनी, पायल सहित अन्य ज्वेरात की चोरी कर ले भागे ज्वेरात का कीमत लगभग 10 लाख से ऊपर होने की अनुमान लगया जा रहा है? वही बताया जाता है कि संदीप साहु कुडू पेट्रोल पम्प में काम करता है और संदीप की पत्नी विभा देवी मायके औरंगबाद गई हुई थी। संदीप की मां बालमती देवी बड़ा बेटा संजीव साहु का घर लोहरदगा पत्तरा टोली गई थीं। घर में कोई सदस्य नही होने के कारण चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सेन्हा थाना पुलिस को घर मे चोरी की घटना से अवगत कराया गया है। जिसे सूचना पर ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना का जायजा लेते हुए पुलिस आगे की कारवाई में जूट गई है।

# इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरपोका गांव में शनिवार को को इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा की पहचान तेतरपोका गांव निवासी रमजान अली की पुत्री निखत प्रवीण (18वर्ष) के रूप में हुई है। बता दें कि निखत प्रवीण शनिवार की सुबह अपने घर के आंगन में बैठ कर आम खाने के बाद अपने अल्बेस्टर के घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी बगल के घर से उसकी मां अनिता कुमारी के घर लौटने के बाद हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी भंडरा थाना को देते हुए निखत प्रवीण को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने निखत को मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही जांच-पड़ताल में जुट गई है। मामले की अनुसंधान कर रहे सहायक अवर निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। निखत प्रवीण बरही कॉलेज में इंटर की छात्रा थी। इधर घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतिका के पिता रमजान अली खूंटी से लौट चुके है। रमजान अली किसी काम को लेकर खूंटी गए हुए थे।

## मेधा दूध डेयरी ने मनाया 12 वां स्थापना दिवस, किसानों के बीच किट का वितरण किया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर में मेधा डेयरी का 12 वां स्थापना दिवस मनाया गया को झारखंड मिल्क फेडरेशन का 12 वी स्थापना दिवस के मौके पर क्षेत्रीय पदाधिकारी गुलरेज इकवाल ने जेएमएफ के उपलब्धि एवं कार्य प्रणाली को विस्तृत रूप से दुध उत्पादको साथ साझा किया साथ ही को-आपरेटीव सोसायटी के बारे जानकारी दी। इस दौरान सहकारीता विभाग के द्वारा निबंधन पत्र समितीयो के बीच वितरण किया गया। समारोह में पथ पर्यवेक्षक श्रवण कुमार एवं अब्दुल रहीम थे। जिसमे दुग्ध उत्पादको ने भीं अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दुग्ध उत्पादको को भूमिका सराहणीय रही।

## पारम्परिक हथियार से लैस हो महिलाओं ने भेष भूषा बदल जनीशिकार में लिया भाग



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उगरा पंचायत में आदिवासी समाज द्वारा पाहन पुजार के नेतृत्व में जनीशिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 12 वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य विशेषता है पूर्वजों के धरोहर को कायम रखने को लेकर आयोजित किया जाता है। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत मेढो ग्राम में जनीशिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के पाहन-बेचना उराँव तथा पुजार फुलवा उराँव के अलावे स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हुआ। वही बताया जाता है कि आदिवासी समाज मे जनीशिकार परंपरा पूर्वजों के समय से चला आ रहा है इसका मुख्य विशेषता पर चर्चा किया जाए तो यह कार्यक्रम उस समय से मनाने का प्रचलन हुआ जब आदिवासी महिलाओं ने पुरुष के अनुपस्थिति में अपने समाज तथा स्वंय की रक्षा के लिए पुरुषों का भेष भूषा बना अंग्रजो से लोहा लेने को कूद पड़ी थी। और अंग्रेजो को पराजित कर अपने मकशद में कायम हुई थी। उसी समय से 12 वर्ष में एक बार आदिवासी महिलाओं द्वारा जनीशिकार कार्यक्रम आयोजन कर आदिवासी समाज के परंपरा को कायम रख तथा पूर्वजों का जीवनी को याद किया जाता है। इन्ही तथ्यों के उद्देश्य से लोहरदगा सदर प्रखंड क्षेत्र के खखपरता ग्राम के सातों टोली से पाडहा समाज की अगुआई में पारम्परिक हथियार से लैस हो महिलाएं भेष बदल कर जनीशिकार को निकली और अपने सीमावर्ती क्षेत्र से बाहर सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मेढो ग्राम पहुंच परंपरा को कायम किया और पशु, पक्षियों का शिकार कर पर्व के रूप में मनाया। जनीशिकार का समर्थन सुरेंद्र उराँव, महेश उराँव, लालदेव उराँव, बासदेव उराँव, परमेश्वर उराँव, जोखेन्द्र उराँव, प्रदीप उराँव, फूलदेव उराँव सहित आदिवासी समाज के गणमान्य पुरुष एवं महिलाएं शामिल थे।

## भंडरा प्रखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक प्रखंड सचिव सोहराई उरांव की अध्यक्षता में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित बीआरसी भवन परिसर में शनिवार को भंडरा प्रखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक प्रखंड सचिव सोहराई उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड के सचिव सोहराई उरांव ने कहा कि सरकार सहायक अध्यापकों की मांगों को गंभीरता पूर्वक नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आकलन उतीण सहायक अध्यापकों को दस प्रतिशत लोहरदगा जिला में अभी तक नहीं दिया गया है। जबकि जिला में इसका भुगतान हो गया है। प्रखंड के अध्यक्ष लाल उमाशंकर नाथ शाहदेव ने कहा है कि कल हूल दिवस के अवसर पर लोहरदगा प्रखंड कार्यालय के समीप मसाल जुलूस का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों को भाग लेना है। उन्होंने कहा इस बार वेतनमान इपीएफ अनुकंपा जैसे मांगो की पूर्ति हेतु जोरदार ढंग से लड़ाई लड़ा जाएगा। प्रखंड के सहायक अध्यापक सोमरा उराव ने कहा कि हम लड़ाई के लिए तैयार रहे। बैठक का समापन दिगंबर मिश्रा ने किया। बैठक में अंबिका प्रसाद सिंह, मंगरा उरांव, सुकरा उरांव, बसंती कुजूर, सनी उरांव, गोईदी उरांव, राज कुमारी, सुनीता कुमारी, देवी, अंसारी, प्रेम उरांव मौजूद थे।

# समस्या को दूर करने में विफल साबित हो रहे है जनप्रतिनिधि : संदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** युवा झापा नेता संदेश एक्का शनिवार को डोमटोली पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक की। संदेश एक्का ने पंचायत के केराबेड़ा स्कूल कॉलोनी, छाचरीडीपा आदि गांव का भ्रमण कर लोगों की समस्या सुनी। मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। लेकिन खुद को सरकार का अंग बताने वाले कांग्रेस पार्टी के नेता समस्या को दूर करने के बजाय अपने ही सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने की बात कहते है जो विकास के नाम पर उनके ढोंग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार में रहकर विकास का काम कैसे किया जाता है यह उनके पिता एनोस एक्का ने करके दिखाया है। संदेश ने जिले में लगातार आदिवासी बहन बेटियो के साथ हो रहे शोषण और अत्याचार के मामले पर भी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को नाकाम बताया। संदेश ने कहा कि झापा शुरु से ही आदिवासी मूलवासी के अस्मिता संस्कार, संस्कृति, भाषा, वेश भूषा, खान-पान, नृत्य संगीत आदि की रक्षा करते आ रही है और भविष्य में भी करते रहेगी। उन्होंने विस चुनाव में सहयोग की अपील की। मौके पर जुनूल सुरीन, संदीप बा, संजनु सिंह, विनोद कुल्लू, अशोक ठाकुर, सुशील सुरीन, सुषमा साहू, संदीप दास, सुरेश लुगून, आशीष सिंह, रसेल खलखो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मसामानों करपात्री सेवन स्टार एकेडमी स्कूल में चलाया गया नशामुक्ति अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसामानों करपात्री सेवन स्टार एकेडमी स्कूल के बच्चें-बच्चियों द्वारा जेसी आई पुरुषोत्तम पुर संस्था के सहयोग से नशामुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने अपने हाथो में नशापान मुक्ति से संबंधित स्लोगित लिखित तख्तियों के माध्यम से लोगों को नशापान से दूर रहने की अपील किया। नशामुक्ति प्रभात फेरी स्वामी करपात्री सेवन स्टार एकेडमी से प्रारंभ कर मसमानो गांव पहुंच समाप्त किया गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है। बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है,ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरुआत करता है, लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है। इससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही है। मौके पर विद्यालय के संरक्षक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने उपस्थितजनों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए भारत को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया।

## बीडीओ ने प्रखंड के सभी राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक कर नये मतदाताओं को जोड़ने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 29 जुन शनिवार को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती छ्न्दा भट्टाचार्य ने आगामी विधानसभा चुनाव के निमित प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्रो मे नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर प्रखंड के सभी राजनितिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक। बैठक मे बीडीओ ने राजनितिक दल प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी प्रखंड के सभी 37 मतदान केन्द्रो के बीएलओ को मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने मे अपने-अपने दल के बूथ अध्यक्षों के साथ करायें सहयोग। बीडीओ ने कहा कि वैसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है,उनका नाम को भी सुचि से हटवाये। साथ ही वैसे मतदाता जो लंबे समय से गाँव से बाहर रह्ते हैं,वे कभी मतदान मे हिस्सा नहीं लेते उनका नाम को ग्राम सभा आहुत कर हटाया जाए,या सभा मे सबकी राय है रहने को तो उसे सुचि मे नाम रहने दिया जाय। बैठक मे उपस्थित भाजपा के प्रखंड उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति ने प्रखंड मे मतदान केंद्र की संख्या बीडीओ से बढ़ाने की बात कही तो बीडीओ ने कहा कि वैसे मतदान केंद्र जहाँ 1500 से अधिक मतदाता होंगे तो मतदान केंद्र की संख्या बढ़ायी जायेगी। आज के उक्त बैठक मे भाजपा के विवेक प्रजापति, कांग्रेस के मोजाहिर अंसारी, आजसू के परमानन्द साहू इत्यादि राजनितिक दल के प्रतिनिधि बैठक मे उपस्थित थे।

## जिला तथा प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर की समीक्षात्मक बैठक की

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला तथा प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर कि समीक्षात्मक बैठक एवं सम्पूर्णता अभियान का प्रमोचन से संबंधित बैठक की गई। बैठक में सभी विभागों के साथ निति आयोग के 6 इंडिकेटर से सम्बंधित समिक्षा बैठक किया गया जिसमे आगामी 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक होने वाली सम्पूर्णता अभियान पर विचार विमर्श किया गया। जिला योजना पदाधिकरी श्री शिशिर कुमार पंडित और पिरामल फाउन्डेशन के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया की उदघाटन के दिन सभी प्रखंडों के 6 इंडिकेटर से संबंधित डाटा और कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही एक वाट्सअप ग्रुप भी बनाकर संबंधित विभागों के द्वरा डाटा ससमय पर उपलब्ध करायेंगे ताकि ससमय ससमय पर समीक्षा किया जा सके। 4 जुलाई 24 को जिला कौशल विकास केन्द्र डीएमएफटी हॉल चतरा के सभागार में सभी प्रखंड के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाय तथा इसकी प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर, होर्डिंग आदि के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाय। बैठक में स्वास्थ बिभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया की 3 माह का डाटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला योजना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी विभागों से डाटा प्राप्त कर डाटा को चैम्पियन ऑफ चेज के पोर्टल पर 10 दिनों के अंदर अपलोड किया जाय।

चलते चलते एक नजर

## अबुआ आवास में अनियमितता, कोर्डिनेटर डिस्चार्ज, पंचायत सेवक निलंबित

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में अनियमितता की जांच में आरोप की पुष्टि पर जिले के डंडा प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, संगीता कुमारी को कार्यमुक्त कर दिया गया है। साथ ही तत्कालीन पंचायत सचिव ग्राम पंचायत भिखही, प्रखंड डण्डा, शम्भू प्रसाद को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा से भी स्पष्टीकरण पुछा गया है। इस संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के डण्डा प्रखंड के ग्राम पंचायत भिखही में अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में पारदर्शिता नहीं बरतने तथा लाभुकों के चयन में अनियमितता की शिकायत जिला प्रशासन गढ़वा को प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा शिकायत की जांच कराई गई। जांच में आरोप की पुष्टि की गई। जांचोपरांत डण्डा प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, संगीता कुमारी को कार्यमुक्त कर दिया गया। साथ हीं तत्कालीन पंचायत सचिव ग्राम पंचायत भिखही, प्रखंड डण्डा, शम्भू प्रसाद को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवई प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा से भी स्पष्टीकरण पृच्छा की गई।

## बरसाना पहुंचकर कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने मांगी माफी

**नई दिल्ली :** कथावाचक प्रदीप मिश्रा राधारानी मंदिर बरसाना पहुंचकर राधारानी के सामने माफी मांगी है. प्रदीप मिश्रा ने राधारानी पर विवादित बयान दिया था. बयान के बाद ब्रज के संत और ब्रजवासियों में गुस्सा था. साधु-संतों और गोस्वामी ने पंचायत कर मांग की थी कि प्रदीप मिश्रा राधारानी मंदिर आकर नका रगड़कर माफी मांगे. मथुरा के प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा राधारानी पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का मामला तूल पकड़े जाने के बाद आज कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने बरसाना राधारानी के दरबार में पहुंचकर क्षमा मांगी. प्रदीप मिश्रा के बयान से बृज के साधु संतों और ब्रजवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त था.साधु संतों ने चेतावनी दी थी कि यदि कथा वाचक प्रदीप मिश्रा राधारानी पर की गई टिप्पणी के बारे में माफी नहीं मांगते हैं, तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा. ब्रज के प्रमुख संत प्रेमानंद महाराज जी द्वारा भी प्रदीप मिश्रा को अज्ञानी बताते हुए उन्हें राधा रानी के बारे में ज्ञान प्राप्त करने की बात कही गयी थी. मामला तूल पकड़ता देख कथावाचक प्रदीप मिश्रा बैक फुट पर आ गए और उन्होंने राधा रानी के दरबार में पहुंचकर क्षमा याचना की.



# चैनपुर एवं नौडीहा में अवैध बालू ले जाते ट्रैक्टर जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** जिले में अवैध उत्खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त श्री शशि रंजन के निर्देश के आलोक में पूरे जिले में छापेमारी की जा रही है, छापामारी के दौरान पिपरा से सीओ परितोष प्रियदर्शी के नेतृत्व में ओवरलोड चिप्स ले जाते ट्रक को पकड़ा, वहीं चैनपुर एवं नौडीहा में अवैध बालू ले जाते दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जिले भर में अवैध उत्खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर छापामारी जारी है।उन्होंने बताया कि पिपरा अंचल अधिकारी परितोष प्रियदर्शी द्वारा ट्रक क्क्र02-त्क्क4776 को ओवरलोड चिप्स ले जाते पकड़ा गया था, जबकि नौडीहा बाजार थाना प्रभारी एवं चैनपुर थाना प्रभारी के द्वारा छापेमारी कर अवैध रूप से बालू परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर समेत सौ-सौ सीएफटी बालू को जप्त किया गया था एवं कार्रवाई को लेकर खनन विभाग भेजा गया था इसके बाद विभाग के द्वारा जांच के उपरांत ट्रैक्टर एवं ट्रक मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी। डीएमओ आनंद कुमार ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण नहीं होने दिया जाएगा जिले भर में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है एवं अवैध कारोबारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## शब्बीर अहमद ने पलामू डीडीसी के पद पर दिया योगदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : जिले के 54वें उप विकास आयुक्त के रूप में शनिवार को शब्बीर अहमद ने पदभार ग्रहण किया।वहीं निवर्तमान उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।इसके पश्चात उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया।पदभार ग्रहण के बाद श्री अहमद ने कहा कि निवर्तमान उप विकास आयुक्त के कार्य को आगे बढाना,विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ मिलकर गति देने का कार्य किया जायेगा।उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

# विदेश यात्रा पर सपत्नीक रवाना हुए पर्यावरणविद कौशल किशोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : टाउन हॉल में गुरुवार को और दिल्ली के पहाडगंज के राजकीय कन्या विद्यालय में शनिवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्टीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष और पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 47 वां वर्ष पुरा होने के उपरांत इस वर्ष भी पांच देशों और देश के 10 राज्यों में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।। इस दौरान लोगों को पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट की जानकारी उपलब्ध कराते हुए पौधरोपण कर हम प्रदूषण दूर कर पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा करेंगे। इतना ही नहीं इस अभियान के तहत लोगों को जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी और जल संकट पर काबू पाने के तरीकों को बताकर जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्लोबल वार्मिंग की कहर से उन्हें बचाया जा सके। पिछले वर्ष इस अभियान का शुभारंभ सिंगापुर और मलेशिया में पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया गया था। इस वर्ष रशियन कंट्री के अज़हरबाजान देश के राजधानी बाकू से पौधा रोपण व रक्षाबंधन कर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल, सूरज कुमार जायसवाल, स्कूल के शिक्षिका में पिंकी, विधि, अंजू, सुमन, प्रतिभा, निशा आदि लोग शामिल थे।

## विशेष राजस्व शिविर का उपायुक्त ने लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले में राजस्व कार्यो के त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निष्पादन एवं आमजनों की सुविधा के लिए सभी प्रखण्ड-सह-अंचल मुख्यालयों में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक जागरूकता शिविर-सह-चलंत लोक अदालत (न्याय आपके द्वार) कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आमजनों को संबोधित करते हुए इसके उद्देश्यों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि अपने स्तर से हम आपके समस्याओं के समाधान का प्रयास करते है परंतु आपको भी अपने समस्या के समाधान हेतु जागरूक रहने की आवश्यकता है। लोगों के बीच सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने, आमजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने, न्याय दिलाने, रोजगार सृजन, घरेलू हिंसा से मुक्ति, बाल श्रम से मुक्ति, जीवन स्तर का उन्नयनिकरण आदि अन्य तमाम मामलों के निष्पादन के लिए प्रखंड, पंचायत वार विशेष शिविर का आयोजन कराया जाता है।प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय गढ़वा में आयोजित हुए विशेष राजस्व शिविर का उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी लिया। विशेष राजस्व शिविर में मुख्य रूप से ऑनलाईन दाखिल-खारिज, उत्तराधिकार नामांतरण से संबंधित वादों का निष्पादन, आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण से संबंधित वादो का निष्पादन, भू-लगान वसूली, सीमांकन से संबंधित वादों का निष्पादन, जमाबंदी अपडेसन (ऑनलाईन प्रविष्टि में त्रुटि सुधार इत्यादि), भू-अभिलेख में त्रुटि निराकरण, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र का निष्पादन, भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई, प्राकृतिक आपदा (वज्रपात / अतिवृष्टि/अग्निकाण्ड / सर्पदंश इत्यादि) से संबंधित मामलों का निष्पादन, सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों का निष्पादन, जाति/आय/आवासीय प्रमाण-पत्रों का निष्पादन समेत अन्य मामलो से जुडे आवेदन भी लिए गए। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया।




